फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष -2, अंक -204, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 16

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 2

## गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

## पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ




- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

**अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

**एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण** : विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

### राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

### अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा।
> – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक







## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

### मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

**अमृत विचार** : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

### सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिशः अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? –**अखिलेश यादव**

> सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे।
> –**राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

### एक नजर

#### राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

## प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।

## सेना को आपूर्ति की दवाओं में सेंधमारी

संवाददाता, आगरा



- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद
- दवा की चोरी कर नॉट फॉर सेल मिटाकर बाजार में बेच देते थे

**अमृत विचार** : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। पुलिस ने गैंग के मुख्य सरगना फरहान बेग को गिरफ़्तार किया, वह मीर जुम्मा गली, नई बस्ती, कोतवाली का रहने वाला है। उसके साथ महेंद्र कुमार उदवानी निवासी ग्वालियर-मध्यप्रदेश, नीरज राजौर निवासी नाला बूढ़ान सैय्यद-हरीपर्वत, अजय गोयल निवासी बल्केश्वर, संस्कार गुप्ता निवासी बारह भाई गली-छत्ता, प्रवेश राजपूत निवासी शेख बुलाकी-ताजगंज और राजेश भाटिया उर्फ राजा निवासी नार्थ ईदगाह कॉलोनी को गिरफ़्तार किया गया। फरहान बेग से पूछताछ से कई अहम जानकारियां मिली हैं। डीसीपी सिटी ने बताया कि फरहान बेग सेना में दवाइयों की सप्लाई के दौरान सेंधमारी को अंजाम देता था। धोखाधड़ी कर बड़ी मात्रा में दवाएं चोरी कर ली जाती थीं। उन दवाओं पर लिखे नॉट फ़ॉर सेल की चेतावनी को थिनर से मिटाकर डाई से मैन्युफैक्चरिंग की तारीख को हटा कर नई पैकेजिंग कर मन-माफ़िक दाम डाल देते थे।

## 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

## एसडीएम हटाए गए, पुलिस चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

सिलई बड़ा बवाल

- चौकी प्रभारी समेत 25 पर रिपोर्ट ,एसडीएम व तहसीलदार के हमराह भी आरोपी

**अमृतविचार** : गांव सिलई बड़ा में मंगलवार देर शाम हुए बवाल में जिलाधिकारी ने एसडीएम अमन देओल को मिलक से हटा दिया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी बड़ा गांव में तैनात चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है।

मृतक किशोर के पिता गेंदन लाल ने तहरीर देकर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार के हमराह भी आरोपी हैं। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सिपाही आदेश चौहान, सिपाही वीरेंद्र, मुतीरीन के नाम भी शामिल हैं। उधर, किशोर का शव गांव पहुंचने पर भीड़ उत्तेजित हो गई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ा। गांव सिलई बड़ा गांव में कुछ दिन पहले ग्राम समाज की भूमि पर जाटव समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी समाज के लोग विरोध कर रहे थे। मंगलवार शाम कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे थे। यहां बोर्ड को हटाने की तैयारी चल रही थी। इस बीच महिलाओं ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए । इस दौरान फायरिंग से कक्षा-10 के छात्र सुमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद सुमेश का शव गांव पहुंचा। इस दौरान गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और हंगामा किया। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एसडीएम व तहसीलदार के नाम एफआईआर में शामिल करने की मांग पर अड़े रहे।

### रामपुर जा रहे चंद्रशेखर को संभल में किया नजरबंद

**संभल।** रामपुर जनपद के सिलई बड़ा गांव में दलित युवक की गोली लगने से मौत की घटना के बाद रामपुर जा रहे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को पुलिस ने संभल में नजर बंद कर लिया। उन्हें तीन घंटे तक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में रोककर रखा गया। इस दौरान समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बुधवार सुबह को सपा सांसद डॉक्टर शफीकुर्रहमान बर्क के दफन में शामिल होने संभल पहुंचे थे। चंद्रशेखर ने समर्थकों के साथ रामपुर का रुख किया तो पुलिस ने चौधरी सराय पर उनके काफिले को रोक लिया। इस दौरान वे सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह पर भड़क गए।

> सिलई बड़ा गांव में हुए बवाल के बाद एसडीएम अमन देओल को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। मामले की जांच कराई जाएगी। –**जोगिन्दर सिंह**, जिलाधिकारी

## सड़क हादसे में मां, दो बेटे और बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई बाइक शादी से लौट रहे थे गांव

**अमृत विचार** : बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था। बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, सीओ नरैनी अम्बुजा त्रिवेदी और शहर कोतवाल एके दुबे अस्पताल पहुंचे।

## उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

गड़बड़झाला

नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

## बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

### पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति

| लाभार्थी | कुल संख्या | आधार सत्यापित |
|---|---|---|
| छह माह से तीन वर्ष के बच्चे | 95,64,960 | 94,03,642 |
| तीन से छह वर्ष के बच्चे | 87,46,648 | 85,01,542 |
| गर्भवती व धात्री महिलाएं | 28,27,486 | 27,10,595 |
| गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे | 2,24,828 | 1,90,060 |
| 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं | 2,40,972 | 2,24,328 |

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

### महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा



> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

**पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप**

# हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

HOCKEY INDIA

● 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

## एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

नई दिल्ली, एजेंसी



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।



**22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले**

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

**दुबई टेनिस चैंपियनशिप**



**दुबई, एजेंसी।** रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

### रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

**वेलिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

### नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

### प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा




**नई दिल्ली।** चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

## दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।

भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

**जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर**



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

# किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



● रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

**सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता**

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

# अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

# आरसीबी के लिए रेणुका ने मंच किया तैयार: मोलिन्यु

बेंगलुरू, एजेंसी



ऑलराउंडर सोफी मोलिन्यु ने कहा है कि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने शुरुआती विकेट चटकाकर पावर प्ले को नियंत्रित किया और अपनी स्विंग गेंदबाजी से रन गति पर अंकुश लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दोनों मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई।

आरसीबी की टीम 4 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई इंडियन्स के भी 4 अंक हैं, लेकिन आरसीबी का प्लस 1.665 का नेट रन रेट उसके प्लस 0.488 से बेहतर है और इसलिए वह शीर्ष पर है। मंगलवार रात आरसीबी ने गुजरात जाइंट्स को 7 विकेट पर 107 रन पर रोक दिया, जिसमें रेणुका ने 4 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। आरसीबी ने इसके जवाब में 12.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दूसरी जीत दर्ज की। मोलिन्यु ने कहा कि रेणुका ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। वह शुरुआत से ही गेंद को खूबसूरती से स्विंग कराती है और मुझे लगता है कि उसने दोनों मुकाबलों में हमारी जीत का मंच तैयार किया।

**गेंदबाजों का पूल बनाना चाहते हैं मजूमदार**

**बेंगलुरू।** बांग्लादेश में होने वाले महिला टी-20 विश्व कप में अब 7 महीने बचे हैं और भारत के मुख्य कोच अमोल मजमूदार उससे पहले महिला प्रीमियर लीग के जरिए तेज गेंदबाजों का पूल तैयार करना चाहते हैं। झूलन गोस्वामी के संन्यास के बाद भारत का तेज आक्रमण कमजोर हुआ है। गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर, टिटास साधु और अमनजोत कौर के पास है। मजूमदार ने कहा कि पिछली शृंखला में चार तेज गेंदबाज थे। मैं डब्ल्यूपीएल से तेज गेंदबाजों का पूल बनाना चाहता हूं।

# बॉलीवुड हलचल

## 1 मार्च को ओटीटी पर ‘पूरब के भसड़बाज’




**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

## फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म तेरा क्या होगा लवली’ का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म ‘तेरा क्या होगा लवली’ में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म ‘तेरा क्या होगा लवली’ का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म ‘तेरा क्या होगा लवली’ 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## यामी की ‘आर्टिकल 370’ का जलवा बरकरार

**नई दिल्ली।** यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

### पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे ‘एजेंडा-संचालित’ फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।



## द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत



**नई दिल्ली।** साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो ‘द साबरमती रिपोर्ट’ 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

## बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना ‘मस्त मलंग झूम’ रिलीज हो गया है। ‘बड़े मियां छोटे मियां’ में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

# मुख्यमंत्री ने भवन और परामर्श केंद्र का वर्चुअली किया लोकार्पण

## बाबा बाजार थाने के अनाआवासीय भवन का भी किया शिलान्यास


नवनिर्मित हॉस्टल का फीता काटकर उद्घाटन करते सांसद लल्लू सिंह व अन्य।


सांसद व महापौर की मौजूदगी में हुआ परियोजनाओं का शिलान्यास।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइंस के नौ मंजिले हॉस्टल, पूरा कलंदर थाने के महिला चौकी परामर्श केन्द्र का वर्चुअल रूप से लोकार्पण किया। बाबा बाजार थाने के अनाआवासीय भवन का शिलान्यास किया। इसके लिए संबंधित स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सुबह 11 बजे समारोह पूर्वक वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सांसद लल्लू सिंह ने फीता कटकर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में नवनिर्मित 150 लोगों की क्षमता के नौ मंजिल (जी+8 ) पुरुष हॉस्टल का शुभारंभ किया।

पूराकलंदर परिसर में नवनिर्मित महिला चौकी परामर्श केन्द्र का भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने औपचारिक लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की ओर से थाना बाबा बाजार के अनावासीय भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइंस परिसर में महापौर गिरिशपति त्रिपाठी, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर,एसपी देहात,मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अयोध्या के विकास के लिए सरकार कटिबद्ध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या विश्व की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में विश्वपटल पर शोभायमान रहे, यह हम सभी प्रयास है। अयोध्या के विकास के लिए सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। यही कारण है कि विस्तारित क्षेत्रों के विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जा रहा है। यह बातें बुधवार को नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहीं।


कार्यक्रम स्थल पर परियोजनाओं के लगाए गए शिलापट।

वे मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत अयोध्या धाम में 2181.80 लाख की परियोजनाओं का वर्चुअली शिलान्यास कर रहे थे। सांसद लल्लू सिंह व महापौर गिरीश पति त्रिपाठी की उपस्थिति में तिलक हाल में आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में 329.80 की लागत से बैसिंह गोशाला में नंदीशाला व कामधेनुशाला का निर्माण व 1852.00 लाख की लागत से मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत सीमा विस्तार में सम्मिलित किए गए वार्डों की 31 मार्गों के सुदृढ़ीकरण के कार्य शामिल हैं। महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या विकास के पथ अग्रसर है। अयोध्या धाम को धार्मिक नगरी के गरिमा के अनुरूप विकास करने का अभियान सतत चलता रहेगा।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय, मुख्य अभियंता राजवीर सिंह, पार्षद व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजद रहे।

# हत्या के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य गुल्लू सिंह की हत्या के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए मुख्य अभियुक्त को 10 साल कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 17,000 जुर्माना भी हुआ है। फैसला जिला गौरव कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट से बुधवार को हुआ।

प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैस्य व एडीजीसी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि घटना 20 मार्च 2008 की है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के ईट गांव निवासी जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह अपनी गाड़ी से मिल्कीपुर जा रहे थे। उमाशंकर के मकान के पास गाड़ी को ओवरटेक करके विक्की उर्फ विपिन कुमार ने रोक लिया। उसके साथ आए उमाशंकर, गिरजा शंकर व रमाकांत ने संजय को घेर कर लाठी,फरसा, बल्लम व बंदूक की बट से तब तक मारा जब तक उनकी मौत नहीं हो गई। इसकी रिपोर्ट सुनील सिंह ने दर्ज कराई थी। मामले में उमाशंकर व गिरजा शंकर को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है। विक्की उर्फ विपिन कुमार को बाल अपचारी बताते हुए जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड में अर्जी दी गई थी ।अंत में वह वयस्क घोषित किया गया। रमाकांत की मृत्यु हो गई थी इसलिए उसके खिलाफ मुकदमा खत्म कर दिया गया। सुनवाई के बाद बुधवार को विपिन कुमार को भी कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए सजा दी।



# धमकी देकर महिला से दुष्कर्म में युवक को 10 साल की कैद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विवाहिता का अश्लील फोटो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 60,000 जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने में से आधा बतौर प्रतिकर पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज यशपाल की अदालत से बुधवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय ने बताया कि हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अभियुक्त अनिल कुमार निषाद ने गांव की ही एक विवाहिता की नहाते समय अश्लील तस्वीर खींच ली। उस तस्वीर की फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। यही नहीं धमकी देकर विवाहिता से 60000 रुपये भी वसूल लिया। विवाहिता ने इसकी रिपोर्ट 21 जून 2023 को लिखाई। एक महीना दो दिन में पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। 27 अक्टूबर 2023 को आरोप बना और बुधवार को कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, हत्या की आशंका

रामपुरभगन, अयोध्या

**दुखद**

- परिवारीजनों ने दी नामजद तहरीर, कार्रवाई की मांग
- मंगलवार की शाम कुछ लोग पार्टी की बात कहकर संतोष को ले गए थे

**अमृत विचार :** तारुन थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक के परिवारीजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



तहरीर में थाना क्षेत्र के परसावां महोला गांव की रहने वाली जसपता का आरोप है मंगलवार शाम कुछ लोग पार्टी की बात कहकर उसके बेटे संतोष कुमार गौड़ पुत्र सुरेश कुमार को बुलाकर ले गए थे। रात करीब नौ बजे आसपास गांव के ही एक व्यक्ति ने सूचना दी कि तुम्हारा बेटा धर्मपुरा घूरीटीकर र्इंट भट्ठे के सामने तालाब के पास पड़ा है। हम लोग उसे सीएचसी लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### अमर स्कूल के बच्चों में दिखी वैज्ञानिक सोच


प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्रबंधक व अन्य। अमृत विचार

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर अमर पब्लिक स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक गिरीश कुमार पांडेय, निदेशक आशुतोष पांडेय व प्रधानाचार्या आकांक्षा त्रिपाठी ने किया। प्रदर्शनी में कक्षा छह से 11 तक के विद्यार्थियों ने मॉडल, चार्ट व प्रदर्शन से अपनी वानिक सोच व उर्वर बौद्धिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन कया। जिसे सभी ने मुक्त कंठ से सराहा। शिखा सिंह व जागृति सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रदर्शनी का संचालन आलोक सिंह व तारा वर्मा ने किया। प्रधानाचार्या त्रिपाठी ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### चोरी का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**अयोध्या, अमृत विचार :** गोदाम से चोरी की गई यूरिया खाद को बरामद करने के लिए आरोपी पंकज कुमार मौर्य को आठ घंटे के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अतुल पाल की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक अभियोजन अधिकारी शरद कुमार यादव ने बताया कि गोसाईगंज थाना क्षेत्र के खाद के गोदाम से यूरिया खाद की चोरी की गई थी। आरोपी पंकज कुमार मौर्य निवासी मुरीदपुर थाना गोसाईगंज ने 20 फरवरी को अदालत में आत्म समर्पण करके जेल की राह पकड़ ली ।विवेचक गुलाम रसूल ने उसे दो दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने की कोर्ट से याचना की थी। रिमांड अवधी 29 फरवरी को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक रहेगी।

### आईटीआई परिसर में रोजगार मेला दो मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** बेनीगंज स्थित राजकीय आईटीआई परिसर में दो मार्च को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन पद्मवीर कृष्ण ने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी प्रतिभाग करेगी। 18 से 23 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी जिन्होंने आईटीआई ट्रेड–वायरमैन, फिटर, इलेक्ट्रीशियन किया है। वह प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र व बायोडाटा के साथ सुबह 10 बजे से पहले पहुंच जाएं।

### लोस चुनाव के लिए वीडियो अवलोकन टीम गठित

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए वीडियो अवलोकन टीम का गठन किया गया है। रुदौली में सहायक व्यय प्रेक्षक अनिता कुमारी, मिल्कीपुर में संजय कुमार यादव, बीकापुर में डॉ. अमृता जायसवाल, अयोध्या में शान्ति भूषण चौबे व गोसाईगंज में राहुल सिंह को व्यय प्रेक्षक बनाया है।

### जिला पंचायत की बैठक छह मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला पंचायत की बैठक छह मार्च को अध्यक्ष रोली सिंह की अध्यक्षता में होगी। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी मुकेश जैन द्वारा बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है होने वाली बैठक में पिछली बैठक की कार्रवाई की पुष्टि पर विचार व श्रीराम के भव्य के मंदिर निर्माण से क्षेत्र की वैश्विक प्रतिष्ठा वर्धन के उपलक्ष्य पर चर्चा होगी। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2023–24 का पुनरीक्षित आय–व्ययक एवं वर्ष 2024–25 का मूल आय –वययक के अनुमोदन पर विचार, ननसा बाजार में स्थित जिला पंचायत की 23 रिक्त दुकानों की नीलामी प्रक्रिया हेतु प्रीमियम किराया और शर्तों के निर्धारण पर विचार होगा। वहीं जिला पंचायत डाक बंगला सिविल लाइंस के निकट भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड पेट्रोल पंप की किराएदारी के संबंध में भी चर्चा होगी।

### विज्ञान दिवस के रूप में मना चंद्रशेखर का जन्म दिवस

**बड़ागांव, अयोध्या :** शिक्षा क्षेत्र सोहावल के हाजीपुर वरसेंडी स्थित आश्रम पद्धति विद्यालय में चंद्रशेखर वेंकटरमन का जन्म दिवस बुधवार को विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य नमिता जायसवाल, शिक्षक शत्रुघ्न ने कहा कि विज्ञान की ही देन है कि आज भारत चांद पर पहुंच गया है। इस अवसर पर शिक्षक सुजीत सिंह, प्रशांत सिंह, प्रज्ञा शुक्ला, आशा, लता, बृजेश मिश्रा, शालिनी मिश्रा व आलोक सिंह सहित कई मौजूद रहे।

### बैठक में बसपा को मजबूती देने पर मंथन

**तारुन, अयोध्या :** क्षेत्र के ग्राम पंचायत आगागंज में बुधवार को आयोजित हुई बसपा की बैठक में पार्टी को मजबूत करने पर मंथन किया गया। मंडल प्रभारी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार विमल ने कहा कि कार्यकर्ता प्रतिदिन अपने–अपने पोलिंग बूथ पर संपर्क कर समाज के सभी वर्ग को पार्टी से जोड़ें ताकि पार्टी को काफी मजबूती की स्थिति में पहुंचाया जा सके। अध्यक्षता गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रविंद्र कुमार भारती व संचालन सेक्टर अध्यक्ष बाबूलाल ने किया। बैठक में वीरेंद्र कुमार गौतम, पवन कुमार मिश्रा व अनिल कुमार, सुशीला, श्यामपति, मीना देवी व राजकली समेत कई लोग मौजूद रहे।

# वीके सिंह ने भक्तों पर की पुष्पवर्षा

## अचानक अयोध्या पहुंचे केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह बुधवार को अचानक अयोध्या पहुंच गए। उन्होंने अयोध्या कैंट स्टेशन पर गाजियाबाद से आई आस्था स्पेशल ट्रेन के यात्रियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। उन्होंने बताया कि उनका दो जगहों पर कार्यक्रम लगा था। इसलिए उनकी बेटी खुद ट्रेन से श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या पहुंची है।



अयोध्या कैंट स्टेशन पर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करते वीके सिंह। अमृत विचार

वीके सिंह ने बताया कि गाजियाबाद से करीब 1500 राम भक्त अयोध्या पहुंचे हैं। भक्तों में रामलला का दर्शन करने के लिए गजब का उत्साह है। उन्होंने बताया कि मैंने ही गाजियाबाद से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अब गुरुवार को यहां से श्रद्धालुओं को रवाना भी करूंगा। राज्यसभा चुनाव में सपा की क्रॉस वोटिंग के मामले में कहा कि सभी को भाजपा की विचारधारा से लगाव है।

अगर उन विधायकों ने अपने प्रत्याशियों को वोट नहीं दिया तो मान कर चलिए वह भी चाहते हैं देश का विकास हो। गठबंधन तो कई बार बने।

2019 में भी गठबंधन हुआ था, लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। भाजपा अपने आप में सक्षम है। भाजपा का कार्यकर्ता जिस दिन चुनाव खत्म होता है उस दिन से अगले चुनाव की तैयारी में जुट जाता है।

## स्वच्छता अभियान का सच



महानगर की सफाई व्यवस्था देखना है तो गली कूचों में आइए। मुख्य मार्ग तो भले ही स्वच्छ हों लेकिन नगर की गलियों की हालत बदतर है। पहली तस्वीर नगर कोतवाली के पीछे की है जहां जलभराव और गंदगी साफ दिख रही है। दूसरी तस्वीर नेवातीपुरा मार्ग की है जहां कूड़ा डंप पड़ा है। आने–जाने वाले नाक पर रुमाल रखने को मजबूर होते हैं। फोटो : प्रशांत शेखर

**रामोत्सव**

## अवध की होली में सराबोर हुए दर्शक, लखनऊ, उत्तराखंड और उज्जैन के कलाकारों ने पेश किए कार्यक्रम

# रामकथा पार्क में बरसा भक्ति का रंग, सभी लोग हुए आनंदित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामकथा पार्क में भक्त रामरंग की होली में सराबोर होते रहे। मर्यादा और भक्ति का संगम सुर, ताल के साथ अवध की होली ने सभी को आनंदित किया।

लखनऊ की निधि श्रीवास्तव और उनके दल ने मंगलवार शाम रामोत्सव में होली खेलत अवध के नर नारी,से राम सिया की होली का आरंभ किया। इसके बाद होली खेलत अवध में श्रीराम, लखन सिया के संग और होली खेल रही सिया सरकार,प्रेम रंग बरस रहा पर भाव नृत्य किया।



रामकथा पार्क में आयोजित रामोत्सव में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार


अवध की होली के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

उत्तराखंड के कलाकारों ने पहाड़ों पर कठिन जीवन शैली को सरलता से जीने की राह बताते हुए घसियारी नृत्य किया । इसके बाद पहाड़ों की निश्छलता को व्यक्त करता लोक नृत्य मैं पहाड़न,मेरा देश पहाड़ी सभी को मुग्ध कर गया। इस दल की 75 वर्षीय सुषमा का नृत्य प्रेरक रहा। उज्जैन से आए लोक गुंजन के कलाकारों ने लोक गीत डाक बाबू पर नृत्य करके भगवान राम के दरबार में अपनी प्रार्थना की। इसके बाद ढोल की धुन पर पारंपरिक राजस्थानी नृत्य किया।

नमामी भक्त वत्सलम पर भाव नृत्य प्रस्तुत अनेष रावत और उनके दल ने प्रस्तुत किया। राम भजो पर मिताली वर्मा,वर्तिका और सोनम ने राम वंदना प्रस्तुत करके कथक के जादू में सभी को बांध लिया। राजस्थान से आए कैलाश नारायण और दल के कलाकारों ने चकरी नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। कलाकारों का सम्मान कार्यक्रम समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।

# अब क्रिटिकल केयर यूनिट बचाएगी गंभीर रोगियों की जान, निर्माण शुरू

## 50 बेड की रहेगी सुविधा, दिल्ली-लखनऊ जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत



राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज। अमृत विचार



पत्रकारों को संबोधित करतीं चिकित्सक। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में आने वाले दिनों में क्रिटिकल केयर यूनिट बनकर तैयार हो जाएगी। दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के परिसर में इसका निर्माण शुरू हो गया है। इस यूनिट के तैयार होते ही किडनी, लीवर व अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को दिल्ली और लखनऊ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यूनिट की एक ही छत के नीचे गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज हो सकेगा।

मेडिकल कॉलेज के पुराने ट्रॉमा सेंटर के पास बने ऑक्सीजन प्लांट के निकट 2376 स्क्वायर फीट की भूमि पर यूनिट को तैयार की जा रही है। कार्यदायी संस्था यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से 20 फरवरी को निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है। 16.46 करोड़ की लागत से बनने वाले क्रिटिकल केयर यूनिट में 50 बेड की सुविधा रहेगी। इसमें भूतल और उसके ऊपर दो और मंजिला तैयार किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार इस यूनिट में भूतल पर रेड और यलो जोन होगा। प्रथम तल पर आइसोलेशन वार्ड, डायलिसिस यूनिट और पैथ लैब बनाए जाने की योजना है। इसके अलावा दूसरे तल पर आईसीयू वार्ड बनाया जाएगा।

**शिविर में 120 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण: अयोध्या** लखनऊ मेदांता हॉस्पिटल और कौशल केयर चाइल्ड सेंटर के सहयोग से सिविल लाइंस में एसबीआई के पास बुधवार को आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में करीब 120 बच्चों की जांच की गई। पीडियाट्रिक कॉर्डियोलॉजी डॉ. रोली श्रीवास्तव ने बताया कि बच्चों में हृदय रोग का पता लगाने के लिए इस तरह के शिविर महत्वपूर्ण होते हैं। पीडियाट्रिक सर्जरी और यूरोलॉजी की डॉ. अन्वेशा चक्रवर्ती ने कहा कि पेशाब और आंतों के विकास संबंधी समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को जांच के लिए सुझाव दिया गया। एसोसिएट कंसल्टेंट न्यूरोलॉजी डॉ. रिचा तिवारी ने बताया किअगर छोटी उम्र में ही मिर्गी के दौरे जैसी बीमारी पकड़ में आ जाती है तो उसे ठीक किया जा सकता है। उधर, इस मामले में यूपी सिडको के अधीक्षण अभियंता जगपाल वर्मा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज परिसर में यूनिट के निर्माण का कार्य शुरू करा दिया गया है। फंड हमें मेडिकल कॉलेज की तरफ से ही मिलना है।

### आसपास के आठ जिलों को मिलेगा लाभ

क्रिटिकल केयर यूनिट संभवता अगले वर्ष मई 2025 में बनकर तैयार हो जाएगी। इससे आसपास के आठ जिलों के मरीजों को लाभ मिलेगा। इस यूनिट में गंभीर रूप से बीमार रोगियों को रखा जाएगा। उनकी देखभाल विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी ही करेंगे। मरीज के स्वास्थ्य की समय-समय पर निगरानी की जाएगी। मरीजों को 24 घंटे की कड़ी देखभाल में रखा जाएगा।

### मार्च में हो सकती है कैंसर यूनिट बनाने की घोषणा

मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने के साथ ही कैंसर यूनिट बनाने की भी गत वर्ष चर्चा शुरू हुई थी। क्रिटिकल केयर यूनिट का निर्माण शुरू होने के बाद अब कैंसर यूनिट बनाने की मांग ने भी जोर पकड़ लिया है। मेडिकल कॉलेज केजुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सांसद लल्लू सिंह के बुलावे पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया अयोध्या दौरे पर पहुंच सकते हैं। बताया जा रहा है कि वह मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वह अयोध्या को कैंसर यूनिट का तोहफा दे सकते हैं।

### ये होंगी सुविधाएं

क्रिटिकल केयर यूनिट में सेंट्रल लैब, रेडियोलॉजी, अल्ट्रासाउंड, इंजेक्शन और प्लास्टर रूम, वन स्टाप सेन्टर, न्यू बॉर्न क्रिटिकल एरिया, स्टाफ और कंट्रोल रूम, वेटिंग एरिया आदि बनाया जाएगा। प्रथम तल पर 24 बेड का आइसोलेशन वार्ड, दो बेड का डायलिसिस यूनिट, कैथ लैब, प्रोसीजर और ड्यूटी रूम बनेगा। द्वितीय तल पर 12 बेड का आईसीयू वार्ड बनाया जाएगा।

# अस्पताल से देर से मिल रही ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट

## निजी पैथ लैब्स की बल्ले-बल्ले, फायदा उठा अस्पताल से कर रहे ब्लड कलेक्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अभी तक जिला अस्पताल से बाहरी दवाएं लिखने का मामला चर्चा में रहता था, अब बुधवार को जिला अस्पताल से ब्लड टेस्ट की रिपोर्ट देर से मिलने का लाभ भी निजी लैब वाले उठाते दिखे। यहां भर्ती मरीज की जांच के लिए ब्लड कलेक्शन करने पहुंचे थे।

गद्दोपुर के गद्दरही बाजार निवासी हजमत अली ने बताया कि उन्होंने तीन दिन पहले अस्पताल में हाइड्रोसील का ऑपरेशन कराया था। ऑपरेशन के बाद शुगर लेवल बढ़ गया था। चिकित्सक ने दवाएं दी तो शुगर काफी घट गया था। इस बीच उनकी तबीयत बिगड़ गई। शुगर लेवल की जांच कराने आरडीसी गए तो पता चला कि अभी सर्वर डाउन है। दूसरे दिन गए तो पता चला कि फास्टिंग पीपी की रिपोर्ट ब्लड देने के दूसरे दिन मिलेगी। ईएनटी वार्ड में भर्ती हजमत अली ने बताया कि अगर सरकारी रिपोर्ट का इंतजार करेंगे तो इलाज ही नहीं मिल पाएगा। इस दौरान उन्हें अस्पताल में एक प्राइवेट लैब कर्मी मिला। जिससे उन्होंने शुगर की जांच कराई। बताया कि कर्मी ने 50 रुपये लिए हैं और एक घंटे के अंदर रिपोर्ट देने की बात कही है।


ब्लड कलेक्शन करने पहुंचा निजी लैब का कर्मचारी। अमृत विचार

> हमारे यहां जांच का लोड अधिक है। जल्द ही इंटीग्रेटेड लैब चालू हो जाएगी। उसके बाद रिपोर्ट जल्दी मिलने लगेगी। बाहरी लैब वालों का ब्लड कलेक्शन करना गलत है। मामले की जांच कराई जाएगी।
> **-डॉ. एनपी गुप्ता,** सीएमएस जिला अस्पताल

### विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे उत्कृष्ट शोध : प्रो. दिनेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारत में खगोल विज्ञान, नवीकरणीय ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष अनुसंधान में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध हो रहे हैं। विज्ञान के क्षेत्र में आनंद मोहन चक्रवर्ती, डॉ. अशोक पांडे व वाष्णेव का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ये बातें गोरखपुर विश्वविद्यालय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. दिनेश यादव ने बुधवार को कहीं। वो अवध विश्वविद्यालय में स्वदेशी तकनीकी की आवश्यकता एवं विकसित भारत विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। विवि के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग एवं माइक्रोबायोलोजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया व विज्ञान भारती, अवध प्रान्त लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान हुए आयोजन में उन्होंने बताया कि विज्ञान के क्षेत्र में सीमित संसाधनों में भी उत्कृष्ट शोध कार्य किया जा सकता हैं।

# एलएलबी की परीक्षा में नकल करते पकड़े गए 98 छात्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा में दूसरे दिन बुधवार को दो पालियों में 98 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते धरे गए।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि प्रथम पाली की परीक्षा में सिटी लॉ कालेज, बाराबंकी में सचलदल की सघन तलाशी में 21 व अवध लॉ कॉलेज में चार परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए। उन्होंने बताया कि सचलदल की सघन तलाशी अभियान के दौरान परीक्षार्थियों में पूरी तरह से हड़कंप मच गया था। चारों ओर अफरातफरी का माहौल हो गया था। उधर, द्वितीय पाली की परीक्षा में टीआरसी लॉ कॉलेज बाराबंकी में 27, जस्टिस लॉ कॉलेज में पांच, अवध लॉ कॉलेज में एक व सीटी लॉ कॉलेज में 40 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए। यहां भी तेजी से कार्रवाई की गई जिससे परीक्षार्थियों में हड़कंप मचा रहा। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों में नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

### सामूहिक नकल मामले में जांच समिति गठित

सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी परीक्षा केंद्र पर मंगलवार एलएलबी की परीक्षाओं में सामूहिक नकल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले को कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने जांच समिति का गठन किया। समिति में विधि संकायाध्यक्ष प्रो. एके राय एवं पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को नामित किया है। कुलपति ने नकल विहीन परीक्षा के लिए सिटी लॉ कॉलेज में दो पर्यवेक्षक तैनात किए। इनकी निगरानी में 29 से लेकर पांच मार्च तक दो पालियों की परीक्षा शुचिता के साथ सम्पन्न कराई जाएगी।

# तैयारी: भौतिक सत्यापन के लिए आएगी सीआरपीएफ

कार्यालय, अयोध्या

**अमृत विचार :** लोकसभा महासमर 2024 की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई लेकिन चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रशासनिक मशीनरी तैयारियों में जुटी हुई है।

पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था एल आर कुमार की ओर से जारी पत्र के अनुसार लोकसभा चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बल की कंपनियों के 200 रोडवेज बसों की आवश्यकता है। ऐसे में इनकी आवश्यकता पर पूरा-पूरा जोर दिया जा रहा है। यह बसें ड्यूटी में लगाई गई सीआरपीएफ कंपनियों के वापस जाने तक उनके साथ रहेंगीं। ताकि बनाई गई व्यवस्था में किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न हो सके।

उधर, रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन का कहना है कि मुख्यालय के निर्देश पर डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को नोडल अधिकारी नामित कर मांग के अनुरूप अपने डिपो से बसें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी कीमत पर इसमें लापरवाही नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने डिपो से बसों को ससमय उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

### पहले चरण में आठ और दूसरे में दो बसों की लगी ड्यूटी

क्षेत्रीय भौगिलिक अध्ययन के लिए आ रही केंद्रीय अर्धसैनिक बल के लिए परिक्षेत्र के विभिन्न डिपो से पहले चरण में आठ और दूसरे चरण में दो रोडवेज बसों की ड्यूटी लगाई गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक की ओर से पहले चरण में अयोध्या डिपो, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और अमेठी डिपो से दो-दो और दूसरे चरण में अयोध्या डिपो से दो बसों को समन्वय बनाकर जनपद पुलिस और प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# निश्चित समय में मानसिक विकार की करें पहचान

## अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर बुधवार को 19वीं एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

जिला चिकित्सालय के मनो चिकित्सक डॉ. मुकेश पाठक ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के मानसिक विकार की पहचान समय रहते की जा सकती है। निश्चित समय में ऐसे व्यक्ति का उपचार कर समाज के साथ पुनः सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। सिफ्सा एवं एनएचएम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला में नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मानसिक विकार के लक्षणों की पहचान कर इलाज पर जोर दिया। डॉ. प्रज्ञा पांडे ने बताया कि मानसिक तनाव यदि एक नियत समय से अधिक समय तक व्यक्ति के अंदर रहा तो निश्चित तौर पर वह व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ हो जाएगा। संचालन पल्लव पांडे व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया। कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले 50 से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वतंत्र त्रिपाठी, सीमा तिवारी, आलोक कुमार, माधवेंद्र प्रताप सिंह, पल्लवी पांडे, स्मिता अग्रवाल सुविधा बाजपेई सहित अन्य उपस्थित रहे।


कार्यशाला में प्रमाणपत्र के साथ प्रतिभागी व अन्य। अमृत विचार

# शिक्षकों-शिक्षामित्रों को दिया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और शिक्षा मित्र। अमृत विचार

**अयोध्या कार्यालय:** ब्लॉक संसाधन केंद्र बीकापुर में आयोजित चार दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रशिक्षण में शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी ली। तीसरे चरण में 100 शिक्षकों और शिक्षामित्रों को बुधवार को प्रशिक्षित किया गया। इनमें से 50 - 50 शिक्षकों के बैच में दो कक्षों में संदर्भदाताओं द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किए गए।

इससे पूर्व दो चरण में 150 शिक्षक और शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित किया गया था। एफएलएन प्रशिक्षण के अंतर्गत ब्लॉक के प्राथमिक स्तर के विद्यालयों के सभी शिक्षक और शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित जाना है। प्रशिक्षण में विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को उनके निर्धारित लर्निंग आउटकम की स्थिति पर लाने की संदर्भदाताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां साझा की गई। प्रशिक्षण के प्रथम व द्वितीय दिवस में बच्चों के अंदर भाषा की न्यूनतम दक्षता प्राप्त करने के लिए शासन के माध्यम से शिक्षकों के लिए जारी शिक्षक संरचना का उपयोग करते हुए बच्चों को सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना का प्रयोग करने के लिए बताया गया। संदर्भदाता सचिन त्रिपाठी, पुनीत सिंह रामनरायण वर्मा, राहुल प्रजापति, सुजीत सिंह ने शासन द्वारा जारी 25 साप्ताहिक कैलेंडर के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने की गतिविधियां और आकलन की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव ने सम्बोधन दिया। प्रशिक्षण में लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, मनोज मौर्य, अनूप द्विवेदी, मो. आरिफ, भीम यादव आदि रहे।

### प्रशिक्षण समाप्त, एआरपी का सम्मान

**अयोध्या :** सोहावल के अरकुना में निपुण भारत के अंतर्गत बुनियादी भाषा और गणित शिक्षक - प्रशिक्षण का बुधवार को समापन हुआ। प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा के नेतृत्व और ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष सिंह द्वारा प्रशिक्षण दे रहे एआरपी को सम्मानित किया गया। एआरपी डॉ. दिनेशकांत पांडेय, राम तीरथ वर्मा, पवन दुबे, संजय चौधरी, दीपक शुक्ला को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अनूप, प्रशांत सिंह, विशाल पांडेय, विवेक श्रीवास्तव, गीता निहारिका गुप्ता रहीं।

### मुस्लिम बंदी ने रामलला को समर्पित किया मेहनताना



**अयोध्या कार्यालय :** भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को फतेहपुर जेल में निरुद्ध मुस्लिम बंदी जियाउल हसन ने झाड़ू लगाने के बदले मिले मेहनताने से डेढ़ महीने की कमाई को समर्पित किया है। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वीकार करते हुए खाते में जमा भी कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि जियाउल हसन पुत्र सिराज हसन फतेहपुर के रामजानकी पुरम का रहने वाला है। बंदी के आग्रह पर जेल अधीक्षक ने 1075 रूपये का चेक बनवाकर कारसेवकपुरम भेजा है। यह चेक प्राण प्रतिष्ठा से पहले जनवरी में ही जारी किया गया है।

# बायोफ्लॉक विधि से करें मछली पालन

**मत्स्य पालन, प्रबंधन एवं नवीनतम तकनीकियां विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू**

कुमारगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** जलचर पर्यावरण को संतुलित रखने में मछली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बायोफ्लॉक और रिसकुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम मछली पालन की एक नवीनतम तकनीक है, जिसमें मत्स्य किसान कम जगह और कम पानी में अधिक से अधिक मछली का उत्पादन कर सकता है।

ये बातें आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने बुधवार को कहीं। वो मत्स्य पालन, प्रबंधन एवं नवीनतम तकनीकी विषय पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मात्स्यिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एके गंगवार ने बताया कि मत्स्य किसानों तक आधुनिक तकनीक को पहुंचाने के लिए उन्हें बायोफ्लॉक और आरएएस तकनीक का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। संयोजन डॉ. एसके वर्मा, संचालन डॉ. सुनील कांत वर्मा ने किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षक, कर्मचारी व किसान मौजूद रहे।


शिविर में पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

# राजनीतिक कारण से विभाजित हुआ अखंड भारत

**पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने किए रामलला के दर्शन**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अखंड भारत के लिए 18 राज्यों की यात्रा पर निकले पूर्वाम्नाय गोवर्धन मठ पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज 15 प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के साथ बुधवार को अयोध्या पहुंचे। हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के बाद पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भारत का एक-एक नागरिक दुनिया को ज्ञान देने में सक्षम रहा है। इसलिए भारत विश्व गुरु कहलाता है। हमारा अखंड भारत का जो भूभाग विभिन्न राजनीतिक कारणों से विभाजित हो गया था, उसे एक बार फिर से सांस्कृतिक और आध्यात्मिक तौर पर एक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसको लेकर अखंड भारत की यात्रा जारी है। अब राजनीतिक स्तर से भी इसका प्रयास होंगे। उन्होंने बताया कि अखंड भारत के वो अब तक नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड, कंबोडिया की यात्रा कर चुके हैं। अब मार्च महीने से 12 देशों की यात्रा शुरू करेंगे। जब से राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तब से दुनिया में देश के संस्कृति और सभ्यता का सम्मान बढ़ गया है। यह एक बहुत बड़ा संकेत है।


पत्रकारों से वार्ता करते जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज।

### रामपथ किनारे जंक्शन बॉक्स में लगी भीषण आग

**अयोध्या, अमृत विचार :** अमानीगंज विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र स्थित रामपथ किनारे बुधवार देर रात को एक जंक्शन बॉक्स में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया है। बताया गया कि रामपथ निर्माण के तहत बिजली के तारों को अंडरग्राउंड किया गया है और स्थानीय लोगों को बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए कनेक्शन देने के लिए जगह-जगह जंक्शन बॉक्स स्थापित किये गए हैं। बुधवार को सड़क किनारे स्थित न्यू वे एकेडमी स्कूल के बगल स्थापित जंक्शन बॉक्स में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं तो लोगों ने जानकारी विभाग और अग्निशमन को दी। फायर दस्ते के मौके पर पहुँचने के पूर्व स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया, हालंकि जंक्शन बॉक्स और उसमें लगी केबिल आग की भेंट चढ़ गई। लोगों का आरोप है कि कई दिनों से शार्ट सर्किट हो रही थी, जिसकी शिकायत की गई थी।

# राम मंदिर : मंडप उत्सव के 38 वें दिन स्थापित किए चार रजत कलश


रामलला को समर्पित की गई स्वर्ण माला।


अनुष्ठान करते वैदिक आचार्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद शुरू हुए मंडप उत्सव के 38 वें दिन बुधवार को वैदिक आचार्यों ने विधि विधानपूर्वक चार रजत कलश स्थापित किया। अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन पूजन-अर्चन, रामार्चा का पाठ और हवन कुंड में वैदिक मंत्रों के बीच आहुतियां डाली जा रही हैं। इसके अलावा रामलला की रजत प्रतिमा को प्रतिदिन परिसर भ्रमण भी करा जा रहा है। कर्नाटक के कन्नड़ जिले के कूमटा के चार्टर्ड अकाउंटेंट योगीश कामथ शामिल हुए। पूजन के बाद उन्होंने पेंडेंट लगी 110 ग्राम की एक स्वर्ण माला समर्पित की।

### लूट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या कार्यालय:** रौनाही थाना व एसओजी की टीम ने एक सप्ताह पूर्व हाईवे पर हुई पान मसाला और जर्दा लूट मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात में प्रयुक्त डीसीएम व करीब 20 लाख रुपये का पान मसाला व जर्दा बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक देहात एके सोनकर ने बताया रौनाही थाना प्रभारी पंकज सिंह व एसओजी प्रभारी अमरेश त्रिपाठी की टीम ने हापुड़ निवासी शहजाद को गिरफ्तार किया है। उससे डीसीएम और एक सप्ताह पूर्व हाईवे पर लूटे गए पान मसाला तथा जर्दा में से लगभग 20 लाख रुपये कीमत का सफेद बोरे में पैक 80 पीस पान मसाला और 29 पैक जर्दा बरामद किया है।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैंसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### मारपीट के मामले में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। सरसों काट कर नुकसान पहुंचाने के विवाद में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने घटना के तीसरे दिन तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला थाना इब्राहिमपुर क्षेत्र के ग्राम अवसानपुर का है। अनीता पत्नी कल्लू निषाद ने बताया कि विद्या सागर, हनुमान व संजय ने मेरी सरसों की फसल को बीते 26 फरवरी को काट कर बर्बाद कर दिया है। इस संबंध में पूछने पर गाली धमकी देते हुए मारा पीटा। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### अलग-अलग मामलों में चार अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। थाना अहिरौली क्षेत्र में चार अभियुक्तों को अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव ने एनडीपीएस एक्ट में वारंटी अभियुक्त रघुनाथ मौर्य पुत्र वंशराज निवासी मल्ही विश्वनाथपुर थाना अहिरौली को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव ने वारंटी अभियुक्त साहिल यादव पुत्र मोहन यादव निवासी रामपुर हरि प्रतापपुर चमोरखा थाना अहिरौली को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार खरवार ने वारंटी अभियुक्त जियाराम पुत्र सुकन निवासी असगवां थाना अहिरौली को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार खरवार ने वारंटी अभियुक्त अरुण कुमार पुत्र सूर्यपाल यादव निवासी महमदपुर थाना अहिरौली को गिरफ्तार किया है।

### 131 नहरों की टेल तक पहुंचा पानी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जहांगीरगंज राजवाहा जनपद का सबसे बड़ा राजवाहा नहर है। इसकी कुल क्षमता 610 क्यूसेक है। पानी छोड़े जाने से किसानों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी। राजवाहा से जुड़ी समस्त नहरों, 43 नहरों सहित जहांगीर गंज राजवाहा नहर पुनरू टेल फीड किया गया। जनपद की समस्त 131 नहरों की टेल भाग में पुनरू पानी पहुंचाया गया है। जहांगीरगंज राजवाहा नहर के टेल भाग में पुनरू पानी पहुंचाया गया। जिससे उक्त समस्त नहरों से जुड़े कृषक बंधु के खेतों की सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। बुधवार को साइबर थाने को बड़ी सफलता मिली है। साइबर क्राइम कर रहे बंटी और बबली को टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों जनपद में काफी दिनों से सक्रिय थे और ऑनलाइन ठगी करते थे। दोनों दुकान पर जाते थे और खरीददारी करके फोन-पे के माध्यम से पेमेंट करते थे। लेकिन दुकानदार के खाते में पैसा पहुंचता ही नहीं था। लेकिन यह लोग एक एप के माध्यम से पेमेंट सक्सेजफुल दिखा कर वहां से रफू चक्कर हो जाते थे। बाद में दुकानदार को पता चलता था कि उसके साथ फ्राड हो गया है। विवेक नाम के एक युवक ने इनकी शिकायत साइबर थाने में की थी। जिसकी जांच पड़ताल चल रही थी और बुधवार को ही साइबर थाने की टीम को सफलता मिल गई और बंटी और बबली जिनका सही नाम विपिन पांडेय और आरती है उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# एमएलसी ने 126 प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बांटे नियुक्ति-पत्र

## जनपद में 2023-24 के स्वीकृत 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया शिलान्यास

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


आंगनबाड़ी केंद्रों के शिलान्यास कार्यक्रम में मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में सीडीओ अनुराज जैन।


आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देते एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व साथ में सीडीओ अनुराज जैन।

अमृत विचार। जनपद के 126 प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण और 2023-24 के स्वीकृति 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों, अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे मनोयोग से देखा गया। मुख्यमंत्री ने सहायिका के रूप इनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गई और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रसारण के दौरान एक लघु फिल्म दिखाया गया। मिशन रोजगार के तहत प्रदेश में 3077 नव चयनित, प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति पत्र वितरण और 173 करोड़ की लागत से 31 जनपदों में 1459 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया। एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष और मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद के 126 प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही साथ 41 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास भी किया गया। इस दौरान मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, डीपीआरओ, सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौके पर उपस्थित रहे।

### लाभार्थियों को समय से मिल रहा योजनाओं का लाभ : एमएलसी

एमएलसी ने कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को समय से दिया जा रहा है। उन्होंने 126 प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई दी और इसके लिए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को धन्यवाद भी दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के सोच का प्रतिफल है। साथ ही साथ मुख्य विकास अधिकारी ने भी प्रोन्नत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में चार युवक गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। किशोरी के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। किशोरी युवती ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते दिवस बाजार से मैं घर जा रही थी तभी रास्ते में छेड़छाड़ करते हुए मोबाइल नंबर मांगने लगे विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। किशोरी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया। मुखबिर की सूचना पर सलाहुद्दीनपुर चौराहे पर बुधवार की सुबह उपनिरीक्षक हवलदार सिंह यादव, हेड कांस्टेबल विनोद प्रचेता, मो.रसूल व धनंजय यादव ने आरोपी अनमोल सिंह, रजत सिंह, कल्लू उर्फ नितीश गुप्ता निवासी जगतूपुर बिल्टई तथा विनीत कुमार निवासी ताहापुर थाना मालीपुर को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायालय भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### नौनिहालों की कम उपस्थिति पर बीईओ नाराज


प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक में मौजूद प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह।

जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मीनाक्षी सिंह ने प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक समीक्षा बैठक किया। उन्होंने विभागीय कार्यों की समीक्षा भी किया। बीईओ ने विद्यालयों में अन्य दिनों की अपेक्षा नौनिहालों की कम उपस्थिति मिलने, कक्षा-कक्ष में प्रिंट रिच मैटेरियल का उपयोग नहीं करने पर गहरी नाराजगी जताई। बैठक के दौरान यू-डायस अपडेशन डीबीटी पर सीडेड व अनसीडेड का निस्तारण, आपरेशन कायाकल्प, विद्यालय में रैम्प, रेलिंग, स्मार्ट क्लास और मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन समेत अहम बिंदुओं की समीक्षा किया। बैठक में शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेश यादव, मित्रसेन वर्मा, किरन चैधरी, संजय सिंह, अनिल यादव, निशात अहमद, अलकमा, राजेश वर्मा, सुहैल अहमद, राजाराम वर्मा, अरविंद यादव समेत तमाम शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### जनपद में साइबर थाने का हुआ वर्चुअली लोकार्पण


साइबर थाने के उद्घाटन के दौरान मौजूद एमएलसी व साथ में एसपी।

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार। साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए एक अलग थाना जनपद में बनाया गया है। जिसमें सिर्फ साइबर क्राइम और फ्राड के मामले देखे जाएंगे। बुधवार को जिला मुख्यालय पर सीएम योगी ने वर्चुअल उद्घाटन किया। सीएम ने थाना कोतवाली अकबरपुर अंतर्गत पुरानी तहसील अकबरपुर स्थित साइबर थाना का वर्चुअली उद्घाटन किया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ एसपी डॉ. कौस्तुभ व क्षेत्राधिकारी नगर सुरेश मिश्रा, क्षेत्राधिकारी भीटी शुभम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजीव कुमार राय व अन्य अधिकारी और कर्मचारी द्वारा कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र अंतर्गत पुरानी तहसील स्थित साइबर थाना पर उपस्थित रहकर उक्त कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को देखा गया। एमएलसी हरिओम पांडे ने कहा कि इसके बन जाने से साइबर मामलों में काफी रोक लगेगी।

### 80 लाख रुपए से होगी 11 गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना


अविनाश सिंह, जिलाधिकारी।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में जनपद में लगातार विकास के लिए अनेक कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीएम के प्रयास से चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में गौ संरक्षण केंद्र की स्थापना योजना के तहत शासन द्वारा वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन द्वारा प्रदेश में कुल 11 गौ संरक्षण केंद्रों की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें जनपद के तहसील अकबरपुर ग्राम सस्पना में गौ संरक्षण केंद्र की स्थापना किए जाने के लिए जनपद को 80 लाख रुपए की धनराशि प्राप्त हुई है।

# संस्कारों से सामाजिक विकास है संभव : बीईओ

▸▸ धूमधाम से मना उच्च प्राथमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव

आलापुर, अंबेडकरनगर।


वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

अमृत विचार। उच्च प्राथमिक विद्यालय जहांगीरगंज में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्रों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि परिषदीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव के आयोजन से नौनिहालों का चतुर्दिक विकास होता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश आवश्यक है, क्योंकि संस्कारों के माध्यम से व्यक्तिगत और सामाजिक विकास संभव है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील कुमार नें शिक्षा की दिशा में विद्यालय द्वारा जो प्रयास किया जा रहा है वह बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र प्रिया, अंशुमा, मोनी, देवेश्वरी, आर्या, किशन, तृश्रा समेत कई अन्य छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर अंकित पांडे, अखिलेश सिंह, अजय पांडे, रामकेवल यादव, आरपी केसी मिश्रा, शिवाकांत यादव, अशोक तिवारी, इशरावती देवी, पुष्पेन्द्र दूबे, रामअवतार, सीमा मौर्य, बृजेश, अवधेश, अशोक मौर्य, श्रवण कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे। अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुमन पांडे ने आगंतुकों के प्रति व्यक्त किया।

# किसानों की आय दोगुनी करने को सरकार है प्रयत्नशील : सुभाष राय

जलालपुर, अंबेडकरनगर।


कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुभाष राय व अन्य।

अमृत विचार। ब्लॉक परिसर में कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण और कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक सुभाष राय, सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय आदि ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान किसानों और अतिथियों ने प्रधानमंत्री मोदी का लाइव भाषण सुना और देखा गया। मुख्य अतिथि सुभाष राय ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार प्रयत्नशील है और कई योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव ने कहा कि आज पीएम ने किसानों को जैविक खाद के प्रयोग पर जोर दिया है। कार्यक्रम को संयुक्त वीडियो पवन कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष रणविजय सिंह, सहकारी बैंक अध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कृषि गोदाम प्रभारी विनीत वर्मा और अध्यक्षता एडीओ कृषि अशोक कुमार सिंह ने किया। मौके पर राम फेर, अनुभव, अमरनाथ, प्रधान अमरेश कुमार समेत कई किसान मौजूद रहे।

## अधिकारी समय से फीड कराएं डाटा : डीएम


सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीएम।

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर। अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन भी विभागों में निर्माण कार्य चल रहे हैं। उसके संबंध में जानकारी और कार्यदाई संस्था का नाम उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिससे संबंधित कार्यों के संबंध में समीक्षा की जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ ही पोर्टल पर डाटा समय से फीड कराने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, निराश्रित गोवंश को संरक्षित करना, चिकित्सकों की उपलब्धताए, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश, सामाजिक वनीकरण, दुग्ध समितियों का गठन व पुनर्गठन, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत अवस्थापना सुविधाओं का संतृप्ति करण, कौशल विकास मिशन आदि की समीक्षा बिंदुवार की गई।

# जनता का माल लूटने वालों के यहां जा रही है सीबीआई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


पत्रकारों से बात करते सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर।

अमृत विचार। जनपद पहुंचे सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि खनन मामले की जांच में जिनका नाम आया था। सीबीआई और ईडी उन्हीं के यहां जा रही है, जो जनता का माल लूट कर बैठे हैं। उन्होंने मुस्लिम नेताओं को भी आड़े हाथ लिया। ओपी राजभर ने कहा कि नैतिकता किसी में नहीं बची है, सब अवसरवादी हैं। ओपी राजभर जनपद में पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर बुधवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। जहां उन्होंने मीडिया के सवालों का खुलकर जवाब दिया। सपा मुखिया अखिलेश यादव को सीबीआई द्वारा जारी की गई नोटिस के सवाल पर उन्होंने कहा कि सीबीआई एक स्वतंत्र एजेंसी है। जब खनन मामले में सीबीआई जांच कर रही थी तो इसमें अखिलेश यादव का नाम आया हुआ है। सीबीआई अपना कार्य कर रही है, वह एक स्वतंत्र एजेंसी है। सीबीआई ओम प्रकाश राजभर के यहां क्यों नहीं जाती, ईडी क्यों नहीं जाती है। अरे जिसके पास माल होगा, उसी के यहां तो जांच होगी हमारे यहां थोड़े जांच होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या : ETender-GSU-TRD-L16-23-24 दि. 26.02.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति-शक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :
क्र. सं. : 01, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के वाराणसी सिटी यार्ड में नये एफओबी और सीओपी (पी.पी. शेल्टर) का निर्माण कार्य में आ रहे अवरोधों को हटाने से सम्बंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. : ETender-GSU-TRD-L16-23-24, कार्य का अनुमानित लागत रुपया में : 1,54,59,839.43, धरोहर राशि रुपया में : 2,27,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में : शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 19.03.2024 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि : 6 माह।
• खुली ई-निविदा दिनांक 19.03.2024 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति
मुजाधि/विद्युत-284 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना संख्या
एस एण्ड टी/कान/ई-टेंडर/04/2024
मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-टेंडर के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेंडर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते हैं। निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण: एस एण्ड टी/कान/ई-टेंडर/04/2024; कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के बहराइच, रिसिआ एवं नानपारा स्टेशन पर बहराइच-नानपारा-नेपालगंज आमान परिवर्तन कार्य के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली कार्य के परिप्रेक्ष्य में आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन सं. RDSO/SPN/192/2019 VER. 2 अथवा नवीनतम (नवीनतम संशोधन के साथ) SIP के अनुसार आंशिक सामग्री की आपूर्ति के साथ ही साथ इन्डोर एवं आउटडोर कार्य के साथ-साथ डिजाइन, प्रोग्रामिंग, संस्थापन, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य; बयाना की राशि(₹): ₹8,84,500/-; अनुमानित लागत(₹): ₹14,68,97,398.47; स्वीकृति पत्र प्राप्त होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: 18 माह; निविदा बंद होने की तिथि: दिनांक 21.03.2024 को 15:00 बजे। नोट: • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।
मु० सि०दू०इं०/निर्माण,
मुजाधि/सिग्नल-106 गोरखपुर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं राज वेटी माटा प्रदीप कुमार सैन्य संख्या 156910504 रैंक- हवलदार निवासी ग्रा0व0पो0- बैजूपुर, थाना - पाली जिला हरदोई (उ0प्र0) पिन- 241123 घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम व जन्मतिथि राजाबती व 01/07/1966 त्रुटिबस मेरे बेटे के सैन्य अभिलेखों में दर्ज हो गया। मेरा सही नाम व जन्मतिथि राज वेटी व 01/01/1965 है जो कि मेरे पैन व आधार के अनुसार सत्य व सही है।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
पहले मेरा नाम AMARPREET KAUR था अब मैने बदलकर अपना नाम PREETI AGARWAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O: PRATEEK AGARWAL, 6, SHYAM NAGAR, RAEBARELI ROAD, LUCKNOW, U.P-226029

बैठक सूचना
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. घाटपारा वि. ख. राजपुर तहसील सिकंदरा कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 29/02/2024 को ग्राम सभा घाटपारा के पंचायत भवन परिसर में समय 01:00 बजे प्रस्तावित की गई है। जिसमे इच्छुक मछुवा समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनाएं।
मुख्य प्रवर्तक

सूचना
मैं मो0 सिद्दीक अंसारी पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी निवासी 113/1 कजियारा कर्बला रोड पुराना सीतापुर तहसील व जिला सीतापुर का हूँ। मेरा पासपोर्ट सं0 11/43723/92 बना हुआ है जिस पर मेरा नाम मोहम्मद सिद्दीक अंसारी (MOHAMMAD SIDDIQ ANSARI) पुत्र स्व0 मोहम्मद इसहाक अंसारी (MOHAMMAD ISHAQ ANSARI) अंकित है। जबकि अन्य समस्त प्रपत्रों पर मेरा नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) पुत्र श्री मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) अंकित है। अब से मेरा सही नाम मो0 सिद्दीक अंसारी (MOHD SIDDIQ ANSARI) व पिता का सही नाम मो0 इसहाक अंसारी (MOHD ISHAQ ANSARI) पढ़ा व लिखा व पहचाना जाय

बैठक

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दिया जाए पन्ना प्रमुख का दायित्व

# संगठन की एकता से जीती जा सकती है बाजी : त्रयंबक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।


कार्यक्रम में मौजूद भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव की घोषणा के पूर्व भाजपा ने जनपद में अपने बैठक और कार्यक्रम में तेजी ला दिया है। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिला पदाधिकारियों और मण्डल अध्यक्ष, प्रवासियों के साथ बैठक किया। उन्होंने सांगठनिक विषयों पर चर्चा और समीक्षा कर भाजपा पदाधिकारियों को सांगठनिक गतिविधियों के संबंध में आवश्यक कार्य का वितरण किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि संगठन से सरकार बनता है सरकार से संगठन नहीं बनता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और प्रण से लग कर भाजपा नेतृत्व द्वारा घोषित भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी को लाखों मतों से विजयी बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की एकता में वह शक्ति है जो हारी बाजी को जीता सकता है। चुनाव में पन्ना प्रमुखों की अहम भूमिका होती है। पन्ना प्रमुख का दायित्व उस पन्ने के वरिष्ठतम कार्यकर्ता को दिए जाने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समय सीमा में किया गया कार्य ही सफलता के द्वार तक पहुंचाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान सहित विभिन्न अभियानों के बारे में दायित्वाधारी कार्यकर्ताओं से फीड बैक लिया और अभियान को तीव्र गति से शत-प्रतिशत पूरा करने का आवाहन किया।

### ये भी रहे शामिल

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, डॉ. राना रणधीर सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, सुमन पाण्डेय, रफत एजाज, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, डॉ. रजनीश सिंह, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, बाबा राम शब्द यादव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय आदि शामिल रहे।

# निगरानी समिति की बैठक में छाया रहा बिजली की बदहाली का मुद्दा

## योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता को लेकर सांसद के निशाने पर रहे अफसर

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** बुधवार को जिला पंचायत सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने की। बैठक में बिजली की बदहाली व छुट्टा मवेशी का मुद्दा छाया रहा। लाभार्थीपरक योजनाओं के क्रियान्वयन में शिथिलता बरतने पर अफसर सांसद के निशाने पर रहे। अधूरे विकास कार्यों पर सांसद ने नाराजगी जताई। सांसद ने कहा कि जरूरतमंदों को पेंशन नहीं मिल रही है। पेंशन के लिए लाभार्थी विभाग का चक्कर काट रहे हैं। जिलाधिकारी ने सांसद को भरोसा दिलाया कि शिथिलता बरतने वाले अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

जिला पंचायत सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में केंद्र व प्रदेश सरकार की तरफ से संचालित विकासपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि विकास कार्यक्रमों को और अधिक गति के साथ क्रियान्वित करें तथा सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करने का काम करें। बैठक में कई सदस्यों ने बिजली की बदहाली का मुद्दा उठाया। कहा कि अघोषित रूप से बिजली कटौती की जा रही है। इस पर संसद ने बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता से जवाब तलब किया और व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। छुट्टा मवेशियों की धरपकड़ के लिए सांसद ने जिला प्रशासन के अफसरों को निर्देशित किया। साथ ही कहा कि सड़क किनारे, चक मार्गों पर लगाए गए कंटीले तारों को हटाया जाए। सड़क निर्माण की समीक्षा करते हुए सांसद ने कहा कि सड़कों पर मानक संबंधी बोर्ड न होने से लोग सड़क से सटाकर मकान बना रहे हैं। इससे रास्ता अवरुद्ध होता है। उन्होंने सड़क किनारे मानक संबंधी बोर्ड लगाने का निर्देश दिया ताकि आमजन उचित दूरी को छोड़कर ही निर्माण करायें।डीएम नेहा शर्मा ने कहा कि सांसद की तरफ से मिले निर्देशों का पालन कराया जायेगा। उन्होने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि कराये जा रहे विकास कार्यों में तेजी लायी जाए और टीम भावना के साथ काम करके समय से विकास कार्यों को पूरा कराया जाए।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, गौरा विधायक प्रभात वर्मा, करनैलगंज विधायक अजय सिंह, तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय, एमएलसी मंजू सिंह, मनकापुर विधायक प्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि, उप जिलाधिकारी सदर, करनैलगंज, सीएमओ डा रश्मि वर्मा समेत अन्य विभागीय अफसर मौजूद रहे।

### पीएम व सीएम की फोटो पर पोती गई कालिख पर भड़के सांसद

**अमृत विचार :** दिशा की बैठक में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जिले की सड़कों पर सरकार के विकास योजनाओं को दर्शाने वाले बोर्ड लगाए गए हैं। इन पर पीएम व सीएम की फोटो लगी है। विधानसभा चुनाव में इन पर कालिख पोत दी गयी थी। उसे अब तक साफ नहीं कराया गया है। यह ठीक नहीं है। इसे कागज लगाकर ढका जाना चाहिए था। उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे तत्काल साफ कराए जाने का निर्देश दिया है।



निगरानी समिति की बैठक में सांसद, विधायक व प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार



बैठक में उपस्थित प्रमुख और जिपं सदस्य। अमृत विचार

### बीजेपी के स्टार प्रचारक हैं राहुल गांधी : बृजभूषण

**अमृत विचार :** बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। सांसद ने कहा कि कि इंडिया गठबंधन का संयोजक न तय करना राहुल गांधी की सबसे बड़ी गलती है। राहुल अपसेट हैं। उन्होने खुद को सनातन का विरोधी साबित कर दिया है। वह सनातन के विरोध में हिंदू के विरोध में बोलेंगे, लेकिन सनातन को कोई खत्म नहीं कर पाया। कांग्रेस ने राम मंदिर का ताला खुलवाया, शिलान्यास किया लेकिन फिर मंदिर नहीं गए। सनातन का विरोध कर वह बीजेपी का काम कर रहे हैं। राहुल बीजेपी के सबसे बड़े स्टार प्रचारक हैं।

## एक नजर

### पीएम के कार्यक्रम का दिखाया लाइव प्रसारण

**इटियाथोक, गोंडा।** विकासखंड सभागार में किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम, पीएम किसान उत्सव दिवस, विकासखंड स्तरीय जायद गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान राशि का वितरण का लाइव प्रसारण दिखाया गया। किसानों को जायद खेती के बारे में जानकारियां उपलब्ध कराई गई। जानकारी देते हुए एडीओ कृषि मजहर हुसैन ने उपस्थित किसानों को बताया कि इस समय यदि किसानों के खेत खाली हों तो जायद की खेती अवश्य करें जिससे किसानों को लाभ मिल सके। मूंग, उड़द, मक्का की खेती कर किसान लाभान्वित हो सकते हैं। इस अवसर खंड विकास अधिकारी अभय सिंह, एडीओ आईएसबी अजय तिवारी, सचिव दिलीप उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष सत्यव्रत ओझा, सत्येंद्र मिश्रा, अजय राठौर, आलोक मिश्रा सहित ग्राम प्रधानगण, कृषि विभाग के कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### अनमोल व श्रीप्रकाश ने मारी बाज़ी, मिला पुरस्कार



अव्वल छात्रा को प्रमाण पत्र देते आयोजक।

**बेलसर, गोंडा अमृत विचार :** नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन विकास खण्ड बेलसर अंतर्गत स्वामी विवेकानंद इण्टर कॉलेज पूरेदयाल में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबन्धक श्यामरंग तिवारी व राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक श्यामरंग ने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल में रुचि लेना उनके स्वास्थ्य के हित मे होता है। प्रतियोगिता में पूरेदयाल की टीम प्रथम तो ठक्कड़ीपट्टी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार खो-खो बालिका वर्ग में पाठक पुरवा की टीम प्रथम तो गोड़वाघाट की टीम द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर पुरुष दौड़ में श्रीप्रकाश प्रथम, रवि द्वितीय तथा शुभम यादव तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार बालिका दौड़ में अनमोल तिवारी प्रथम, पूजा द्वितीय तथा प्रिंसी मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश तिवारी व संचालन बृजभान मौर्या ने किया। निर्णायक मंडल में चंद्र कुमार मिश्रा, श्रीप्रकाश तिवारी, ऋषभ तिवारी रहे। कार्यक्रम समापन पर ब्लॉक कार्यक्रम संयोजक सूरज गुप्ता ने युवा प्रतिभागियों को नेहरू युवा केन्द्र द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विश्वनाथ शुक्ला, कौशलेंद्र पाण्डेय, आरती पाण्डेय, मोहिनी पाण्डेय, अंशिका, हिमानी तिवारी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# खेत में टूटकर गिरा बिजली का तार, 50 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख

## धानेपुर थाना क्षेत्र के कोनिया बनकट गांव में हुआ हादसा

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार।** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोनिया बनकट में बिजली का तार टूटकर गिरने से 50 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोनिया बनकट के रहने वाले आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को दोपहर में बिजली का तार टूट कर गिरने से उनके खेत में लगी 50 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। बगल के बाग में लगे सागौन के छोटे-बड़े पौधे भी जल गए। पीड़ित कृषक ने बताया कि तार पहले से ढीला था। उन्होने कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। बुधवार को अचानक यह जर्जर तार टूटकर खेत में गिर गया और उनका 50 बीघा गन्ना व सागौन के दर्जनों पेंड़ जल गए। किसान आलोक ने बताया कि अगर बिजली विभाग ने समय रहते जर्जर तार को सही कर दिया गया होता तो उनका 50 बीघा का गन्ना नहीं जलता। पीड़ित किसान ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी कई बार सूचना देने के बाद भी जर्जर तार को नहीं बदला गया जिसके कारण बुधवार को जर्जर तार टूट कर गिर गया और उसके गन्ने की फसल पूरी तरीके से जलकर राख हो गई।

### आग से 2 घरों की गृहस्थी राख



घर में लगी भीषण आग का दृश्य। अमृत विचार

**धानेपुर :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पूरे तेंदुआ के मजरा ढुढना में मंगलवार की रात में आग लग गई जिससे दो घरों की गृहस्थी जलकर राख हो गई है। पीड़ित सीताराम ने बताया कि वह परिवार के साथ छप्पर में सो रहे थे। अचानक छप्पर से आग की लपटें उठने लगी। शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक बुधराम व संतोष कुमार का छप्पर में रखा सामान जलकर राख हो गया। संतोष कुमार ने बताया कि आग लगने से समान व तीन बकरियां झुलस गई है। ग्राम प्रधान आफताब खान ने बताया कि आग लगने की सूचना हल्का लेखपाल को दी गई है।

# पालिका के 29 करोड़ दबाए बैठा रेल महकमा

अभिषेक स्वरूप, गोंडा

## बकाएदारी

- नगर पालिका दो साल से रेल अधिकारियों को भेज रही वसूली पत्र
- रेल अधिकारियों के कानों में जूं तक नही रेंगी



**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद गोंडा अंतर्गत रेल महकमे के स्टेशन और अन्य परिसंपत्तियों के सर्विस चार्ज के रूप में स्थानीय निकाय के 29 करोड़ से अधिक की बकाएदारी लंबित है। इस भारी भरकम रकम का विगत 12 वित्तीय वर्षों की बकाएदारी के रूप में आकलन किया गया है।

नगर पालिका ने इस संदर्भ में रेल अधिकारियों को वसूली पत्र भी भेज दिया है। सबसे अधिक लगभग सवा 3.5 करोड़ डीजल शेड और वरिष्ठ मंडल यांत्रिक कार्यालय का बकाया है। इसके अलावा गोंडा जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक कार्यालय, विश्रामालय, टिकट घर, जीआरपी, आरपीएफ कार्यालय, पार्सल घर, इंडियन ऑयल रेलवे, विद्युत उपकेंद्र, कर्मचारी आवास, सेमरा और गिरजा आवासीय कालोनियों, केंद्रीय विद्यालय, मेडिकल कालोनी समेत अन्य रेल प्रतिष्ठानों के कुल मिलाकर लगभग 29 करोड़ की बकाएदारी है।

कर निर्धारण अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि नगरपालिका की आय का प्रमुख जरिया कराधान ही है। इसमे सबसे बड़ा हिस्सा सरकारी प्रतिष्ठान और कमर्शियल भवन का होता है। इन मदों में विगत दस वर्षों से बड़ी बकाएदारी बन रही है। इसकी वसूली के लिए राजस्व निरीक्षकों दिलीप कनौजिया और राधाकिशन को उनकी टीम के साथ लगाया गया है। रेल अफसरों को बार बार अवगत कराया जा रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### दो साल से पालिका व रेलवे के बीच चल रही जुबानी जंग

नगरपालिका के ईओ संजय मिश्रा ने बताया कि नगर क्षेत्र अंतर्गत रेल के बीस प्रतिष्ठानों के जलकर और गृहकर के वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर यह गणना वित्तीय सत्र 2011-12 से की गई है। पूर्वात्तर रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक को लगभग 29 करोड़ से अधिक की वसूली के लिए पत्र लिखा गया है। बताया कि रेलवे के जीएम और डीआरएम को भी इसी आशय से प्रतिलिपि की गई है। पूर्वोत्तर रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि मंडल के संबंधित रेल अधिकारियों के पटल पर विचारार्थ भेजा जा चुका है। प्रतिष्ठानों के जलकर और गृहकर के वार्षिक मूल्यांकन के आधार पर यह गणना वित्तीय सत्र 2011-12 से की गई है।

# समस्या निस्तारण की मांग को लेकर लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** शिक्षक समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ (पूर्व माध्यमिक) ने वित्त लेखाधिकारी बेसिक संजय चतुर्वेदी से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

संघ के मंडल अध्यक्ष पवन सिंह व जिलाध्यक्ष किरण सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने वित्त लेखा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर डीए अवशेष, बोनस, वेतन बहाली, वेतन अवशेष एरियर का तत्काल भुगतान, अतिरिक्त छूटे बोनस, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के फलस्वरूप आये शिक्षकों का जुलाई, अगस्त का डीए अवशेष तथा एरियर, अंतर्जनपदीय शिक्षकों का सितंबर माह तथा डीए अवशेष की एनपीएस कटौती को तत्काल अपलोड कराने की मांग की। शिक्षकों का जीआईएस कटौती की वापसी, एनपीएस के अवशेष पर जीपीएफ पर मिले ब्याज को जोड़ कर भुगतान, जीपीएफ लोन, वार्षिक लेखा पर्ची, सेवानिवृत्ति हो रहे शिक्षकों के जीपीएफ के सामूहिक भुगतान पर भी वार्ता हुई। वित्त लेखाधिकारी ने शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल को समस्या निस्तारण का भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर प्रांतीय सदस्य अनिल कुमार सिंह, मण्डल मंत्री मोहित प्रकाश सिंह, मण्डल कोषाध्यक्ष सुधाकर सिंह, मण्डल सदस्य नीलम शुक्ला, मण्डल संयुक्त मंत्री बृजेश कुमार जिलाध्यक्ष किरन सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कन्नौजिया, अमरकांत शुक्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष रामजी वर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



वित्त लेखाधिकारी को ज्ञापन सौंपते जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

## सार-संक्षेप

### स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चें। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा।** विद्यालय शिक्षा का मंदिर है, शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उक्त बातें बुधवार को मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रहे रजिस्ट्रार हिमेश उपाध्याय ने कही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि बाबूलाल शास्त्री ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में छात्रा अनुष्का जायसवाल, प्रियांशी, प्रिया मौर्या, शिवानी, हिना बानो ने मां सरस्वती वंदना व खुशबू चौहान, साक्षी आदि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने अदालत नाटक, पर्यावरण संरक्षण, मां तुझे सलाम आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सिद्धि ओझा, महक, आंचल सिंह, आराध्या, जानवी यादव आदि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए गरबा नृत्य, मम्मी स्कूल नइ जाना, राम आएंगे-आएंगे गीत को लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ल व संचालन प्रधानाचार्य नीलम प्रकाश पाठक ने किया। प्रबंधक श्रवण कुमार शुक्ल ने अतिथियों को राम मंदिर का स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर वाई पी वेदी, रत्नेश मणि तिवारी, चेयरमैन दुर्गेश सोनी, सभासद वैभव सिंह, पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार गुप्ता, कमलेश पांडेय, जनार्दन तिवारी, विजय प्रताप सिंह, शिव कुमार तिवारी, ममता भारती, साक्षी सिंह, ज्योति यादव, राजू चौहान, राजेश चौहान, पवन चौधरी, मोहित आदि मौजूद रहे।

मांगों के निस्तारण तक नहीं होगा विद्यालयी पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन

### बीएसए से मिला प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल, सौंपा ज्ञापन



बीएसए को ज्ञापन सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा है कि जब तक शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण नहीं कर दिया जाता जब तक विद्यालय की पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन संभव नहीं है। अपनी मांगों को लेकर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी का कहना है कि विद्यालय के 12 पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन तथा प्रतिदिन दैनिक उपस्थिति व आनलाइन डाटा प्रेषित करने के निर्देश दिया गया है। 15 फरवरी से जिन दो पंजिकाओं को डिजिटल रूप में स्वीकार करने का आदेश निर्गत किया गया है। उसके लिए विभाग द्वारा अद्यतन टैबलेट के अतिरिक्त अन्य कोई संसाधन यथा सिम एवं डाटा आदि उपलब्ध नही कराया गया है। टैबलेट के प्रयोग करने के सम्बन्ध में कोई प्रशिक्षण भी शिक्षकों को नहीं मिला है। उन्होंने कहा जब तक इन समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता तब तक विद्यालय की पंजिकाओं का डिजिटलाइजेशन सम्भव नहीं है। जिलाध्यक्ष ने बीएसए से कहा कि शिक्षकों को दण्डात्मक कार्यवाही का भय न दिखाया जाए। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष आनन्द कुमार त्रिपाठी, जिला मंत्री विजय नारायण पांडेय, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, कौशल किशोर ओझा, वीरेंद्र तिवारी, दुर्गा प्रसाद शर्मा, अफसर हसन उपस्थित रहे।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

धानेपुर, गोंडा

**अमृत विचार।** धानेपुर दतौली मार्ग पर भौंकहवा गांव के समीप एक बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुटी है। परिजनों ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## हादसा



फाइल फोटो।

- गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दत्त नगर के मजरा बूढ़ी बगिया का रहने वाला प्रदीप वर्मा (18) आनंद नगर कस्बे में मैकेनिक का काम सीख रहा था। मंगलवार की शाम वह रामनगर बाजार से सामान लाने के लिए गया था। वापस लौटते समय भौकहवा के निकट संचालित एक निजी कॉलेज के सामने वह ट्रक की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक के पहिए के नीचे जा आ जाने से बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। उसे तत्काल सीएचसी मुजेहना और फिर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से डॉक्टरों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते उसकी मौत हो गयी।

मामले में परिजनों ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी है। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति के दोनों पैर कटे

**मसकनवा, गोंडा :** छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा लखपत नगर रेलवे खंड पर विश्नोहरपुर गांव के पास डाउन ट्रैक पर एक व्यक्ति का ट्रेन की चपेट में आने से दोनों पैर कट गए। गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार की शाम की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डाउन ट्रैक से एक गाड़ी गोंडा की तरफ जा रही थी जिसकी चपेट में आने से व्यक्ति के दोनों पैर कट गए। मसकनवा चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस से आनन फानन जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति की पहचान मसकनवा बाजार निवासी गुड्डू उर्फ प्रदीप पुत्र भगवती प्रसाद के रूप में हुई है।

# बाइक सवार किसान की सड़क हादसे में मौत

गोंडा

**अमृत विचार।** पत्नी को सीएचसी कटरा बाजार ड्यूटी पर छोड़कर घर वापस जा रहे बाइक सवार किसान की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ महेंद्र यादव ने बताया कि करनैलगंज कोतवाली के गांव गौरवा खुर्द के मजरे बंगला निवासिनी सीएचसी पर तैनात एएनएम पार्वती सिंह को बुधवार को डियूटी पर छोड़ने एएनएम के पति सूर्यनाथ सिंह आये थे। वह छोड़कर बाइक से घर जा रहे थे। वह कटरा बाजार-करनैलगंज मार्ग पर पहाड़ापुर के पास पहुँचे ही थे तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें गोंडा ले गये जहाँ से हालात नाजुक देखकर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गयी। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि सूचना मिली है कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल सूर्यनाथ सिंह की लखनऊ जाते समय मौत हो गयी है।

**मांग पूरी** — रेलयात्रा करने वालों को होली के त्योहार से पहले मिली सौगात, स्थानीय जनप्रतिनिधि अरसे से कर रहे थे मांग

# रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी! 13 ट्रेनों के बढ़ाए गए स्टॉपेज

- 5 ट्रेनों के बढाए गए ठहराव जबकि मसकनवा में चार
- गोंडा और मनकापुर में दो-दो ट्रेनों के बढ़ाए गए ठहराव

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** यात्री सुविधा के दृष्टिगत रेल महकमे ने कई ट्रेनों का स्टेशनों पर ठहराव बढ़ाया है। होली के त्योहार से पहले मिली इस सौगात से नियमित रेलयात्रा करने वाले खुश हैं। खासकर छोटे स्टेशनों पर विशेष ट्रेनों के ठहराव की मांग कर रहे लोगों की मुराद पूरी हो गई है। सबसे ज्यादा बभनान स्टेशन पर 5 ट्रेनों के ठहराव बढाए गए हैं जबकि मसकनवा में चार, गोंडा और मनकापुर में दो दो ट्रेनों के ठहराव बढ़ाए गए हैं।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह के अनुसार पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से यात्री सुविधा के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है। यात्रियों को होली पर्व के दौरान इससे काफी राहत मिलेगी। इसे लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि अरसे से मांग भी कर रहे थे और रेल मंत्रालय व बोर्ड से पत्राचार भी कर रहे थे।

### कर्नलगंज और कचहरी स्टेशन पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

**अमृत विचार :** गोण्डा-बुढ़वल रेलखंड पर तीसरी लाइन का निर्माण कराया जा रहा है। चल रहे इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के चलते गोण्डा कचहरी और करनैलगंज स्टेशन पर आगामी 4 व 5 मार्च को पांच जोड़ी ट्रेनों का ठहराव स्थगित किया गया है। यह जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल-रक्सौल एक्सप्रेस, बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, लखनऊ-बरौनी-लखनऊ एक्सप्रेस और बरौनी-ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का ठहराव 04 एवं 05 मार्च को करनैलगंज स्टेशन पर स्थगित रहेगा। साथ ही बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस का करनैलगंज के स्थान पर अस्थाई ठहराव जरवल रोड स्टेशन पर दिया जायेगा।

### बभनान स्टेशन

गोरखपुर भटिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस, हावड़ा काठगोदाम एक्सप्रेस, वाराणसी लखनऊ एक्सप्रेस, अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस और छपरा मथुरा एक्सप्रेस का यहां स्टॉपेज बढ़ा दिया गया है। मसकनवा रेलवे स्टेशन : एलटीटी गोरखपुर अप, एलटीटी गोरखपुर डाउन, संगम बस्ती सुपरफास्ट एक्सप्रेस और वाराणसी लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन यहां ठहरेगी।

### गोंडा और मनकापुर

दो-दो ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़े हैं। गोरखपुर भटिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस और हावड़ा काठगोदाम एक्सप्रेस अब मनकापुर भी रुकेगी। इसके अलावा मुजफ्फरपुर अवंतिपुर एक्सप्रेस और दरभंगा नई दिल्ली सुपरफास्ट गोंडा ठहरेगी।

### परसपुर में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

**परसपुर, गोंडा।** महाकवि तुलसीदास पीजी कॉलेज में बुधवार को कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की उप्लब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि आज भाजपा ने महिलाओं को विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। कोरोना के समय अमेरिका, जापान, चाइना जैसे देश लड़खड़ा गये थे, तब भारत ने कई देशों की मदद की। जब मोदी ने कमान संभाली थी तब हम 11 वें नम्बर पर थे पर आज 5 वें स्थान पर हैं। कोरोना में जितनी मदद भारत ने की उतनी किसी देश ने नहीं की। भारत की ताकत थी कि तीन तीन देशों के युद्ध के बीच भी भारत अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया। 1972 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पाक के दो टुकड़े हुए दुनिया के इतिहास में पहली बार हुआ कि 92 हजार पाक सैनिक बंदी बनाये गए।

## एक नजर

### एसपी की मांग पर दो रोडवेज बसें भेजी

**गोंडा :** आसन्न लोकसभा चुनावों को लेकर विभागीय गतिविधियां अब तेजी पकड़ती दिखाई दे रही हैं। एक कंपनी केंद्रीय सुरक्षा बलों के लिए दो अदद रोडवेज बसों की मांग पुलिस अधीक्षक ने रोडवेज प्रबंधन से की है। संभागीय सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक कपिल देव ने बताया कि लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने दो रोडवेज बसें मांगी हैं। ये बसें 29 फरवरी को मय चालक पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक के पास उपलब्ध करायी जा रही हैं।

### सिटी मजिस्ट्रेट ने क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**गोंडा :** मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद की तैयारी जोरों पर है। सिटी मजिस्ट्रेट विजय शर्मा ने बुधवार को गल्ला मंडी पहुंचकर जहां पर गेहूं का क्रय केंद्र स्थापित होना है उस स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद की तैयारी पूरी कर ली जाए जिस स्थान पर क्रय केंद्र बनाए जाने हैं वहां साफ सफाई कर ली जाए। सिटी मजिस्ट्रेट ने मंडी निरीक्षक राजेश सिंह को निर्देशित करते हुए कहा कि केंद्र पर बैनर की व्यवस्था कर ली जाए। साफ सफाई हो जाए। गेहूं क्रय नीति को लेकर किसानों को जागरूक किया जाए। जिससे किसान गेहूं बेचने के लिए अपना पंजीकरण कराये। उन्होंने कहा कि अभी फिलहाल जनपद में गेहूं खरीदने के लिए 62 क्रय केंद्र अनुमोदित हुए हैं। गेहूं खरीदने की तैयारी अंतिम दौर में है। इस दौरान मंडी निरीक्षक राजेश सिंह तेज आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग छात्र के साथ कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कटरा बाजार, गोंडा :** थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्र के साथ अप्राकृतिक यौन शोषण का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित छात्र के मां ने आरोपी के खिलाफ अप्राकृतिक यौन शोषण का केस दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के एक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय में पढ़ रहे एक नाबालिग छात्र के साथ विद्यालय के चपरासी के द्वारा कुकर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को मिली तहरीर में एक नाबालिग छात्र के साथ विद्यालय के चपरासी द्वारा कुकर्म करने के आरोप लगाया गया था। पीड़ित के माँ के तहरीर पर आरोपी चार्ल्स लाल के खिलाफ कुकर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार लिया गया है।

### दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

**गोंडा :** बच्चों के विवाद में मारपीट हो गई जिसको लेकर मुझे थाने में तहरीर दी गई है पुलिस जांच में जुट गई है। वजीरगंज थाना क्षेत्र के भरहापारा (सीरपुरवा) निवासी शनी ने थाने पर दी तहरीर में आरोप लगाया है कि छोटे बच्चों के विवाद को लेकर गांव के ही विपक्षी चिरकन, पंकज, रवी व अन्य ने बालेश्वरगंज बाजार में अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ लाठी डंडे से पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# 276 सीटों के लिए 27 मार्च को होगी प्रवेश परीक्षा

## आश्रम पद्धति विद्यालयों में निःशुल्क मिलेगी छात्रों को शिक्षा

## प्रवेश परीक्षा के लिए 15 मार्च तक स्कूलों में मिलेंगे आवेदन पत्र

गोंडा कार्यालय



गोंडा के मुजेहना में राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय।

**शिक्षा**

▶▶ किसी भी कार्य दिवस में अभिभावक स्कूल से ले सकते हैं आवेदन पत्र

**अमृत विचार।** समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित जिले को तीन सर्वोदय विद्यालयों (राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) में रिक्त 276 सीटों के लिए आगामी 27 मार्च को प्रवेश परीक्षा करायी जायेगी। इसके लिए स्कूलों में आवेदन पत्र वितरण प्रारंभ हो गया है। अभिभावक अपने पाल्यों के प्रवेश के लिए 15 मार्च तक आवेदन पत्र भरकर स्कूलों में जमा कर सकेंगे।

गरीब परिवार के बच्चों को इंटरमीडिएट तक की मुफ्त पढ़ाई के लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से जिले में तीन जय प्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालयों (राजकीय आश्रम पद्धति) का संचालन किया जा रहा है। इनमें मुजेहना के विशंभर पुर में संचालित स्कूल सिर्फ बालिकाओं के लिए है जबकि जेल रोड व करनैलगंज के सकरौरा में बालकों का प्रवेश लिया जाता है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि आगामी शैक्षिक सत्र में प्रवेश के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। नए सत्र में रिक्त 276 सीटों पर छात्र छात्राओं का प्रवेश लिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले एडमीशन के लिए आवेदन पत्र वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। सभी स्कूलों पर आवेदन पत्र उपलब्ध हैं।

अभिभावक किसी भी कार्य दिवस में स्कूल से आवेदन पत्र ले सकते हैं। 15 मार्च तक आवेदन पत्र स्कूलों में जमा किए जा सकेंगे। 27 मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र छात्राओं को प्रवेश मिल सकेगा।

### स्कूलवार रिक्तियों का ब्योरा

जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय में नए शैक्षिक सत्र में कुल 101 सीटों पर प्रवेश किया जायेगा। इसमें कक्षा 6 में अनुसूचित जाति व जनजाति की 42, अन्य पिछड़ा वर्ग की 18 व सामान्य वर्ग की 10 छात्राओं को प्रवेश मिल सकेगा। कक्षा 7 में अनु जाति की 9 छात्राएं प्रवेश ले सकेंगी। अन्य पिछड़ा वर्ग व सामान्य जाति के लिए कोई सीट रिक्त नहीं है। कक्षा 8 में अनुसूचित जाति की 3 व अन्य पिछड़ा वर्ग की 3 सीटें रिक्त हैं। इसी तरह कक्षा 9 में अनुसूचित जाति की 16 छात्राओं का एडमिशन लिया जायेगा। करनैलगंज के सकरौरा में संचालित विद्यालय में कक्षा 6 में अनुसूचित जाति व जनजाति के 42, अन्य पिछड़ा वर्ग के 18 व सामान्य वर्ग के 10 छात्रों को प्रवेश मिल सकेगा। कक्षा 7 में अनुसूचित जाति के एक व अन्य पिछड़ा वर्ग के एक छात्र की जगह रिक्त है। कक्षा 8 में अनुसूचित जाति के 5 अन्य पिछड़ा वर्ग के 2 व सामान्य वर्ग के 2 छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा। कक्षा 9 में अनुसूचित जाति के 7 अन्य पिछड़ा वर्ग के 3 व सामान्य वर्ग के 2 छात्रों को प्रवेश मिलेगा। इसी तरह जेल रोड स्थित विद्यालय में कक्षा 6 में अनुसूचित जाति व जनजाति की 42, अन्य पिछड़ा वर्ग की 18 व सामान्य वर्ग की 10 छात्राओं को प्रवेश मिल सकेगा। कक्षा 7 व 8 में कोई सीट रिक्त नहीं है। कक्षा 9 में अनुसूचित जाति के 6 व अन्य पिछड़ा वर्ग के 6 छात्रों का प्रवेश लिया जायेगा।

# देवेंद्र को देहात कोतवाली व प्रदीप को परसपुर थाने का चार्ज

बेलसर, गोंडा

▶▶ एसपी विनीत जायसवाल ने 14 इंस्पेक्टर की तैनाती में किया फेरबदल

**अमृत विचार।** विकास कार्यों में तेजी लाने एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र ने नया रोस्टर जारी किया है। विकासखंड बेलसर में 48 ग्राम पंचायतों में दस ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती है। इन ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए जारी रोस्टर निम्नवत है।

इस कार्य दिवस में सभी ग्राम पंचायत अधिकारियो को रोस्टर के दिन सुबह दस से पांच बजे तक अपने ग्राम पंचायत में रहना होगा। मंगलवार को विकास खंड मुख्यालय पर साप्ताहिक बैठक होगी। सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को जन शिकायतों को पंजिका पर अंकित करने के बाद सायं 4.30 बजे व्हाटसप ग्रुप पर भेजना है। ग्राम पंचायत अधिकारी दिग्विजय यादव सोमवार को भिखारीपुर कला, बुधवार को नगदही, बृहस्पतिवार को बड़नापुर, शुक्रवार को बकियापुर, शनिवार को महादेवा जाना होगा। ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम सिंह सोमवार को गंगरोली, बुधवार को लिलोई खुर्द, बृहस्पतिवार लिलोई कला, शुक्रवार डिक्सिर, शनिवार को सेमरी कला में प्रवास करेंगे।

ग्राम पंचायत अधिकारी विमलेश कुमार उसी क्रम में आदमपुर, पकवान गांव, आदमपुर, पकवान गांव, आदमपुर, ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार, नितिन यादव, शिशिर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सुंदर, राकेश कुमार तिवारी, दिनेश कुमार, सुनील कुमार यादव के लिए भी आवंटित गांव में रहने का रोस्टर तैयार किया गया है।

# खंड विकास अधिकारी ने जारी किया रोस्टर

बेलसर, गोंडा

**48** ग्राम पंचायतों में दस ग्राम पंचायत अधिकारी की है तैनाती

▶▶ विकास खंड मुख्यालय पर होगी साप्ताहिक बैठक

**अमृत विचार।** विकास कार्यों में तेजी लाने एवं जनसमस्याओं के निराकरण के लिए खंड विकास अधिकारी विजय कांत मिश्र ने नया रोस्टर जारी किया है। विकासखंड बेलसर में 48 ग्राम पंचायतों में दस ग्राम पंचायत अधिकारी की तैनाती है। इन ग्राम पंचायत अधिकारियों के लिए जारी रोस्टर निम्नवत है।

इस कार्य दिवस में सभी ग्राम पंचायत अधिकारियो को रोस्टर के दिन सुबह दस से पांच बजे तक अपने ग्राम पंचायत में रहना होगा। मंगलवार को विकास खंड मुख्यालय पर साप्ताहिक बैठक होगी। सभी ग्राम पंचायत अधिकारियों को जन शिकायतों को पंजिका पर अंकित करने के बाद सायं 4.30 बजे व्हाटसप ग्रुप पर भेजना है। ग्राम पंचायत अधिकारी दिग्विजय यादव सोमवार को भिखारीपुर कला, बुधवार को नगदही, बृहस्पतिवार को बड़नापुर, शुक्रवार को बकियापुर, शनिवार को महादेवा जाना होगा। ग्राम पंचायत अधिकारी शिवम सिंह सोमवार को गंगरोली, बुधवार को लिलोई खुर्द, बृहस्पतिवार लिलोई कला, शुक्रवार डिक्सिर, शनिवार को सेमरी कला में प्रवास करेंगे।

ग्राम पंचायत अधिकारी विमलेश कुमार उसी क्रम में आदमपुर, पकवान गांव, आदमपुर, पकवान गांव, आदमपुर, ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष कुमार, नितिन यादव, शिशिर सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी श्याम सुंदर, राकेश कुमार तिवारी, दिनेश कुमार, सुनील कुमार यादव के लिए भी आवंटित गांव में रहने का रोस्टर तैयार किया गया है।

# सड़क निर्माण में मानक विहीन कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश

करनैलगंज, गोंडा



इस तरह से बनाई जा रही डामर की सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित ब्रह्मदेव स्थान से गज्जूपुरवा गांव तक बनाई जा रही सड़क मानक विहीन कार्य के चलते इन दिनों चर्चा में है। इधर सड़क बना रहे ठेकेदार दिनरात कामकर जल्द से जल्द निर्माण पूरा दिखाकर भुगतान पाने की फिराक में लगे हैं।

कई शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से निराश ग्रामीण अब आन्दोलन की तैयारी में लग चुके हैं। सड़क निर्माण की गुणवत्ता इतनी खराब है कि हल्का सा दबाव तक सड़क नहीं झेल पा रही है। गांव वालों का आरोप है कि कम तारकोल व कम मात्रा में बजड़ी डालने के चलते सड़क मजबूत नहीं बन पा रही है। बनाई जा रही सड़क की बजड़ी अभी से उघड़ने लगी है।

कई स्थानों पर खनन वाले वाहन गुजरने से सड़क टूट चुकी है। यहां वर्ष 2018 में 81 लाख 13 हजार की लागत से गज्जूपुरवा तक का सड़क निर्माण नाबार्ड 24 योजनान्तर्गत कराया गया था। जिसको लेकर ग्रामीणों में खुशी का माहौल था। लेकिन पांच वर्ष के भीतर गज्जूपुरवा में अवैध खनन के चलते यह सड़क पूरी तरह बर्बाद हो गई। अब पुनः इस सड़क की मरम्मत कार्य शुरू भी हुआ तो मानक विहीन। जिसको लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

इस मामले में लोक निर्माण विभाग के जेई मुकेश प्रजापति ने बताया कि खनन के चलते सड़क खराब हुई थी। जब उनसे यह पूंछा गया कि क्या सड़क तोड़ने वालों पर कोई कार्रवाई की तो उनका कहना था कि चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। उन्होंने बताया कि अगर निर्माण में कमी है तो जांच की जाएगी।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

करनैलगंज, गोंडा



शिविर में भाग लेते छात्र व प्रशिक्षक। अमृत विचार

▶▶ प्रतिभागियों ने विषम परिस्थितियों से निपटने का सीखा हुनर

**अमृत विचार।** नगर के सरयू महाविद्यालय में चल रहे बीएड प्रथम वर्ष के स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हुआ। शिविर में स्काउट के प्रतिभागियों ने विषम परिस्थितियों में जीवन जीने का हुनर सीखा।

शिविर के अंतिम दिवस के कार्यक्रम में सर्वप्रथम ध्वज शिष्टाचार हुआ। उसके बाद क्लास रूम सेशन के अंतर्गत प्रतिभागियों ने अपनी स्काउट फाइल को चेक कराया। शिविर में प्रतिभागियों ने टेंट लगाना सीखा और अपनी- अपनी टोली के अलग-अलग टेंट स्थापित किए। टेंट लगाने के दौरान उन्होंने विभिन्न प्रकार की गांठ और फन्दों को बनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरबी सिंह ने सभी टोलियों के टेंट का निरीक्षण किया तथा टेंट बनाने के संदर्भ में जानकारी ली। प्रतिभागियों ने बिना बर्तन के भोजन बनाना सीखा। जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों ने बिना बर्तन के बाटी और चोखा बनाया। जिसे महाविद्यालय के सभी स्टाफ तथा जिला स्काउट कमिश्नर ज्ञानेश गुप्ता के साथ सभी प्रतिभागियों ने बाटी चोखा सहभोज किया। इसके बाद कैंप फायर का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कैंप फायर के प्रोग्राम का शुभारंभ प्राचार्य आरबी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ-साथ देशभक्ति से संबंधित गीत व भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा विषम से विषम परिस्थितियों में हमें धैर्य से काम लेना चाहिए। हमे स्वावलंबी तथा कर्तव्यनिष्ठ, परोपकारी तथा साहसी बनना चाहिए। जिससे हम कठिन परिस्थितियों में अपनी मदद कर सकें साथ ही समाज के मदद के लिए आगे आ सकें। स्काउट की दीक्षा लेने के बाद हमें प्रतिदिन एक अच्छा या भलाई का कार्य करना चाहिए। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों को दीक्षा दिलाई गई। अंत में सामूहिक राष्ट्रगान हुआ और समापन की घोषणा की गई।

इस अवसर पर ओपी सिंह, जगन्नाथ तिवारी, त्रिपुरारी दुबे, डा. जावेद अहमद, डा. शैलेंद्र बहादुर सिंह, डा. दीपक श्रीवास्तव, सुरेंद्र प्रताप सिंह, उमेश पाठक समेत महाविद्यालय के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

# पुरस्कार पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

बालपुर, गोंडा



प्रगति प्रमाण पत्र के साथ उत्साहित बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विकासखंड हलधरमऊ के बालपुर परसपुर रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ कॉलेज के प्रबंधक विजय कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित करके किया। जिसमें एक सप्ताह से चल रही खेल कूद प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पोस्टर, सामान्य ज्ञान, वाद विवाद, भाषण तथा माडल बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

खेल प्रभारी सुमित श्रीवास्तव ने बताया कि सीनियर वर्ग कबड्डी में कक्षा 9 की टीम विजयी रही। कुर्सी दौड़ में शगुन व लवी ने बाजी मारी, निबंध में इंद्रमणि शुक्ल व मयंक विजयी घोषित किए गए। वहीं कालेज की छात्रा शिवांगी, स्नेहा, अंजली, तारा रावत, वागीशा, अदिति मिश्रा, सीमा सहित अन्य बच्चों ने लोकगीत, स्वागत गीत, दहेज गीत सुनाकर लोगों का मन मोह लिया।

कालेज की प्रधानाचार्या कावेरी सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिन मेधावियों को सम्मान मिला उनको इस सम्मान को प्रेरणा मानकर अपने लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई में जुट जाना चाहिए। जिनको इस समारोह में पुरस्कार नहीं मिला वे बच्चे निराश न हों आगे कड़ी मेहनत करके मुकाम हासिल करने की जरूरत है। इस दौरान दुर्गेश गुप्ता, आनंद शुक्ल, खुशबू मिश्रा, आकांक्षा शुक्ल, रजनी तिवारी, रेखा सिंह, साजिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को दी जानकारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** ग्राम कोल्हमपुर इमाम विकासखंड नवाबगंज में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन इंडियन बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र एवं एवोक इन्डिया के तत्वाधान में किया गया। सप्ताह में इन्डियन बैंक के वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता जयराम सुमन ने सहभागिता की। जयराम सुमन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक आम लोगों में वित्तीय जागरूकता लाने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम कर रहा है। लोगों को अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा भविष्य की आवश्यकता के लिए बचत करना चाहिए। अपनी बचत निवेश को सोच समझकर अच्छा लाभ देने वाले मद में करना चाहिए। बैंकों से कर्ज सोच समझकर अति आवश्यक कार्य के लिए ही लेना चाहिए। डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना चाहिए। किसी को भी अपना ओटीपी, पिन, पासवर्ड आदि नहीं देना चाहिए। मोबाइल फोन के चार्जिंग में भी सावधानी रखें क्योंकि इससे भी आप का डाटा गलत लोगों तक पहुंच सकता है जिसमें आप सभी को क्षति हो सकती है। एवोक इंडिया के जिला वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता नीरज चौधरी ने कहा कि बैंक से लिए गए कर्ज की नियमित अदायगी अवश्य करें। इस अवसर पर समूह सखी मीरा देवी, माया, लक्ष्मी, खुशबू, रेखा, माया देवी, गोपाल श्रीवास्तव संजय आदि सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने सहभागिता की।

# बाल श्रम निषेध अभियान में 4 सेवायोजकों को नोटिस

गोंडा कार्यालय



बाल श्रम निरोधक टीम के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को बाल श्रम निरोधक अभियान चलाया गया। श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयू यूनिट की संयुक्त टीम ने इटियाथोक बाजार आदि स्थानों पर अभियान चला कर चार सेवायोजक के विरूद्ध नोटिस जारी की।

खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50000/ रूपए तक का जुर्माना तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10000/ रुपए तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। सभी जनपद वासियों से अनुरोध है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों वा किशोरों से काम न लें।

अभियान में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा, अपराजिता संस्था के जिला समन्वयक विकास जायसवाल, एएचटीयू से प्रभारी उप निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक राम किशोर प्रसाद, हे का गऊचरन व महिला आरक्षी अमिता पटेल आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विज्ञान प्रदर्शनी में सना व रुखसार की टीम को प्रथम स्थान



विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**मसकनवा, गोंडा :** अगस्तया इंटरनेशनल फाउंडेशन व बलरामपुर चीनी मिल के चलित विज्ञान प्रयोगशाला के तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसकनवा में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी व मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। शुभारंभ अभिभावक सुमन व अनुदेशक कविता त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयोगशाला प्रभारी कमलेश निषाद ने किया। इस मौके पर माडल में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसकनवा के कंकाल तंत्र के लिये सना व रुकसार की टीम को प्रथम, वैज्ञानिक सी. वी. रमन के लिये सीमा, अंशिका को द्वितीय तथा सूर्य मण्डल के लिये सुधांशु व अभय को तृतीय स्थान मिला। आयुष तिवारी व विकास को चिकित्सा पद्धति व आला का प्रदर्शन में सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रधानाध्यापक पूरन गुप्ता, विज्ञान अध्यापक विष्णु देव शुक्ला, वार्डन सुनीता, एआरपी बलराम वर्मा, कमलेश कुमार, कविता, अनामिका तिवारी, अखिलेश विश्वकर्मा, दयाराम, विनोद, अमरीश, घनीराम, सुमन, मौजूद रहे। अंजली, बबीता ने श्वसन तंत्र, करिश्मा, प्रियदर्शिनी ने पृथ्वी की परतें, पलक, दिव्या ने सरसों का पौधा, महिमा, विनीता, सोनिका ने जल चक्र, अंशिका, सीमा में सर सी.वी.रमन, सना, रुखसार कंकाल तंत्र, ललिता, अंशू ने स्मार्ट डस्टबिन, महक, हेमा, अमीबा, संध्या, मानसी मिसाइल मैन, लक्ष्मी, प्रिया मैजिक बाक्स, आलिया, शहजादी, प्रदूषण, आदित्य, विनीत डायनासोर, आदित्य, उमेश घास कटर, अभय, सुधांशु सोलर सिस्टम, राकी, श्रीप्रकाश सोलर पम्प, नितेश, करनदीप ने चिली कटर, आयुष, विकास आला, कन्हैया, शिवा उत्सर्जन तंत्र, लकी मोहन ने प्रकाश संश्लेषण, शिवम् सत्यम् कर्ण चित्रण का मॉडल प्रस्तुत किया।

### 128 ग्राम सोना के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**करनैलगंज, गोंडा :** करनैलगंज पुलिस ने दो सोना तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 128 ग्राम सोना बरामद किया है। पुलिस ने बरामद सोने के साथ दोनों तस्करों को कस्टम विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया है। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के सरयू घाट पुल के पास से दो सोना तस्करों मोहम्मद इसहाक पुत्र अब्दुल अजीज निवासी शब्बीर खान बिल्डिंग चीता कैंप मुंबई तथा यासमीन अंसारी पत्नी अरमान अंसारी पुराना कलेक्ट्रेट कंपाउंड गेट मालवानी पश्चिमी मलाड मुंबई को गिरफ्तार किया। कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ ने इन अभियुक्तों के पास से सोने की बरामदगी 128 ग्राम बताया है। कोतवाल ने बताया कि उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सर्वेश प्रसाद, नागेंद्र यादव, राघवेंद्र कुमार, महिला आरक्षी विनीता यादव के साथ सरयू पुल के पास से दोनों अभियुक्तों की गिरफ्तारी हुई। जिन्हें सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का होना बताया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों को धारा 11 सीमा शुल्क अधिनियम 1962 के तहत गिरफ्तार करना बताया है।

**धान खरीद सत्र 2023 -24** खरीद सत्र का आज होगा समापन, किसानों को धान बेचने का अंतिम अवसर

# लक्ष्य के सापेक्ष 95 % से अधिक की हुई धान खरीद

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** जिन अन्नदाताओं का किन्ही वजह से धान अभी तक नहीं बिक पाया है। उनके लिए गुरुवार को अंतिम अवसर होगा। धान खरीद सत्र 2023 -24 का समापन 29 फरवरी को हो रहा है। इसके बाद मूल्य समर्थन योजना के तहत किसी का धान खरीद जाना संभव नहीं होगा।

जिले में किसानों से धान खरीदने के लिए मूल्य समर्थन योजना के तहत विभिन्न तहसीलों व ब्लाक क्षेत्र में 125 सरकारी क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। विभाग ने अब तक 21375.16लाख रुपये का भुगतान किया है। सरकारी क्रय केंद्र सूने पड़े हैं। केंद्र प्रभारी मिल पर जाकर धान की कुटाई व चावल उतरने की प्रक्रिया में जुट गए हैं। जिले मे धान खरीदने के लिए छह एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप गई है जो लगातार किसानों से धान खरीद कर रही हैं। इन एजेंसी में खाद्य विभाग, पीएसएफ, यूपीपीसीयू, मंडी समिति तथा भारतीय खाद्य निगम हैं। शासन ने इन एजेंसियों को 105000 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया गया था। अब तक जिले में 100245.449 मीट्रिक टन की खरीद हो पाई है। जो लक्ष्य के सापेक्ष करीब 95 फीसदी होता है। शासन का स्पष्ट निर्देश है किसानों को मूल्य समर्थन योजना का लाभ मिले। इसमें किसी भी तरीके की लापरवाही ना हो, जो लक्ष्य जिले को मिला है इसको हर हाल में पूरा किया जाए। ताकि अधिक से अधिक किसान मूल्य समर्थन योजना का लाभ उठा सकें। धान खरीद से जुड़े अफसर के लिए लेवी चावल को भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने की भी चुनौती है। अधिकारी लगातार मिल पर पहुंचकर धान कुटाई का भी जायजा ले रहे हैं। जो रिकवरी चावल की होनी चाहिए उसको भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में पहुंचने के लिए मिल कर्मियों से लगातार संपर्क में है। अब तक भारतीय खाद्य निगम में कुटाई के सापेक्ष 61058.88 मीट्रिक टन चावल गोदाम में पहुंच चुका है, जो करीब 97 फीसदी होता है। अवशेष चावल की कुटाई व गोदाम में पहुंचने के लिए अफसर लगे हुए हैं। धान खरीद से जुड़े अफसर का दावा है कि जिन किसानों ने अपने उपज को सरकारी केंद्र पर लाकर बेचना चाहा है उनका खरीदा गया है।

सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने को लेकर किसानों को जागरूक भी किया गया था। खरीद सत्र का समापन हो रहा है ऐसे में जिन किसानों का धान नहीं बिका हो तो वह केंद्र पर लाकर बेच सकते हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि ने बताया कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष 95 फ़ीसदी से अधिक की खरीदारी हो गई है।

# ओमान में युवक की मौत पर गांव में छाया मातम

इटियाथोक, गोंडा

▶▶ शव को ओमान से जल्द से जल्द गांव मंगवाने की मांग

**अमृत विचार।** ओमान की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने गए युवक की 24 फरवरी दिन शनिवार को संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया है। इसकी सूचना मिलने पर छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय कोतवाली इटियाथोक के गांव कुरसहा निवासी राकेश कुमार उपाध्याय के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। कहा कि यह बहुत दुख की घड़ी है इस दुख की घड़ी में छात्र पंचायत परिवार के साथ खड़ी है और शाम को विदेश मंत्री को पत्र लिखने को भी बताया है। मृतक के शव को ओमान से जल्द से जल्द गांव में लाया जाएगा इसका आश्वासन भी दिया है। मृतक के भाई राजेश ने बताया कि हमने अपना भाई खोया है और मृतक के शव का अंतिम दर्शन का अधिकार भगवान ने सबको दे रखा है। हमारी सरकार से यही मांग है कि हमारे भाई के शव को जल्द से जल्द हमारे गांव भिजवा दे जिससे परिवार व गांव वाले अंतिम दर्शन कर सकें इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ल, दीपक, सतीश मिश्रा, शुभम आदि लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्नी पर हमला करने वाला पति गिरफ्तार

**जरवलरोड, बहराइच :** पत्नी पर धार दार हथियार से हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जरवलरोड के ग्राम बमभौरा बगरे पुरवा निवासी 30 वर्षीय गुड़िया पुत्री राम कुमार पर उसके पति ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे सुनसान गली में अकेला पाकर प्राण घातक जानलेवा हमला कर दिया था। पीड़िता की तहरीर पुलिस में नाम जब मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद ने बताया नामजद आरोपी जिला बाराबंकी थाना रामसनेही घाट ग्राम बसईगा पुर निवासी रामाधार पुत्र रवि नंदन को सब्जी मंडी जरवलरोड से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण आज

**बहराइच :** पयागपुर में नव निर्मित अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल किया जायेगा। जबकि पयागपुर में पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधि द्वारा लोकार्पण किया जायेगा।

### किसानों का दल रवाना

**बहराइच :** उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत श्री अन्न के उत्पादन एवं उपभोग को बढावा देने के लिए जनपद के 20 अधिकारियों/कर्मचारियों तथा जनपद के समस्त विकासखण्डों के 80 कृषकों का आनसाईट अध्ययन के माध्यम से उनका क्षमतावर्धन करने हेतु अन्तर्राज्जीय आनसाईट भ्रमण कार्यक्रम है। भ्रमण के लिए गोविन्द बल्लभ पन्त, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पन्तनगर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड के लिये भ्रमण दल को उप कृषि निदेशक, टीपी शाही द्वारा कृषि भवन बहराइच से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

# भोजपुरी व बालीवुड नाइट में झूमे शहर के लोग

संवाददाता, बहराइच




शहर के गेंद घर में आयोजित कार्यक्रम में गायिका को सम्मानित करतीं सीडीओ और सिटी मजिस्ट्रेट और कार्यक्रम में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं पौराणिक महत्व को सहेजने तथा आमजन से साक्षात्कार कराये जाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुए 03 दिवसीय बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन की शाम बॉलीवुड व भोजपुरी नाईट के नाम रही। नगरवासियों के उमड़े जनसैलाब के बीच शिल्पीराज द्वारा प्रस्तुत भोजपुरी गीतों तथा अल्ताफ राजा द्वारा प्रस्तुत किये गये बॉलीवुड सांग ने माहौल को रूमानी बना दिया। जबकि बहराइच महोत्सव के समापन पर रंग बिरंगी आतिशबाज़ी का भी लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया।

शहर के गेंदघर मैदान में 25 फरवरी से जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से बहराइच महोत्सव का आयोजन चल रहा था। मंगलवार रात को कार्यक्रम का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और आतिशबाजी के साथ हुई। कार्यक्रम में बॉलीवुड गायक अल्ताफ रजा ने एक से बढ़कर एक नगमा और गीत सुनाए। जिसे सुनकर आम लोगों के साथ अधिकारी भी झूमने लगे। इसके बाद गायिका दिशा अग्निहोत्री ने गीत प्रस्तुत किया। रात 12 बजे बिहार की भजपुरी गायिका शिल्पी राज ने भोजपुरी और फिल्मी गीत प्रस्तुत कर चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम के अंत में आतिशबाजी हुई। पूरी रात शहर के लोग बहराइच महोत्सव का आनंद उठाते रहे। इस अवसर पर सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड़, सांसद कैसरगंज ब्रजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, महसी सुरेश्वर सिंह के प्रतिनिधि अखण्ड प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के प्रतिनिधि करणवीर सिंह, प्रमुख तजवापुर के प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी दीपेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ज्योति चौरसिया, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया व अन्य अधिकारी, उद्यमी, व्यापारी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, मीडिया प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# न्यायालय बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी का आदेश कागजों में सीमित

बहराइच

**अमृत विचार :** पयागपुर अंतर्गत तहसील में कर्मचारियों से लेकर बड़े अधिकारी तक स्थानीय नेताओं व भूमाफिया के इशारों पर कार्य कर रहे हैं। जिससे न्याय नहीं मिल रहा।

ग्राम पैतौरा पयागपुर तहसील निवासी पीड़ित जगश्याम ने बताया कि उसकी पुस्तानी भूमि उसके सगे भाई जिनके कोई औलाद नहीं थी, अपने जीवन काल में भाईयों को वसीयत कर दिया था। जो ग्राम सहसरावा व ग्राम पैतौरा पयागपुर में स्थित है। उपरोक्त भूमि के नामांतरण के लिए पीड़ित ने सन 2010 से चकबंदी न्यायालय बहराइच में वाद दायर किया था। मुकदमा के दौरान कूटरचना के तहत भाई की तथाकथित पत्नी ने भूमि अपने नाम वरासत करा लिया। अब जमीन को बेचना चाहती हैं। जिस पर न्यायालय बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी ने उक्त विवादित भूमि को बिक्री व बंधक पर 29 जनवरी को रोक लगाने का आदेश पारित किया है। न्यायालय चकबंदी अधिकारी प्रथम 14 फरवरी को खतौनी में अमलदरामद हेतु परवाना तहसील पयागपुर भेजा गया। लेकिन विपक्षी को लाभ पहुंचाने के लिए अधिकारियों द्वारा अब तक अभिलेखों में दर्ज नहीं किया जा रहा है। इस बारे में जब राजेश सोनी एसीओ चकबंदी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। जिसके चलते उनका पक्ष नहीं जाना जा सका।

# नहर में मिला बालक का शव

## परिवार के साथ बारात में शामिल होने आया था

रायबोझा, बहराइच



नहर में बालक का शव मिलने के बाद जमा भीड़।

**अमृत विचार :** जिले के चौधरी गांव से रुपईडीहा थाना क्षेत्र में मंगलवार को बारात आई थी। बारात में शामिल बालक रहस्यमय हालत में गायब हो गया था। बुधवार सुबह उसका शव नहर में उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मोतीपुर थाना क्षेत्र के चौधरी गांव निवासी एक ग्रामीण की बारात रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चिकनिया गांव में सोमवार को आई थी। कुछ बराती गांव में रुक गए थे। बारात में गांव के लोग काफी संख्या में आए थे। बारात में शामिल 8 वर्षीय नैतिक शाम को टहलते हुए रहस्यमय हालत में गायब हो गया था। परिवार के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। बुधवार सुबह नैतिक का शव ग्राम पंचायत मदरिया के खन्नापुरवा गांव के पास नहर में उतराता मिला। इस पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बालक के शव को बाहर निकलवाया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि बालक के नहर में डूब कर मौत हुई है। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे में उसे नहर की ओर खेलते हुए जाते हुए देखा गया है जिसमें वह नहर में मिट्टी का ढेला फेंकते हुए देखा गया है।

### नियुक्ति पत्र पाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चेहरे खिले

**बहराइच :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 3077 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं 173 करोड़ रुपये की लागत से प्रदेश के 31 जनपदों में 1459 जिसमें जनपद बहराइच के 41, आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों का शिलान्यास कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद बहराइच अक्षयबर लाल गोड, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडीडीआरडीए राज कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की गरिमामयी उपस्थिति में सजीव प्रसारण हुआ। सांसद अक्षयवर लाल गोड द्वारा विधायक नानपारा, मुख्य विकास अधिकारी के साथ नवनिर्मित होने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों के शिलालेख का अनावरण किया तथा आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर नव चयनित 50 लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

संवाददाता, बहराइच



कार्यक्रम में मौजूद उप कृषि निदेशक और किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाराष्ट्र राज्य के जनपद यवतमाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 16वीं किश्त का डिजिटली हस्तान्तरण किया। इस अवसर पर जनपद के समस्त विकास खण्डों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हुआ तथा कृषि अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विषय विशेषज्ञों की मौजूदगी में जायद गोष्ठी का आयोजन कर कृषकों को वैज्ञानिक तरीके से खेती किसानी करने, संतुलित उर्वरकों के उपयोग तथा श्री अन्न तथा जैविक खेती के लाभों के बारे में बताया गया।

विकास खण्ड विशेश्वरगंज के कृषि कल्याण केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने कृषकों का आहवान किया कि कृषि वैज्ञानिकों के सुझाव के अनुसार खेती करें। त्रिपाठी ने कहा कि ज़ायद फसलों के बारे में कृषकों द्वारा जो सुझाव दिये गये हैं किसान भाई उसे खेती किसानी में अपना कर अपनी आय को दोगुना करें। उन्होंने कहा कि जायद की फसल के लिए सभी किसानों को समय से बिजली, पानी एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जायेगी। कार्यक्रम के अन्त में विधायक ने 16वीं किश्त की धनराशि प्राप्त होने पर किसानों को बधाई दी। इसी प्रकार कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच में उप कृषि निदेशक टीपी शाही, पयागपुर में मण्डल अध्यक्ष राम गोपाल शुक्ला, तेजवापुर में बलक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पाण्डेय, महसी में मण्डल अध्यक्ष संजय त्रिवेदी, बलहा में पिछडा वर्ग अध्यक्ष कृपा राम वर्मा, शिवपुर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी, रिसिया में ब्लाक अध्यक्ष हेमन्त कुमार वर्मा, नवाबगंज में ब्लाक प्रमुख जेपी सिंह, मिहींपुरवा में मण्डल अध्यक्ष जगतजीत पाण्डेय, हुजूरपुर में मण्डल अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, फखरपुर में विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा व कैसरगंज में मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंह, जरवल में मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषक व पार्टी पदाधिकारी लाईव स्ट्रीमिंग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# नवनिर्मित एयरपोर्ट का डीएम ने किया निरीक्षण

श्रावस्ती



नवनिर्मित एयरपोर्ट का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने मंगलवार को जनपद के कटरा श्रावस्ती में स्थित नवनिर्मित एयरपोर्ट का निरीक्षण कर जायजा लिया। साथ ही भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के गाइडलाइन के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट पर रनवे, संत्री पोस्ट, गार्ड रूम, पंप रूम, मेट ऑफिस, लैगेज रूम आदि का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बताया कि 19 सीटर विमान के उड़ान के लिए नवनिर्मित एयरपोर्ट को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा संचालन के लिए सभी कार्यवाही लगभग पूर्ण कर ली गई है। जनपद में हवाई सेवा शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को रोजी-रोजगार मिलेगा तथा नये संसाधनों का रास्ता भी खुलेगा। उन्होने कहा कि यह जनपद भगवान बुद्ध तपोस्थली होने के नाते यहां देश-विदेश से हर वर्ष लाखों पर्यटक आते हैं। इसके संचालन से सभी लोग आसानी से अन्य राज्यो एवं जिलों से जुड़ सकेंगे, जिससे रोज़गार को भी बढ़ावा मिलेगा तथा जिले के विकास में और गति आयेगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कुमार गौरव तहसीलदार इकौना विपुल सिंह, नायब तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी सहित एयरपोर्ट अथारिटी के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित साइबर क्राइम पुलिस थाना व एटीएस यूनिट का वर्चुअली उद्घाटन



श्रावस्ती, अमृत विचार। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के कुल 57 साइबर क्राइम थानों का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। जिसके तहत जनपद में जिला पुस्तकालय के निकट नवनिर्मित आतंकवाद निरोधक दस्ता के फील्ड यूनिट भवन एवं पुलिस लाइन स्थित साइबर पुलिस थाना का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम का नवनिर्मित ए0टी0एस0 भवन में सजीव प्रसारण किया गया, जिसे जिलाधिकारी कृतिका शर्मा, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया एवं विधायक श्रावस्ती के प्रतिनिधि अवधेश पाण्डेय की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने भी शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में आतंकवाद एवं साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शासन द्वारा साइबर अपराधों तथा इनमें लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु प्रदेश के सभी जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थानों की स्थापना की जा रही है। जिसके तहत जनपद में भी पुलिस लाइन परिसर में अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त साइबर क्राइम पुलिस थाने का लोकार्पण किया गया। जिससे लोगों के साथ होने वाली साइबर धोखाधड़ी से बचाया जा सकेगा तथा उन्हें न्याय दिलाया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस थाने में जनपद में प्राप्त होने वाली साइबर अपराध से संबन्धित सभी शिकायतों का पंजीकरण किया जायेगा तथा थाने स्तर से ही विवेचना कर साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### डीएम ने अपने कक्ष के बाहर लगाया जनता दरबार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने प्रतिदिन की तरह बुधवार को जनता दर्शन आयोजित कर फरियादियों की समस्याओं को सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने कक्ष के बाहर ही जनता दरबार लगाकर फरियादिदों की समस्याओं को गम्भीरता सुना तथा समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया। जनता दरबार में 11 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी। इन शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रात : 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

# विधायक ने नव चयनित सहायिकाओं को प्रदान किए नियुक्ति पत्र



**श्रावस्ती, अमृत विचार :** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनवाड़ी सहायिकाओं को आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित होने पर उन्हें नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट स्थित एन आई सी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की 28 आंगनवाड़ी सहायिकाओं को चयनित किया गया। विधायक रामफेरन पाण्डेय ने नव चयनित आंगनवाड़ी सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान किया तथा मेहनत से कार्य करने और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। विधायक ने कहा कि देश एवं प्रदेश सरकार लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। आंगनवाड़ी के पद पर चयन पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी पूर्ण तरीके से हुआ है। ये आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मेहनत से कार्य करके नवजात शिशुओं, गर्भवती महिलाओं/धात्री महिलाओं को सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाए मुहैया कराएंगी। उन्होंने ने कहा कि शासन द्वारा आंगनबाड़ी सहायिकाओं का आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित की गई है। सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री सेवाभाव से कार्य कर अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा अधिक से अधिक शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करें। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 दास, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, आशुतोष पाण्डेय, विनय कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


## वर्ग पहेली-357

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी
5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।
7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।
2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।
3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।
6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



### वर्ग पहेली - 356 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | | | | 2 तु | |
| गा | | 3 सु | | ल | |
| ना | | हा | | नी | |
| | 4 कु | व | ल | य | |
| 5 र | ल | ना | | | 6 खु |
| | प | | | | र |
| 7 इ | ति | हा | स | | हा |

## सुडोकू -74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

### सुडोकू - 73 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06.21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 10.22 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

**कर्क** — आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या** — आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

**तुला** — आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** — आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**धनु** — आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**मकर** — आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

**मीन** — आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जुआरी — सुबह : 11.25
- धड़कन — शाम : 06.44

SONY MAX
- झूम बराबर झूम — सुबह : 11.30
- ऑल द बेस्ट — रात : 07.00

SONY PIX
- द डार्क नाइट — सुबह : 10.42
- द कॉन्ज्यूरिंग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- बैंजो — सुबह : 10.30
- ये साली आशिकी — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- क्वीन — सुबह : 09.20
- कुछ कुछ होता है — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

## एक नजर

### आत्मरक्षा प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होंगे प्रशिक्षक

**बहराइच,अमृत विचार :** जनपद के 46 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जाने के उद्देश्य से मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र धारक 15 लोगों का 03 माह के लिए प्रशिक्षक के रूप में चयन किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षकों को सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा रु. चार हजार की दर से मानदेय दिया जायेगा। चयन की योग्यता रखने वाले ऐसे व्यक्ति जो ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी कार्य करने के इच्छुक हों पंजीकृत डाक अथवा हाथों हाथ अपने आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक बहराइच के कार्यालय में 04 मार्च तक जमा कर सकते हैं। विलम्ब से प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। जानकारी देते हुए डीआईओएस नरेन्द्र देव ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नाम, अभिभावक का नाम, जन्म तिथि, लिंग, निवास का पता, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता से सम्बन्धित विवरण तथा एक अदद फोटो के साथ निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी के लिए उनके कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

### पेड़ से गिरे श्रमिक की हुई मौत

**तेजवापुर, बहराइच, अमृत विचार :** शहर से सटे भटपुरवा गांव निवासी एक श्रमिक की बुधवार को पेड़ से गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। कोतवाली देहात के भटपुरवा निवासी सीताराम (45) परिवार के भरण पोषण के लिए दैनिक मजदूरी पर लकड़ी काटने का काम करते थे। बुधवार को वह एक ठेकेदार के साथ लकड़ी काटने के लिए रंजीतपुर गया था। जहां वह पेड़ पर चढ़ कर लकड़ी काट रहा था, इस दौरान असंतुलित होकर नीचे गिर गया। हादसे में सीताराम गंभीर रुप से चोटिल हो गया। ग्रामीणों ने इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाल बृजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सांड़ के हमले में महिला घायल

**हरदी, बहराइच :** क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों का हमला थम नहीं रहा है। एक दिन पूर्व सांड के हमले में मौत हो गई थी। वहीं मंगलवार को सांड के हमले में महिला घायल हो गई। हरदी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत माधवपुरवा करेहना निवासी मन्नू देवी पत्नी गणेशी प्रसाद मंगलवार सुबह घर के सामने बैठी थी वह बच्चे को खिला रही थी, तभी एक सांड आ गया। उसने महिला को सींग से उठाकर पटक दिया। जिस महिला गंभीर रूप से घायल हो गई उसे आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती करवाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर एटीएस लगाएगी अंकुश




पुलिस लाइन में आवास का उद्घाटन करते सांसद, विधायक और कार्यक्रम मे मौजूद पुलिस अधीक्षक साथ में एडीएम। अमृत विचार

संवाददाता,बहराइच

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पुलिस लाइन में बने साइबर थाना और पुलिस आवास का वर्चुअल उद्घाटन किया। जिला मुख्यालय पर सांसद और विधायक ने एसपी की मौजूदगी उद्घाटन किया।

शहर के पुलिस लाइन में साइबर थाने का निर्माण हुआ है। इसके अलावा पुलिस लाइन में ही पुलिस विभाग के 32 नए आवास बने हैं। इसका उद्घाटन बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लखनऊ से वर्चुअल किया गया। मुख्यमंत्री ने संबोधन करते हुए सरकार की योजना से अवगत कराया। कहा कि सरकार विकास के साथ सुरक्षा मजबूत करने में लगी है। मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद सांसद अक्षयवर लाल गोंड, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल और नानपारा विधायक राम निवास वर्मा ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की मौजूदगी में उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि भारत नेपाल सीमा पर एटीएस थाना स्थापित और उसके संचालन से देश विरोधी गतिविधियां रुकेंगी। एसपी ने कहा कि बाबागंज में स्थापित एटीएस यूनिट से राष्ट्र विरोधी तत्व अपनी मंशा में कामयाब नहीं हो सकेंगे। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ पयागपुर हीरा लाल कनौजिया, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया समेत साइबर थाना प्रभारी के अलावा अन्य मौजूद रहे।

# थाना परिसर में अव्यवस्था देख नाराज हुईं एसपी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने शहर में संचालित महिला थाने का बुधवार शाम को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में काफी गंदगी और अव्यवस्था मिली। इस पर वह महिला थानाध्यक्ष पर नाराज हो गई उन्होंने व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी।



महिला थाने का निरीक्षण करती एसपी। अमृत विचार

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने महिला थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण भवन की रंगाई-पुताई एवं मरम्मत की आवश्यकता प्रतीत हुई, जिसके सम्बन्ध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि उपलब्ध अनुदान के तहत रंगाई-पुताई व मरम्मत का कार्य कराये। थाने परिसर में सभी जगह अत्यधिक धूल मिट्टी एवं अव्यवस्थित ढंग से रखा हुआ फर्नीचर पाया गया। जिस पर एसपी ने नाराजगी व्यक्त की तथा थाने परिसर के अंदर व बाहर उच्च साफ-सफाई बनाये रखने के लिए निर्देशित किया गया। थाने परिसर के अंदर कई जगह बहुत बड़ी घास पाई गयी, जिसको कटवाने को कहा। आवासीय भवन जर्जर स्थिति में है उनको तत्काल रूप से मरम्मत कराने के लिए बताया गया ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना किसी भी पुलिस कर्मी व उनके परिवार के साथ न घटे। आगंतुकों के लिए पानी पीने की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई, जिसके सम्बन्ध में तत्काल वाटर डिस्पेंसर लगाकर लगाके पीने के पानी की व्यवस्था की बात कही। थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ कैमरे गलत दिशा में लगे हुए पाए गए, जिनसे उपयोगी फुटेज नहीं प्राप्त हो पा रही थी उनकी दिशा सही करने को बताया गया। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष शीला यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में 3 युवकों की हुई मौत, 18 घायल

## चार थानाक्षेत्रों के छह स्थानों पर हुईं दुर्घटनाए, राम गांव में मोरंग लदा ट्रक पलटने से चालक की मौत

कैसरगंज/रामगांव, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के चार थानो के छह विभिन्न स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवको की सांसे थम गई। जबकि एक बालिका सहित 18 लोग घायल हो गए। टैम्पो पलटने पर पहुंची पीआरवी पुलिस टीम को आते देख अधिकांश यात्री खिसक लिए। आठ घायलो को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। रामगांव थाने के बहराइच महसी रोड पर बुधवार सुबह लगभग दस बजे खैरटिया हमीनपुर के पास महसी की ओर जा रहे मोरंग लोड डम्पर की पिछली बाडी टूटकर चालक केबिन पर जा गिरी। तब तक खलासी लखनऊ जिले के मलिहाबाद थाने के मौआज्जमपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र पप्पू कूद कर भूमि पर गिरकर बेहोश हो गया। जबकि मौआज्जमपुर निवासी चालक 45 वर्षीय रंजीत सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह मोरंग में दब गया। जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष शशिकुमार राणा पुलिस बल व जेसीबी के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि चालक मोरंग से गंभीरावस्था में निकाल एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भेजा गया।



लखनऊ – बहराइच मार्ग हादसे के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

वहां चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी गईद पयागपुर थाने के सतपेड़िया के मजरे धोबियनपुरवा निवासी 30 वर्षीय जिलेदार पुत्र स्वामी दयाल बुधवार दोपहर रिक्शा ठेलिया से समसा तरहर ईंट उतारकर अपने गांव आ रहा था। वह अचानक ठेलिया से गिरकर बेहोश हो गया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। नेपाल के बांके जिले के मिठईया थाने के दहौरा निवासी 65 वर्षीय बाबादीन पुत्र भैरव मंगलवार को रिश्तेदारी में श्रावस्ती जिले के सिरसिया थाने के तालबघौड़ा आया था। वहां से बाइक से वह बुधवार दोपहर बाइक से अपने गांव जा रहा था। श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाने के कलकलवा डैम पर वह बाइक खड़ी कर लघु शंका कर हाईवे पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। घायल को मल्हीपुर सीएचसी से बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया। हरदी थाने के सीतारामपुरवा निवासी 45 वर्षीय खिलावन पुत्र सीताराम बुधवार दोपहर में महाराजगंज से साईकिल टायर खरीद पैदल घर जा रहा था।




राम गांव क्षेत्र में पलटा ट्रक। अमृत विचार

इसी दौरान बाइक की टक्कर से वह घायल हो गया। टक्कर होते ही बाइक पलटने से बाइक सवार रामगांव थाने के रेहुवा मंसूर निवासी 25 वर्षीय अनीस पुत्र रमजान व उसकी बहन किताबुल घायल हो गए। तीनो घायलों को एंबुलेंस से मेडिकल कालेज लाया गया है। रामगांव थाने के नानपारा बाईपास सब्जी मंडी के पास बुधवार दोपहर मे बोलेरो ने बाइक मे टक्कर मार दी। जिसके चलते बाइक सवार रिसिया थाने के बंगलाचक सुभाष नगर निवासी 70 वर्षीय राम वचन पुत्र रघुनंदन, उसका बेटा 45 वर्षीय पुष्प पाल घायल हो गए। दरगाह थाने के बहराइच जमुनहा मार्ग पर जौहरा गांव के पास बुधवार दोपहर मे तेज रफ्तार अनियंत्रित टैम्पो पलट गया। टैम्पो पर सवार लगभग एक दर्जन यात्री घायल हो गए। पुलिस के पीआरवी वाहन को देख अधिकांश घायल खिसक लिए। जबकि तीन घायलों श्रावस्ती जिले के सोनवां थाने के महंथपुरवा निवासी राकेश पुत्र नन्हे राम, रामकरन पुत्र लालजी, दुखीराम पुत्र साबित राम को पीआरवी ने एंबुलेंस मंगाकर मेडिकल कालेज भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### भाकियू भानू के देवीपाटन मण्डल अध्यक्ष बने धर्मचंद महेश

**जरवल, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के धनसरी निवासी किसान नेता धर्मचंद महेश को देवीपाटन मंडल का अध्यक्ष मनोनीत कियागया है। इससे पहले वह जिला प्रभारी बहराइच के पद पर रहते हुए संगठन की गतिविधियां चला रहे थे। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने देवीपाटन मंडल में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जरवल विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धनसरी निवासी किसान नेता धर्मचंद महेश को देवीपाटन मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। देवीपाटन मंडल में संगठन को मजबूत कर मण्डल और जिलों की कार्यकारिणी घोषित करने का निर्देश दिया है। श्री महेश एक दशक से किसानों की समस्याओं को उठाते रहे है।किसानों की समस्याओं के निराकरण को लेकर वह निरन्तर प्रयन्तशील भी रहे।इससे पहले बहराइच में किसान संगठन के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।इनके मनोनयन पर प्रदेश संगठन मंत्री गजराज सिंह,प्रदेश प्रवक्ता शिवभूषण सिंह,जिलाध्यक्ष गोंडा राजेश कुमार सिंह,प्रदेश महासचिव हसनैन खान,आदित्य प्रसाद शर्मा,अनुरूद्ध प्रसाद गौतम,इरफान अहमद,नंदलाल वर्मा,विजय राज यादव, रजीउद्दीन बछन् समेत लोगों ने हर्ष ब्यक्त किया है।



नव नियुक्त हुए मंडल अध्यक्ष।

### प्रशिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश



डायट में बीएसए के साथ मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** डायट पयागपुर में बुधवार को शिक्षकों के अकादमिक टीम की बैठक हुई। जिसमें शिक्षकों को बेहतर पठन पाठन के निर्देश बीएसए ने दिए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में प्रभारी प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी की अध्यक्षता में जिले की अकादमिक टीम की बैठक सम्पन्न हुयी।बैठक में विद्यालयों का निरीक्षण, प्रभावी कक्षा शिक्षण, शिक्षक छात्र उपस्थित, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, ब्लॉकों में चल रहे भाषा गणितीय प्रशिक्षण की विस्तार रूप से जानकारी प्राप्त की गयी।प्रभारी प्राचार्य, जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी द्वारा डायट पर चल रहे उर्दू प्रशिक्षण का भी निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित शिक्षकों से प्रशिक्षण के बारे में विस्तार रूप से चर्चा की गयी।उन्होंने सभी प्रशिक्षको को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक को मनोज दीक्षित, सुधीर मेहरोत्रा, प्रीति श्रीवास्तव आदि लोगों ने संबोधित किया।इस अवसर पर एआरपी विजय प्रताप सिंह,राजेश कुमार मिश्रा ,पवन कुमार शुक्ला, पवन कुमार मिश्रा ,दिलीप त्रिपाठी ,अध्ययन चौधरी विजय अरविंद,जितेंद्र पाल,आशीष, मोमिन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अचानक ठेलिया से नीचे गिरे युवक की हुई मौत

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत झाला मार्ग पर बुधवार दोपहर में एक युवक ठेलिया से आते समय अचानक गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतपेडिया के मजरा धोबियनपुरवा निवासी जिलेदार पुत्र स्वामी दयाल ईट ढुलाई का कार्य करता था। बुधवार को जिलेदार ग्राम पंचायत झाला तरहर निवासी एक ग्रामीण के यहां ठेलिया से ईंट छोड़ने गया था। इसके बाद वह वापस आने लगा। अचानक वह ठेलिया से नीचे गिर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### पारिवारिक कर्त्तव्यों का निर्वहन करना सिखाती है रामचरितमानस

**राजीचौराहा, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के महसी अन्तर्गत धनावा में चल रही सरस संगीतमयी रामकथा में कथा ब्यास ऊत्तमदास महराज ने षष्ठम दिवस पर सीता स्वयंबर, लक्ष्मण– परशुराम संवाद की बड़ी ही मार्मिक प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि मिथिला नरेश राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह हेतु स्वयंवर रचाया था। कथावाचक ने कहा कि शादी का निमंत्रण उन्होंने महर्षि विश्वामित्र को भी भेजा था। उस समय राम और लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र के साथ उनके आश्रम में थे इसलिए उन्होंने सोचा कि श्री राम लक्ष्मण को भी मिथिला में उनके साथ चलना चाहिए। उसके बाद ऋषि विश्वामित्र राम और लक्ष्मण के साथ मिथिला नगर में पहुंचते हैं जहां पर राजा जनक अतिथि रूप में उनका स्वागत करते हैं। सभी मेहमान राजाओं के आ जाने के बाद राजा जनक उन्हें संबोधित करते हुए कहते है। इसके बाद सीता स्वयंवर की शर्त की कथा सुनाई। इस दौरान कमलेश मिश्र, राघवराम मिश्र महेंद्र मिश्र बहोरी लाल अवस्थी, सौरभ मिश्र प्रदीप मिश्र आदि सैकड़ो की संख्या में श्रोता गण मौजूद रहें।

## प्रभाकांत बने मुलायम यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष



**महसी, बहराइच, अमृत विचार :** महसी क्षेत्र के सिकन्दरपुर निवासी पूर्व छात्र और युवा नेता प्रभाकांत शुक्ल को मुलायम यूथ ब्रिगेड का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। ग्राम पंचायत सिकंदरपुर निवासी प्रभाकांत शुक्ला युवाओं में लोकप्रिय है। इसको देखते हुए मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा द्वारा प्रभाकांत को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर लोकसभा प्रत्याशी रमेश गौतम, पूर्व मंत्री यासर शाह,विधायक मटेरा मारिया शाह,विधायक कैसरगंज आनंद यादव,जिलाध्यक्ष सपा रामहर्ष यादव,पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक रामतेज यादव,वरिष्ठ नेता पं भगतराम मिश्र,पूर्व विधायक पयागपुर मुकेश श्रीवास्तव ,पूर्व विधायक कृष्ण कुमार ओझा,जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व प्रत्याशी पं देवेश चन्द्र मिश्र,पवन शुक्ल,पुनीत समेत सैकड़ों पदाधिकारियों व जनपदवासियों ने हर्ष व्यक्त कर प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया है।

## साइबर ठगों ने कोरियर कर्मी के साथ की ठगी

**बहराइच, अमृत विचार :** साइबर ठगों पर अंकुश नही लग पा रहा है। तमाम जागरूकता की मुहिम के बावजूद साइबर अपराध बढ़ रहे है। एक कोरियर वर्कर को क्रेडिट कार्ड के नाम पर एक लिंक अपलोड करा उसके बैंक खाते से धनराशि गायब कर दी है। मामला रानीपुर थाने के पिपरिया महिपाल सिंह गांव का है। यहां के निवासी ओम प्रकाश मौर्या पुत्र हीरा लाल कोरियर का कार्य करते है। उनका इंडसंड बैंक से क्रेडिटकार्ड आने वाला था। 20 जनवरी को उसके मोबाइल पर एक काल आई। उधर से अपने आप को बैंक अफसर बताकर कहा गया कि उसके क्रेडिटकार्ड को ऐक्टिवेट करना है। उसे एक लिंक दिया गया। कहा गया कि किसी दूसरे बैंक के क्रेडिटकार्ड का नम्बर डाल दिजिए। जिससे आपका नए क्रेडिटकार्ड को एक्टिवेट किया जाएगा। ओमप्रकाश ने लिंक को डाऊनलोड कर आईसीआईसीआई बैंक का नम्बर भर दिया। इसी दौरान ओम प्रकाश का मोबाइल हैक कर चार किश्तो में 2,33, 602 रूपये खाते से गायब कर दिए गए। पीड़ित इंडसंड बैंक के अफसरों के पास शिकायत लेकर गया। नतीजा शून्य रहने पर उसने थाने में तहरीर दी। थानाध्यक्ष आरती वर्मा ने बताया कि धोखाधड़ी व आईटी एक्ट की धाराओं में दिए गए मोबाइल नम्बर को दर्ज कर केस दर्ज कराया गया है।

# ग्रामीण पत्रकार एसो.की कार्यकारिणी गठित

बहराइच

**अमृत विचार :** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन शाखा बहराइच की बैठक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में हुई। बैठक में उपस्थित पत्रकारों को फूल-मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन के मुख्य अतिथि एवं देवीपाटन मण्डल के अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने खबर नबीसों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आइना है। इसलिए उसकी जिम्मेदारी है कि अपने दायित्वों का निर्वहन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष समाचारों का ही संकलन करे। यदि इसके बावजूद पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर किया जाता है तो समूचा संगठन उसके साथ पूर्ण मनोभाव से खड़ा है।



कार्यकारिणी गठन के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कुंवर दिवाकर सिंह ने पत्रकार साथियों के आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि 'संघे शक्ति कलयुगे'। उपस्थित साथियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में पत्रकारिता अग्नि परीक्षा सरीखी है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के निर्देशानुक्रम में एसपी मिश्र ने जिलाध्यक्ष कुंवर दिवाकर सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बीएस परिहार, उपाध्यक्ष शेर सिंह कसौधन, विष्णु कुमार, इसराइल अंसारी, इंम्तियाज को भी जिला उपाध्यक्ष अब्दुल कादिर मुन्ना को महामंत्री, आशीष शर्मा संयुक्त मंत्री महिला विंग संयोजक पिंकी सिंह को नियुक्त किया। बैठक में विशेष अतिथि मुकेश पाण्डेय, अमित पाण्डेय समेत सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

# 342 बेटियों को मिला जीवन साथी

**बहराइच, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 342 कन्याओं का विवाह बुधवार को हुआ। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विवाह हुआ। शहर के गेंद घर मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गोंड रहे। सांसद ने जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर अनुपमा जायसवाल, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, विधायक पयागपुर के प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी की मौजूदगी में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित हुआ। एक ही मंडप में 16 मुस्लिम जोड़े और शेष हिंदू जोड़ों का विवाह कराया गया। इसके बाद सभी की विदाई हुई। विदाई में समाज कल्याण विभाग की ओर से दान दहेज भी दिया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद देकर विदा किया।



सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े। अमृत विचार

### सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुसी पिकअप, चालक घायल

**पयागपुर, बहराइच :** इकौना पयागपुर मार्ग पर बुद्धिपुरवा के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में एक पिकअप जा घुसी। जिससे पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी इकौना भेजा गया जहाँ पर हालत गंभीर देख उसे जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार लखनऊ के हंसखेड़ा मोहल्ला थाना पाराचौकी निवासी विशाल सिंह टावर का सामान लेकर पिकअप वाहन से बलरामपुर जा रहे थे। पयागपुर थाना क्षेत्र के इकौना मार्ग पर बुद्धिपुरवा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में उनक पिकअप वाहन पीछे से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गये।थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और तुरन्त एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखकर उन्हें जिला अस्पताल बहराइच भेज दिया।

**पहल** आशा व ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते में से सामानों की हुई खरीद, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में होगा सुधार

# अब चारपाई पर बैठ कर टीका नहीं लगाएंगे स्वास्थ्यकर्मी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** कभी मांगी हुई चारपाई और तख्त पर बैठ कर टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य सेवायें देने वाले अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता अब स्वयं के संसाधनों का उपयोग कर सकेंगे। इससे जहां उन्हें स्वास्थ्य सेवायें देने में सहूलियत होगी वहीं नए उपकरणों की उपलब्धता से जांच व अन्य सेवाओं की गुणवत्ता में इजाफा होगा । इसके लिए कोई अलग से बजट की व्यवस्था नहीं की गयी है बल्कि जिलाधिकारी की पहल से आशा व ग्राम प्रधान के संयुक्त खाते में जमा धनराशि का सदुपयोग किया गया है।



संयुक्त खाते से खरीदे गए सामान के साथ मौजूद स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

जिला स्वास्थ्य ,शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर गठित वीएचएसएनसी (ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति) का खाता ग्राम प्रधान व आशा कार्यकर्ता के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित होता है। स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण के मानकों को सुद्रण करने के लिए खाते में प्रत्येक वर्ष अधिकतम 10 हजार रुपए का प्रावधान है। इस धनराशि का उपयोग जिस मात्रा में होता है दूसरे वित्तीय वर्ष में उतनी ही धनराशि इस खाते में पुनः भेज दी जाती है। यानि प्रत्येक वित्तीय वर्ष की शुरुआत में इस खाते में अधिकतम दस हजार की धनराशि को बनाए रखा जाता है। उन्होंने बताया कई अलग-अलग कारणों से कुछ समितियां इस धनराशि का कोई उपयोग नहीं कर रही थी। जिलाधिकारी ने इस धनराशि का उपयोग वीएचएसएनडी सत्रों के बेहतर संचालन में उपयोग करने के लिए निर्देशित किया। ताकि ग्राम स्तर पर गर्भवती , धात्री, बच्चों और किशोरों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवायें मिल सकें। डीपीएम सरजू खान ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आशा कार्यकर्ता व ग्राम प्रधान के सहयोग से वीएचएसएनसी की इस धनराशि से कुर्सी, मेज, चटाई, बाल्टी, जग आदि सामानों की व्यवस्था के साथ ही सत्र स्थल पर गर्भवती के पेट की जांच के लिए स्क्रीनिंग पर्दे की खरीद शुरू हो गयी है ताकि गोपनियता बनी रहे। इसके अलावा सत्र स्थल की साफ-सफाई के साथ ही इस धनराशि का उपयोग लाभार्थियों की जांच के लिए बीपी मशीन , स्टेथोस्कोप , वजन मशीन (वयस्क व बच्चों के लिए) , हीमोग्लोबिनो मीटर आदि उपकरणों की खरीद व मरम्मत का काम वित्तीय एवं क्रय नियमों को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है।

### ग्राम पंचायत का होगा सम्मान

ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवम पोषण दिवस के माध्यम से अंतिम छोर तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में मदद मिलती है। इसके लिए सत्र स्थल पर बैठने की उचित व्यवस्था, पेय जल और आवश्यक जांच उपकरणों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आदर्श व्यवस्था बनाने वाली ग्राम पंचायत व स्वास्थ्य कर्मी को सम्मानित किया जाएगा।

**–मोनिका रानी, जिलाधिकारी**

# खाबड़ में वनरोज को बांधकर क्रूरता करने वाले 3 गिरफ्तार

**बहराइच, अमृत विचार :** राम गांव थाना क्षेत्र में खाबड़ बांधकर एक वनरोज को कुछ लोग हत्या करने की नियत से क्रूरता दिखा रहे थे। इसका वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। वीडियो की जांच के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर के मजरा अकबरपुरवा गांव में कुछ लोगों ने जंगल से भटक कर आए वनरोज को पकड़ लिया। इसके बाद उसकी हत्या करने के नियत से उसकी पिटाई शुरू कर दी। खाबड़ (जाल) में फंसाकर वनरोज को मारने का प्रयास किया। इसका वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशानुसार राम गांव पुलिस ने वीडियो की जांच कर लोगों की तलाश शुरू की। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा की अगुवाई में उप निरीक्षक संजीव कुमार द्विवेदी, सिपाही प्रभात द्विवेदी, सूरज गौड़ की टीम ने गांव निवासी निसार अहमद पुत्र बकरीदी, लंगड़ उर्फ सज्जाद अली पुत्र छिटकऊ और सुफियान पुत्र मेंहदी उम्र करीब 28 वर्ष निवासी अकबरपुरवा रेहुवा मंसूर को गिरफ्तार किया गया। सभी को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वीडियो की जांच के बाद सभी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तारी की गई है।

## एक नजर

### पिकअप की चपेट में आए बालक की हालत गंभीर

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : बुधवार को कोतवाली के बुढ़ाना गांव में कादीपुर दोस्तपुर मार्ग के किनारे अपने फूफा सुक्खू के घर आए अमन (7) किनारे खड़ा था। तभी दोस्तपुर की तरफ से आ रही पिकअप अनियंत्रित हो गई। पिकअप के चपेट में आने से अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पिकअप एवं चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### विज्ञान दिवस पर याद किए गए सीवी रमन

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप पी जी कॉलेज में विज्ञान दिवस के अवसर पर बीएड विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अंशिका सक्सेना ने सीवी रमन के जीवन पर प्रकाश डाला। विवेक निषाद ने शिक्षित भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी उनके अनुसंधान के रोचक तथ्यों के बारे में जानकारी दी। शिखा शुक्ला ने सीवी रमन का जीवन परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ संतोष अंश, डॉ सीमा सिंह के साथ बीएड प्रथम वर्ष के छात्र मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग

सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ थाना क्षेत्र के लोटिया निवासी जमुना प्रसाद डोम ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। जमुना के मुताबिक उसे साल 2006 में आवासीय पट्टा मिला था। जहां मकान बनाकर रहता है। धोपाप धाम में दाह संस्कार के लिए आरक्षित जगह पर लकड़ी रखा है जिससे शवों का दाह संस्कार करता है। शिकायती पत्र में लेखपाल और कुछ अन्य लोग उसे टीनशेड, लकड़ी और सामान हटाने तथा घर गिराने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और सुरक्षा की मांग एसपी से की है।

# घर बनवाने के लिए रखे साढ़े तीन लाख रुपये चोरी

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार की रात नकब लगाकर अज्ञात चोरों ने नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। परिजन जब सुबह जागे तब जानकारी हुई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ थाने पर तहरीर दी है। पुलिस जांच कर रही है।

हलियापुर निवासी राम नारायण सरोज ने बताया कि वह 16 साल से सब्जी की दुकान करता है। घर बनवाने के लिए उसने बॉक्स में जोड़ बटोर कर साढ़े तीन लाख रुपए रखे थे। उधर ग्राम प्रधान से भी सरकारी आवास का आश्वासन मिला था। इस कारण घर नहीं बनवा रहे थे। बीती रात रामनारायण दरवाजे पर और उनकी पत्नी कमरे में सोई थी। अज्ञात चोर रात में दीवार की ईंटों को निकाल कर कमरे में घुस गए। वहा रखे बॉक्स से साढ़े तीन लाख रुपए, पत्नी का सात हजार रुपए कीमत का एक जोड़ी पायल और साइकिल भी उठा ले गए।

### हेल्थ सेंटर पर 14 फरवरी को हुई थी चोरी

जिस घर में चोरी हुई उससे 50 मीटर दूर हेल्थ सेंटर पर बीते 14 फरवरी को रात में ताला तोड़कर फ्रिज, इनवर्टर, बैट्री आदि की चोरी हुई थी। उसकी प्राथमिकी दर्ज कर जांच चल ही रही है कि चोरों ने फिर एक घटना को अंजाम देकर पुलिस को चैलेंज दिया है।

# 8.35 करोड़ से बने अग्निशमन केंद्र का लोकार्पण आज

संवाददाता, सुलतानपुर


बनकर तैयार हुआ कादीपुर अग्निशमन केंद्र का भवन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कादीपुर तहसील क्षेत्र में लोगों को अब आग लगने पर सुलतानपुर मुख्यालय का मुंह नहीं ताकना होगा। अब कादीपुर से ही तत्काल दमकल की मदद मिल जाएगी। 8.35 करोड़ रुपये की लागत कादीपुर में अग्निशमन केंद्र बनकर तैयार है। इसका लोकार्पण गुरुवार को जनप्रतिनिधियों के हाथों किया जाएगा।

जिला मुख्यालय से करीब 40 से 70 किमी पूर्वी क्षेर पर कादीपुर तहसील क्षेत्र अग्निशमन केंद्र विहीन था। जिसके चलते आग की घटनाओं को बुझाने में जिला मुख्यालय से अग्निशमन वाहन भेजा जाता था। दूरी होने के चलते समय लगने से अग्निकांड की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण नहीं मिल पाता था। अग्निकांड की घटनाओं में सब कुछ आग की चपेट में आ जाता था। स्थानीय लोगों की जरूरत व मांग को देखते हुए जिले की सांसद मेनका संजय गांधी, कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने 28 जुलाई 2019 को कादीपुर तहसील मुख्यालय के चांदा रोड पर अग्निशमन केंद्र का शिलान्यास किया था। अग्निशमन केंद्र के निर्माण का जिम्मा कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस जल निगम को मिला था। शिलान्यास के करीब साढ़े चार साल बाद बनकर तैयार हुए अग्नि शमन केंद्र का लोकार्पण जिले की सांसद मेनका संजय गांधी व कादीपुर विधायक राजेश गौतम गुरुवार को करेंगे। आठ करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से बने फायर स्टेशन से अखंडनगर, दोस्तपुर, करौंदीकला व कादीपुर विकासखण्ड के 376 गांवों को लाभ मिलेगा। कादीपुर विधान सभा के लोग अग्निकांड की घटनाओं पर तत्काल नियंत्रण पाने व नुकसान से भी बच पाएंगे। अब क्षेत्र के गांव और नगर में आग की घटनाओं की सूचना के बाद कम से कम समय में अग्निशमन विभाग पहुंचकर स्थितियों पर नियंत्रण करने में सक्षम होगा। फायर स्टेशन पर एक बड़ी एक छोटी दमकल गाड़ी के साथ एक लीडिंग फायर व 10 फायर आरक्षी की तैनाती है।

> 8 करोड़ 35 लाख से बनकर तैयार अग्निशमन केंद्र में 26 आवासीय भवन, प्रशासनिक भवन, गैराज आदि का लोकार्पण गुरुवार को 11 बजे सांसद व विधायक करेंगे। तैयारी पूरी कर ली गई है।
>
> **– संजय कुमार शर्मा,** मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुलतानपुर

# माइनर में मिला ट्रेलर चालक का शव

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शुरू की जांच-पड़ताल

मोतिगरपुर, सुलतानपुर


घटनास्थल पर जांच करने पहुंची पुलिस व इनसेट में संजय प्रताप की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** मंगलवार को घर से निकले युवक का शव भवानीपुर माइनर में बुधवार की सुबह मिला। सिंचाई करने गये लोगों ने शव देखकर मोतिगरपुर पुलिस को सूचना दी। उसकी पहचान घर वालों ने पहुंचकर की। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बुधवार सुबह मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के भवानीपुर माइनर में 45 वर्षीय युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। खेती के काम से निकले कुछ लोगों की निगाह जब माइनर में पड़े शव पर पड़ी तो आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मोतिगरपुर पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को माइनर से बाहर निकलवाया। थोड़ी ही देर में शव की पहचान मोतिगरपुर थाने के मलिकपुर बखरा निवासी संजय प्रताप सिंह पुत्र स्व. शिव बहादुर सिंह के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई विजय प्रताप सिंह ने बताया कि संजय गुजरात के सूरत शहर में पत्नी कुसुम देवी के साथ रहते थे। संजय ट्रेलर चालक था।

सोमवार को ही पड़ोसी महेंद्र सिंह के लड़के की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था। मंगलवार सुबह 10 बजे के करीब घर से निकला था। देर शाम घर नहीं लौटा तो लोगों ने समझा कि बारात गया हुआ है। लेकिन बरात में न होने की सूचना पर आसपास खोजा गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। सुबह घटना की जानकारी लोगों से मिली।

मृतक के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। प्रभारी थानाध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# यौन अपराध के दोषी को तीन साल की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में दो साल पूर्व किशोरी के साथ यौन अपराध करने के दोषी पंकज निषाद को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पवन शर्मा ने बुधवार को तीन साल कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर एक हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन के मुताबिक 17 जनवरी 2022 को आरोपी ने किशोरी के साथ यौन अपराध किया था। पीड़िता की माता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गये गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे का फैसला कर पीड़ित परिवार को न्याय दिया।

# दरोगा के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अदालत से**

▸▸ अमेठी से भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह से जुड़ा मामला

**अमृत विचारः** अमेठी से भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में वादी गवाह तत्कालीन दरोगा आरपी शाही के खिलाफ विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने गैर जमानतीय वारंट जारी किया है।

बचाव पक्ष के वकील राजेश सिंह ने बताया साक्ष्य के लिए जरिए एसपी बीती तारीख पर दरोगा आरपी शाही को तलब किया गया था। परंतु कोर्ट में गवाही देने बुधवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। जिसपर कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर सुनवाई के लिए छह मार्च की तारीख नियत की है। गौरतलब है कि अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। केस चार्ज के बाद अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

# हर एक वोट है महान, यह है देश की शान

संवाददाता, सुलतानपुर


मतदाता जागरूकता रैली को डीएम ने दिखाई हरी झंडी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने स्वीप योजनान्तर्गत कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

राधा रानी कुंवर कृष्ण बालिका इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर शाहगंज चौराहा, राहुल चौराहा, पंत स्टेडियम से होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट में समाप्त की गयी। मतदाता जागरूकता द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रतिदिन संचालित किये जा रहे हैं। जागरूकता रैली द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम अर्थात स्वीप के अन्तर्गत जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जनपदवासियों का मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। छात्राओं द्वारा पोस्टर व बैनर के माध्यम से हर एक वोट है बड़ा महान, यह है अपने देश की शान। सही लोकतंत्र की क्या पहचान, जागरूक मतदाता नैतिक मतदान। हम जागरूक मतदाता है, भारत के भाग्य विधाता है। लोकतंत्र में हर एक वोट जरूरी होता है आदि स्लोगन को पोस्टर के नारों से जागरूक किया। मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एस सुधाकरण, उपजिलाधिकारी संजीव कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रवि शंकर आदि मौजूद रहे।

# पति को अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** परिवार न्यायालय ने गर्भवती पत्नी को तलाक देने का मुकदमा दायर करने वाले पति के विरुद्ध मुकदमे के दौरान अंतरिम गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया है। न्यायाधीश मधु गुप्ता ने भुगतान न करने पर एक महीने के कारावास की चेतावनी भी दी है। मामला शहर में रहने वाली एक विवाहिता का है। जिसका विवाह भक्ति नगर कॉलोनी पांडेयपुर वाराणसी के अभय कुमार श्रीवास्तव के साथ अप्रैल 2021 में हुआ था। उन्होंने कोतवाली नगर में पति व ससुरालीजनों के विरुद्ध एफआईआर और परिवार न्यायालय में गुजारा के लिए मुकदमा दायर किया है।

# व्यवसाय को एक लाख लिए थे उधार, मांगने पर दी धमकी

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार :** आठ माह पूर्व अयोध्या के व्यवसायी ने सुलतानपुर के व्यापारी से एक लाख उधार लिया। उधार का पैसा मांगने पर व्यवसायी को धमकी देते हुए पैसे न देने की बात कही। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

नगर कोतवाली खैराबाद पंजाबी कॉलोनी निवासी गगनप्रीत सिंह ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कक्ष संख्या 16 में बाद दायर किया था। उन्होंने बताया कि बीते 8 से 9 माह पहले नाका बाईपास कोतवाली नगर अयोध्या निवासी सतीश जायसवाल को व्यवसाय के लिए एक लाख उधार दिया था। एक माह में पैसा वापस लौटने को कहा था। तीन चार माह बीत जाने पर जब पैसा वापस नहीं दिया तो जोर देने पर एक लाख का चेक दे दिया। जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गया जानकारी देने पर सतीश ने कहा सुलतानपुर आकर नगद भुगतान कर चेक वापस ले लेंगे। सुलतानपुर आने पर सतीश ने पैसा देने के बजाय गाली गलौज देते हुए धमकी दी कि अब पैसा नहीं देगे। एसपी सुलतानपुर से न्याय की गुहार लगाई। न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट की शरण ली है। कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाल ने आरोपी सतीश के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप


जिला अस्पताल में रक्तदान करते सामाजिक संस्था के सदस्य।

### ब्लड बैंक में 41 महादानियों ने किया रक्तदान

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की ओर से देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले महान वीर सपूत चन्द्र शेखर आज़ाद के बलिदान दिवस की पुण्य स्मृति में जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के पूर्व बीएसए रमेश यादव, योगेश कुमार यादव, मोहम्मद परवेज़, प्रियंका त्रिपाठी, मोहम्मद रिज़वान अंसारी, मोहम्मद सूफ़ियान खान, दीप चंद्र जयसवाल, डा. शादाब खान, प्रियंका त्रिपाठी, दिव्यांश विक्रम सिंह, सर्वेश मिश्रा मुन्ना, इम्तियाज़ खान, मोहम्मद सुल्तान सलाहुद्दीन खान, एजाज अहमद, मोहम्मद फ़िरोज़, मोहम्मद सईद, संतराम अग्रहरी, हसीब खान, इंजी. दानिश खान, राहुल तिवारी, सय्यद आफताब आलम, मोहम्मद ताबिश अहमद, मोहम्मद चांद, मोहम्मद निज़ाम खान, शैलेन्द्र यादव, मोहम्मद परवेज़ खान, आशिफ अली, मोहम्मद अहमद अली, मोहम्मद इमरान खान, नसरुद्दीन खान, मोहम्मद सिराज अहमद, इमरान खान, बृजेश तिवारी, खालिद बशीर, विनीत सिंह, रंजीत कुमार रहे। यहां संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान, वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ आरके मिश्रा, हड्डी रोग विशेषज्ञ सीएल रस्तोगी, दिलीप पांडेय, प्रशांत पांडेय आदि रहे। सभी रक्तदानियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### लखनऊ जा रहे युवा कांग्रेसियों को किया हाउस अरेस्ट

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पेपर लीक, भ्रष्टाचार आदि मामलों को लेकर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के आवाहन पर बुधवार को जिले के कांग्रेसी लखनऊ जा रहे थे। भनक लगते ही स्थानीय पुलिस ने युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विपिन कनौजिया को हाउस अरेस्ट कर लिया। सूचना मिलते ही नाराज कांग्रेसी जिलाध्यक्ष के घर पहुंच प्रशाशन के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी। बुधवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ पेपर लीक, यूपी में महिलाओं व युवाओं पर बढ़ते अत्याचार, नौकरी मांगने वाले युवाओं पर लाठी चार्ज एवं प्रदेश भर में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने का कार्यक्रम था। जिसमें प्रदेश भर के युवा कांग्रेस के नेता कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए लखनऊ के लिए निकल रहे थे। इसी बीच युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विपिन कनौजिया को गोसाईगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने उन्हें घर में हाउस अरेस्ट कर लिया। नाराजगी जाहिर करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी व शहर एवं यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन कनौजिया के आवास पहुंच गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, जिला उपाध्यक्ष मानस तिवारी को एमजीएस चौराहे पर सीताकुंड चौकी इंचार्ज ने अरेस्ट करने पहुंचे। इस दौरान उनकी नोकझोक भी हुई। गोसाईगंज थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि किसी को भी हाऊस अरेस्ट नहीं किया गया था।

### पंचायत की बैठक में तैयार किया गया विकास का खाका

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार कादीपुर में बुधवार को क्षेत्र पंचायत कादीपुर की सामान्य बैठक प्रमुख दिलीप चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कादीपुर क्षेत्र पंचायत के सभी सदस्य/बीडीसी, ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने प्रति भाग किया। बैठक का संचालन करते हुए बीडीओ ज्ञानेंद्र मिश्र ने सदन के पटल पर गत कार्यवाही को पढ़ कर सुनाया। जिसकी सब समझ से पुष्ट की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत के आय और व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। बाल विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं पर उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा की गई।कृषि ,सहकारिता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, लघु सिंचाई, जल निगम, नहर नलकूप वन विभाग, विद्युत विभाग संबंधित समस्याओं पर भी उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने विचारों को रखा और समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम एवं विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

### पालिकाध्यक्ष ने पूजा पाठ के साथ की बोरिंग की शुरुआत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के आम जनमानस को गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या न हो इसके लिए नगर पालिका परिषद और जल कल विभाग द्वारा योजना बनाई गई थी। योजना के अंतर्गत शासन से पेयजल योजना के लिए 20 हार्स पावर के चार नये नलकूप हेतु धन आवंटन की मांग की गयी थी। शासन से धनराशि स्वीकृत के बाद गुरुवार को विवेक नगर चौराहे पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने नलकूप बोरिंग का शुभारम्भ किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि रामलीला मैदान, होटल विजय डीलक्स के पीछे, नगर पालिका जल-कल परिसर में नये नलकूप की स्थापना की जायेगी। साथ ही स्थान चिन्हित कर नगर पालिका व जल-कल विभाग द्वारा मार्च के महीने में 20 मिनी सबमर्सिबल पंप 03 हार्स पॉवर स्थापित किया जायेगा। साथ ही नगर क्षेत्र में खराब पड़े हुए हैंडपंपों को रिबोर भी कराया जाएगा। इस मौक़े पर नगर पालिका, जल-कल विभाग के अवर अभियन्ता, कर्मचारीगण, सभासदगण सुधीर तिवारी, संजय कप्तान, विजय जायसवाल, गिरीश मिश्र, अखिलेश मिश्र, शिवमूर्ति पांडेय, बनवारी लाल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# चोरी के जनरेटर के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बीते 12 फरवरी की रात दुकान के सामने से चोरी हुए जनरेटर को पुलिस ने बरामद करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया।

कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया पूरे बिसेन गांव निवासी संजय मौर्य पुत्र शिव कुमार मौर्य ने 25 फरवरी को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 12 फरवरी को दुकान के बाहर रखा जनरेटर चोरी हो गया। शक के आधार पर पीड़ित ने अमेठी जनपद के गौरीगंज थाना क्षेत्र के डीजे संचालक राजू उर्फ प्रदीप पुत्र ओम प्रकाश को नामजद करते हुए चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था।विवेचना के दौरान प्रकाश में आए नईम उर्फ ओसामा पुत्र सलीम खान निवासी ककरहवा कोटिया थाना कुड़वार,महफूज अली पुत्र साबिर अली निवासी मीर का पुरवा रवनियापूरब को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी किया जनरेटर व घटना में प्रयुक्त टैक्टर बरामद किया है।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक संजय प्रसाद,बलिराम यादव,आरक्षी अशोक सरोज,विकास तिवारी,राहुल सिंह व अंजू यादव रही।प्रभारी निरीक्षक गौरीशंकर पाल ने बताया कि गिरफ्तार चोरों को न्यायालय भेजा गया। जहा से सभी को जेल भेज दिया गया।

# राम आशीष को मिला दोस्तपुर एसओ का प्रभार

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** गैर जनपद ट्रांसफर हुए अखंडनगर प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह, कुड़वार थानाध्यक्ष गौरी शंकर पाल, लंभुआ थानाध्यक्ष शिवाकांत त्रिपाठी, करौंदीकला प्रभारी मो अकरम खान को एसपी ने रिलीव कर दिया है। उनके स्थान पर अखंडनगर में पुलिस लाइंस से निरिक्षक नारद मुनि सिंह को , कुड़वार में पुलिस लाइंस से निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी, लंभुआ में पुलिस लाइंस से अखंडदेव मिश्रा , प्रभारी स्वाट टीम उपेन्द्र प्रताप सिंह को चार्ज दिया है। पुलिस लाइंस/पीआरओ रहे अनिरुद्ध कुमार को बंधुआकला थाने का प्रभार, बंधुआकला थाना प्रभारी रहे उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह को चांदा थाने का प्रभार सौंपा गया है।

# प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों का धरना

कादीपुर, सुलतानपुर


कादीपुर विकास खंड मुख्यालय पर धरना देते ग्रामीण।

**अमृत विचारः** बुधवार को क्षेत्र पंचायत अंतर्गत बरवारीपुर ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव द्वारा नियम विरुद्ध मनमानी करते हुए घटिया निर्माण कार्य का आरोप लगाते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज सिंह के नेतृत्व में ब्लाक मुख्यालय पर दर्जनों महिला व पुरुषों ने धरना देकर अपना विरोध जताया।

मनोज कुमार सिंह ने कहा कि हमारे ग्राम पंचायत में ग्राम निधि, मनरेगा की धनराशि से गांव के गरीबों से काम न कराके प्रधान सचिव बाहरी मजदूरों से ठेके पर काम करवा रहे हैं। निषाद बस्ती, कुम्हार बस्ती, ठाकुर बस्ती, हरिजन बस्ती बाजार में, श्मशान घाट की तरफ जाने वाले रास्तों की दशा दयनीय हो गई है। इस व्यवस्था पर प्रधान सचिव द्वारा कोई कार्यवाही न होने से आमजन को आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है। आवास योजना में पात्रों को अपात्र घोषित किया जा रहा है। इन्हीं सब अव्यवस्थाओं से पीड़ित आम जन आज सेक्रेटरी और प्रधान के खिलाफ धरना देकर विरोध जता रहे हैं। मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम एवं विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह ने श्री सिंह को समझाते हुए आश्वस्त किया कि अब ग्राम पंचायत में ठेके के आधार पर बाहर से मजदूर नहीं लगाए जाएंगे। विकास कार्यों में पूरी ईमानदारी एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। धरना प्रदर्शन के समय शिवचरन, राधे, रामनयन, राजकुमारी, शैरूल निशा, नन्हका, संगीता, झगरू, मंगरु, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

**कसेगा शिकंजा** | पुलिस लाइन में खुले साइबर थाने का जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

# ऑनलाइन ठगी पर अंकुश लगाएगा साइबर थाना

संवाददाता, सुलतानपुर


साइबर थाने के उद्घाटन मौके पर मौजूद डीएम एसपी व अन्य जनप्रतिनिधि।

**अमृत विचारः** बढ़ते साइबर क्राइम के मामलों में अब त्वरित कार्रवाई होगी। इसके लिए जिले में साइबर थाना खुल गया है। बुधवार को पुलिस लाइन में ही बने साइबर थाने का जनप्रतिनिधियों, डीएम, एसपी ने उद्घाटन किया। साइबर थाने का प्रभार निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव, सहायक प्रभारी जगदीश सिंह को बनाया गया है।

सीएम की वर्चुअल मीटिंग के दौरान एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, अपना दल जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल, डीएम कृत्तिका ज्योत्सना, एसपी सोमेन बर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने किया। दरअसल, अब इंटरनेट का युग है। जहां आनलाइन सिस्टम का लाभ है वहीं अब आनलाइन ठगी के मामले बढ़ रहे हैं। साइबर क्रिमनल नए-नए तरीके से ठगी का तरीका इजाद कर रहे हैं। कभी लाटरी लगने का झांसा देकर, तो कभी ओटीपी हासिल कर खातों से रकम उड़ा रहे हैं। किसी को क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर ठगा जा रहा है, तो किसी का कार्ड ब्लाक करने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। इसके साथ ही मोबाइल में साफ्टवेयर इंस्टाल करा भी लोगों को ठगा जा रहा है। ऐसे मामले थानों व चौकियों में दर्ज होते हैं, लेकिन अधिकतर मामलों में पुलिस पता ही नहीं कर पाती थी।

### साइबर ठगी को लेकर जारी है जन जागरूकता

पुलिस की ओर से साइबर ठगी से बचने के लिए समय-समय पर एडवाइजरी भी जारी की जाती है, क्योंकि जागरूकता से ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है। अब आनलाइन शापिग, पासवर्ड भूलने पर उसे रिकवर करने के लिए, आधार कार्ड से लिंक करने, सिम कार्ड अपडेट, नया सिम कार्ड खरीदते समय आदि में ओटीपी की जरूरत पडती है। ऐसे में ओटीपी जानकर साइबर ठग रकम खाते से रकम उड़ाते हैं, क्योंकि मोबाइल नंबर खातों से लिंक हैं। इससे बचाव के लिए ओटीपी किसी अंजान व्यक्ति साथ शेयर न करें। यदि साइबर अपराध घटित हो जाता है तो राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर कंप्लेंट पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### ठगी की ऑनलाइन, ऑफलाइन की जा सकती है शिकायत

एसपी ने बताया कि साइबर ठगी के शिकार ऑनलाइन, आफलाइन अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। उनकी शिकायतों को प्रशिक्षित पुलिस टीम, टेक्निकल स्टाफ, तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी अनुसंधान करेंगे। आधुनिक तरीकों से साइबर फ्राड का खुलासा भी हो पायेगा। साइबर थाने को कंप्यूटर, आवश्यक हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराया गया है। साइबर थाने का प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव, सहायक प्रभारी जगदीश सिंह को बनाया गया है।

### अस्थाई रूप से पुलिस लाइन में बनाया गया है साइबर थाना

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने बताया कि अभी अस्थाई रूप से पुलिस लाइन में साइबर थाना बनाया गया है। जमीन चिन्हित कर ली गई है, जल्द ही निर्माण शुरू होगा। साइबर थाने को आधुनिक संयंत्रों से विकसित किया गया है। निरीक्षक, उपनिरीक्षक के साथ टेक्निकल टीम साइबर ठगी के मामलों का खुलासा करेंगे।

## एक नजर

### आरपीएफ ने यात्रियों को छूटा सामान सौंपा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। 27 फरवरी को आरपीएफ लखनऊ द्वारा काकोरी कस्बा, लखनऊ स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को व्यक्तिगत यूजर आइडी पर बने 06 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया। आरपीएफ बलिया ने प्लेटफार्म संख्या-01 से 17 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में बरामद किया। उसे बाल गृह, बलिया को सुपुर्द किया गया। आरपीएफ बस्ती ने गाड़ी संख्या-13020 से सामान लेने के दौरान बस्ती स्टेशन पर बिछड़ी 28 वर्षीया महिला यात्री को उसके परिजन को सुपुर्द किया। 26 फरवरी को रेलवे सुरक्षा बल, बस्ती ने गाड़ी संख्या-12553 में 14 वर्ष की लावारिस हालत में मिली लड़की को बाल कल्याण समिति बस्ती को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज रामबाग ने स्टेशन परिसर प्रयागराज रामबाग से यात्री का गिरा मोबाइल बरामद कर उसे सुपुर्द किया गया। आरपीएफ सीतापुर ने गाड़ी संख्या-05494 से यात्री का छूटा बैग बरामद कर सीतापुर पोस्ट पर जमा किया। यात्री के उपस्थित होने पर बैग को उन्हे सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, गोण्डा ने गाड़ी संख्या-22532 से यात्री का छूटा बैग बरामद कर उसे सुपुर्द किया गया।

### संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 3 मार्च से

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** कस्बा के सुभाष नगर रेहरा बाजार में 3 मार्च दिन रविवार से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। मुख्य यजमान कस्बा निवासी देवेश्वर प्रसाद मिश्र प्रबंधक, जनता इंटरमीडिएट कालेज बनियाडीह लोटन बाजार ने बताया कि कथा 3 मार्च को सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कथा वाचक सुमित कृष्ण जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के श्रीमुख से कथा होगी। कथा की पूर्णाहुति हवन एवं प्रसाद ग्रहण के साथ 11 मार्च को होगा।

### पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का 3 मार्च को होगा शिलान्यास

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 मार्च को गोरखपुर के ताल नदोर में पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की आधारशिला रखेंगे। इसे भविष्य में विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड कर दिया जाएगा। इसके एक दिन पहले 2 मार्च को सीएम योगी महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित कार्यक्रम में जिले को 1007 करोड़ रुपये की 49 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। गोरखपुर में बनने वाला पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से संबद्ध होगा। इसके लिए गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर स्थित ताल नदोर में 80 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 414 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

सिद्धार्थनगर



नव दंपति जोड़ों को आशीर्वाद देते सांसद जगदंबिका पाल, डीएम पवन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान व अन्य।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बीएसए कार्यालय के पास आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नवदंपति जोड़ परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान आदि उपस्थित रहे। समारोह में कुल 414 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 345 जोड़ों, बौद्ध धर्म के 19 तथा मुस्लिम समुदाय के 50 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहे।

हिन्दू जोड़ों का विवाह पंडितों ने वेद मंत्रों के साथ संपन्न कराया। मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलाना ने निकाह पढ़कर कबूल कराया। बौद्ध धर्म के अनुयायी जोड़ों का विवाह उनके धर्मानुसार कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के लिए सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी धूमधाम से करने की सबसे बड़ी चिंता रहती है। लेकिन धन की कमी के कारण वह ऐसा नहीं कर पाते थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीब परिवारों की बेटियों की शादी धूमधाम से करने के लिए, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू की। जिसका लाभ आज प्रदेश की बेटियों को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री द्वारा उनकी चिन्ता को दूर करते हुये समान रूप से सामूहिक विवाह के माध्यम से भव्य रूप से करने का कार्य किया है। शादी के साथ ही आपको रोजगार भी उपलब्ध कराया जायेगा। 3 मार्च को रोजगार मेला प्रस्तावित है। आप सब साक्षात्कार में सम्मिलित होकर रोजगार प्राप्त करें। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित अन्य अतिथियों ने नव दंपति जोड़ों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक जोड़े के बैंक खाते में 35000 दिया जा रहा है तथा 10,000 का सामान भी दिया गया है। 6000 बारात के स्वागत पर व्यय किया गया है। अन्य अधिकारियों द्वारा दूल्हा दुल्हन को किट वितरित किया गया। कार्यक्रम में पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा राहुल गुप्ता सहित सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में चार गिरफ्तार

## एसओजी, सर्विलांस सेल, एसटीएफ गोरखपुर व थाना इटवा पुलिस ने नेपाल बॉर्डर से दबोचा, कागजात बरामद

सिद्धार्थनगर



गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देतीं एसपी व पकड़े गए अभियुक्त (मास्क से चेहरा ढके)

**अमृत विचार।** एसओजी, सर्विलांस सेल, एसटीएफ युनिट गोरखपुर तथा थाना इटवा पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 का पेपर लीक करने में चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से अभ्यर्थियों के मार्कशीट, आरक्षी भर्ती परीक्षा प्रवेश पत्र, अभ्यर्थियों द्वारा दिये गये ब्लैंक चेक, मोबाइल फोन, लैपटाप, इत्यादि समान बरामद हुआ।

बता दें कि प्रदेश में 17 व 18 फरवरी 2024 को आयोजित उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 में जनपद के विभिन्न केन्द्रों से 10 साल्वर अभ्यर्थी पकड़े गये थे। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने एसओजी/सर्विलांस सेल व इटवा पुलिस की एक विशेष टीम का गठन कर साल्वर गैंग/पेपर लीक गैंग के मुख्य सरगना की गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया था।

बुधवार को संयुक्त टीम ने 17 फरवरी को थाना इटवा पर उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम से संबंधित दर्ज वाद में वांछित चार अभियुक्तों को कोटिया बाजार जोवकुण्डा मोड़ एसएसबी कैम्प रोड नेपाल बार्डर से गिरफ्तार कर किया। सभी को पूछताछ के बाद न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम बिट्टू कुमार यादव पुत्र विद्या यादव उर्फ विद्या राय निवासी ग्राम जेलिया पाडा थाना गोला बाडी जिला हावडा पश्चिम बंगाल, संजय कुमार गौड़ पुत्र शारदा प्रसाद गौड़ निवासी ग्राम कैलानी थाना मईल जनपद देवरिया, नटराज प्रजापति पुत्र सुद्ध ग्राम विन्दवलिया मिश्र थाना भटनी जनपद देवरिया और जितेन्द्र कुमार भारती पुत्र स्व. सुरेश निवासी ग्राम धनगड़ा थाना सलेमपुर जनपद देवरिया है। एसपी प्राची सिंह ने प्रेस वार्ता का गिरफ्तारी की सूचना देते हुए बताया कि अभियुक्त संजय कुमार गौड़ पूर्व में भी साइबर थाना लखनऊ से परीक्षा लीक कराने के प्रकरण में जेल भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

### व्हाट्सऐप पर उपलब्ध कराई थी उत्तरकुंजी

अभियुक्तों ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त जितेन्द्र कुमार भारती ने तीन लाख रुपये व अभ्यर्थी से गारण्टी के रूप में मूल मार्कशीट, ब्लैंक चेक लेकर साल्वर व अभ्यर्थियों को परीक्षा से पहले साल्वर को व्हाट्स ऐप के माध्यम से परीक्षा की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराई थी। जितेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि उसने विभिन्न अभ्यर्थियों से बीस-हजार से पचास हजार रुपये तक एडवांस तथा अंकपत्र व प्रवेश-पत्र की छायाप्रति, ब्लैंक चेक लेकर पुलिस भर्ती परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थियों, साल्वरों के व्हाट्सऐप पर उत्तरकुंजी उपलब्ध कराई थी। उसे प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी संजय गौड़ तथा बिट्टू यादव द्वारा परीक्षा से 2 घण्टे पूर्व व्हाटस्ऐप पर उपलब्ध कराया गया था। बिट्टू यादव ने पूछताछ में बताया कि उसे प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी छपरा बिहार के रहने वाले अनूप पाण्डेय द्वारा ब्हाट्सऐप पर भेजा गया था। संजय ने बताया कि नटराज प्रजापति ने उसे प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी उपलब्ध कराई थी। अभियुक्त नटराज ने पूछताछ में बताया कि उसे व्हाट्सऐप पर प्रश्न पत्र की उत्तर कुंजी संजय ने उपलब्ध कराई थी। अभ्यर्थियों से पैसा, ब्लैंक चेक, मार्कशीट गारण्टी के रुप में पहले से ही रख लेते हैं तथा परीक्षा पास होने पर तीन-तीन लाख रुपये लेने की डील हुई थी।

### घर-घर जाकर मतदान के लिए करें जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 मे जिन बूथो पर मतदान प्रतिशत बहुत कम था उन बूथो के बी.एल.ओ. तथा समस्त उपजिलाधिकारी के साथ जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 मे जिन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बहुत कम था उन बूथो को चिन्हित कर ले तथा वहां पर बी.एल.ओ. घर-घर-जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कमेटी बनाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, अब्दुल जब्बार तथा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# जानलेवा साबित हो रहे सड़क पर खुले में रखे ट्रांसफार्मर

सिद्धार्थनगर



खजुरिया मार्ग पर पुराने सिनेमा हाल के पास सड़क पर खुले में रखा ट्रांसफार्मर।

**अमृत विचार।** शहर के खजुरिया रोड किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर, झुके पोल व लटके जर्जर तार लोगों के लिए घातक साबित हो रहे हैं। सोमवार दोपहर खजुरिया मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार दिनेश यादव पुराने सिनेमा हाल के पास सड़क के गड्ढे व कार से बचने के चक्कर में बिजली ट्रांसफार्मर से टकरा गए। बाइक की गति धीमी होने और ब्रेक लगाने से वह हादसे बच गए।

शहर की सबसे व्यस्त सड़क खजुरिया मार्ग से ही बाजार समेत कई मोहल्ले के लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग से ही लोग कलक्ट्रेट, विकास भवन, न्यायालय, तहसील, जिला पंचायत व सदर थाने आते और जाते है। इस सड़क का चौड़ीकरण, मरम्मत व किनारे नाले का निर्माण अभी प्रस्तावित है। लेकिन अतिक्रमण के चलते संकरी हो चुकी इस सड़क के किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर व बिजली के झुके पोल वाहन चालकों के लिए घातक हो चुके है। सड़क किनारे लगे इन खंभों पर दौड़ रहे जर्जर बिजली तार के टूटकर गिरने की आशंका से मोहल्ले के लोग हर समय सहमे रहते हैं।

स्थानीय निवासी परवेज ने बताया कि सड़क किनारे लगे ट्रांसफॉर्मर व पोल वाहन चालकों की राह रोक देते हैं। मरम्मत व चौड़ीकरण के पहले सड़क किनारे से बिजली ट्रांसफॉर्मर व पोल हटाने के साथ ही जर्जर तार भी बदले जाने चाहिए। ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। खजुरिया मार्ग पर बाएं तरफ लगा बिजली ट्रांसफार्मर बहुत ही घातक हो सकता है। यहां एक तरफ सड़क है तो दूसरी तरफ गड्ढा, जिसमें पानी भरा है। जिससे वाहन चालकों के ट्रांसफार्मर से टकराने के साथ ही गड्ढे में अधिक पानी भरने से शॉर्ट सर्किट होकर आग लगने का भी खतरा बना रहता है। इसी प्रकार शहर में स्थित लोहिया कला भवन के गेट के पास लगा बिजली ट्रांसफॉर्मर यहां से गुजरने वालों के लिए बहुत ही घातक है। गेट से सटे होने के कारण यहां वाहन मोड़ने के दौरान हर समय हादसे का डर रहता है। जबकि लोहिया कला भवन में अक्सर बड़े सांस्कृतिक व राजनीतिक आयोजन होते है।

दूसरी तरफ शहर के मुख्य सड़क के चौड़ीकरण के बाद भी बैंक के सामने लगा बिजली ट्रांसफॉर्मर नहीं हटा है। जिससे यहां सड़क सकरी हो गई है और वाहन चालकों की राह रोकते है। यहां से ही राज्यकर विभाग व सहकारी बैंक जाने वाले मोड़ पर मुड़ने के दौरान अक्सर जाम लग जाता है। जिसमें फंसने से वाहन चालक को घंटों झेलना पड़ता है।

> शहर के मुख्य मार्ग व खजुरिया रोड किनारे बिजली खंभे व ट्रांसफॉर्मर हटाने के लिए नगर पालिका की तरफ से कोई पत्र नहीं मिला है, जब पत्र मिलेगा तो सर्वे कर इसका एस्टीमेट बनाकर भेजा जाएगा। नगर पालिका की तरफ से धन उपलब्ध कराने के बाद इसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। -आरके कुशवाहा, अधिशासी अभियंता

### गाड़ियों का ठहराव किया गया स्थगित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन ने गोण्डा बुढ़वल खण्ड पर तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में गोण्डा कचहरी एवं करनैलगंज स्टेशन पर 4 एवं 5 मार्च को इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का ठहराव स्थगित किया जायेगा। गाड़ी संख्या 15273/15274 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस, 19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस, 15203/15204 लखनऊ जं.-बरौनी-लखनऊ जं. एक्सप्रेस एवं 11124/11123 बरौनी-ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का ठहराव 04 एवं 05 मार्च, 2024 को करनैलगंज स्टेषन पर स्थगित रहेगा तथा 04 एवं 05 मार्च, 2024 को 11124/11123 बरौनी-ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस का करनैलगंज के स्थान पर अस्थाई ठहराव जरवल रोड स्टेशन पर दिया जायेगा। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पूर्वोत्तर रेलवे पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में मौजूद सांसद जगदंबिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

### महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूह की महती भूमिका

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शक्ति वंदन अभियान के निमित्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल रहे। सांसद ने कहा कि महिला कल्याण और उनके सशक्तिकरण के लक्षण को पूरा करने में महिला स्वयं सहायता समूह की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद में पास होना महिला सशक्तिकरण का एक बड़ा कदम है। जिससे आज नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के माध्यम से समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रहे सभी सम्मानित गैर सरकारी संस्थाओं के अध्यक्षों सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा सहित कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक एनजीओ प्रमुख उपस्थित रहे।

### नियमों का सख्ती से पालन करें निजी अस्पताल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने जनपद में सभी निजी अस्पतालों व जांच केन्द्रा को नियमों का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश दिया है। डीएम ने कहा कि निजी अस्पताल अपने परिसर में रजिस्ट्रेशन नंबर, संचालक का नाम, अस्पताल में बेड की संख्या, चिकित्सा पद्वति की जानकारी और प्रदान की जा रही सेवाओं का विवरण, कर्मचारी, चिकित्सक, नर्स आदि का विवरण एक डिस्प्ले बोर्ड पर अवश्य प्रसारित करें। जिसका बैकग्राउण्ड पीला एवं फॉरमेट-हिन्दी, काले रंग के स्पष्ट अक्षरों में चिकित्सालय के मुख्य द्वार के पास प्रदर्शित करेंगे। प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु का अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत पजीकरण सीआरएस पोर्टल पर करें और इसकी सूचना हर महीने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को भेजें। डीएम ने कहा कि सरकारी चिकित्सालयों में आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला का अल्ट्रासाउण्ड कराया जाना है। जिसके क्रम में सामुदायिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा पीएमएसएमए दिवस में ई-रूपी बाउचर जेनरेट कर पंजीकृत अल्ट्रासाउण्ड केन्द्र को भेजा जायेगा। जहां पर गर्भवती महिला का अल्ट्रसाउण्ड किया जायेगा। इसका अनुपालन नहीं करने पर सम्बन्धित प्रतिष्ठान का पंजीकरण निरस्त किया जा सकता है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

### ब्लॉक सभागार में कृषि गोष्ठी का आयोजन

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी होने के मौके पर बुधवार को ब्लॉक सभागार में पीएम किसान उत्सव एवं ब्लॉक स्तरीय जायद उत्पादन गोष्टी का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदीश प्रताप जायसवाल, एडीओ आईएसबी प्रमोद कुमार, एडीओ कृषि विनय कुमार, बीटीएम प्रशांत वर्मा, टीएसी संजय कुमार दुबे, रणवीर कुमार, एटीएम मोहित कुमार सिंह सहित परमात्मा पाण्डेय, रविनाथ शुक्ला, बीरेंद्र शुक्ला, विजय कुमार पटवा, फूलचंद, पुजारी, विनोद, चिनगुद, विश्वनाथ, सद्दाम हुसैन, अनिल, श्रीकांत, श्रीनेवास आदि उपस्थित रहे।

# हास्पिटल व एंबुलेंस माफिया की गिरफ्तारी को छापेमारी

गोरखपुर

**अमृत विचार।** हास्पिटल व एंबुलेंस माफिया पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है। गुलरिहा, चिलुआताल, गगहा के साथ ही शहर में संभावित ठिकानों पर दो दिन से छापेमारी चल रही है। कई मददगारों को चिह्नित करने के साथ ही उनकी निगरानी की जा रही है। इसके लिए कचहरी में पुलिस का पहरा बढ़ा दिया गया है।

झुंगिया का रहने वाला निगम 16 फरवरी की रात से ही मोबाइल फोन बंद करके फरार है। अपनी एंबुलेंस को भी उसने हटा दिया है। ईशु अस्पताल की संचालक व रियांव गांव के प्रधान की पत्नी रेनू, एंबुलेंस चालक अजीत और अजय भी नहीं मिल रहे। इनके विरुद्ध रामगढ़ताल थाने में जालसाजी करने व रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज है। मनोज निगम के विरुद्ध चिलुआताल थाने में भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस के शिकंजा कसने पर तीन दिन पहले एंबुलेंस माफिया ने न्यायालय में समर्पण करने के लिए अर्जी दी, जिसके बाद कचहरी में पहरा बढ़ा दिया था। 16 फरवरी को डीएम के निर्देश पर सीएमओ व सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस बल के साथ पैडलेंज स्थित ईशु अस्पताल में छापा मारा था। भर्ती मरीजों से पूछताछ व जांच में बीआरडी मेडिकल कालेज में फैले मरीज व एंबुलेंस माफिया गिरोह के बारे में जानकारी मिली। अस्पताल को सील करने के बाद एडिशनल सीएमओ ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। ईशु अस्पताल के संचालक रियांव गांव के प्रधान नितिन यादव उसके भाई, अस्पताल का पंजीकरण कराने वाले डा.आरपी सिंह, बीआरडी के ट्राली मैन, एंबुलेंस माफिया दीपक उर्फ दीपू समेत आठ आरोपितों को पुलिस ने जेल भेजा था।

बता दें कि बीआरडी मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल के अलावा निजी अस्पताल में भी मरीज माफिया व दलालों का नेटवर्क फैला है। सोमवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे निजी अस्पताल के संचालक ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की। कैंट थानेदार को इसकी जांच मिली है। सोमवार को दाउदपुर स्थित अस्पताल संचालक ने एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सुबह से लेकर रात तक दलाल चौराहे पर सक्रिय रहते हैं। मरीज के तीमारदार को अच्छा उपचार मिलने का झांसा देकर कमीशन वाले अस्पताल में ले जाते हैं। कई तीमारदार के शिकायत करने पर उन्हें मामले की जानकारी हुई।

> कैंट थानेदार को जांच सौंपी गई है। निजी अस्पताल के पास मरीजों की दलाली करने वालों पर कार्रवाई होगी। मरीज व एंबुलेंस माफिया के साथ ही सहयोगियों की तलाश चल रही है। छानबीन में विवेचक को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराने के बाद अपराध से अर्जित संपत्ति को पुलिस जब्त कराएगी। -डा.गौरव ग्रोवर, एसएसपी

## मिला प्रमोशन

**कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जगदंबिका पाल व डीएम पवन अग्रवाल ने बढ़ाया हौसला**

# 52 सहायिका बनीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिले प्रमाण पत्र

सिद्धार्थनगर



आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रमाण पत्र देते सांसद व डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मिशन रोजगार के अन्तर्गत नवचयनित 3077 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं 173 करोड़ की लागत से 31 जनपदों में 1459 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनो का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से किया। जिसका लाइव प्रसारण सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में देखा गया।

सांसद ने कहा कि कोविड के दौरान आंगनबाड़ी व आशा कार्यकत्रियों ने अपनी परवाह किये बिना घर-घर जाकर कोरोना किट का वितरण किया था। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपने दायित्व के साथ-साथ अन्य कार्यों में भी सहयोग किया जाता है। पोषाहार वितरण किया जा रहा है। कुपोषित बच्चो को पोषित की श्रेणी में लाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा दिन-रात मेहनत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा कोविड के दौरान भी काफी मेहनत किया गया था। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो द्वारा गर्भवती महिलाओ व बच्चो को समय से पोषाहार वितरण कर सहयोग कर रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रो का आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रो का सुधार किया जा रहा है। जनपद सिद्धार्थनगर में 52 आंगनबाड़ी सहायिका, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में प्रमोशन किया गया है। उन्हे सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा नियुक्त पत्र प्रदान किया गया है।

# देवरिया की टीम 3 रनों से जीती मैच

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अनुमति प्राप्त गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 में बुधवार को उद्घाटन मुकाबला वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम रेलवे स्टेशन के सामने छतरी शोहरतगढ़ में पटना व देवरिया के बीच खेला गया। इस मैच को देवरिया ने 3 रनों से जीता। देवरिया के कप्तान दिनेश यादव ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए देवरिया ने निर्धारित 20 ओवरों में अखिलेश यादव 32 आकाश ओझा 25 विवेक सिंह 21 व कृष्णा पाण्डेय 18 रन की बदौलत सभी विकेट खोकर 161 रन बनायें। पटना की तरफ से सनी तिवारी ने तीन वैभव और जावेद ने दो-दो तथा प्रशान्त ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पटना की टीम 20 ओवर में विकेट 7 खोकर 158 बना सकी। पटना की तरफ से ओकेश बर्मन 41 प्रवेश ने 37 वह प्रशान्त ने 21 दिया। देवरिया की तरफ से कप्तान दिनेश यादव ने तीन विकेट लिए बाकी चार विकेट रन आउट के रूप में हुआ। इस मैच के मैन ऑफ द मैच देवरिया के कप्तान दिनेश यादव रहे। बुधवार के मैच के मुख्य अतिथि मा0 सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल जी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कन्हैया पासवान जी रहे हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत शोहरतगढ़ के अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, अनिल अग्रहरि, मनीष श्रीवास्तव, केशव यादव, संजय कौशल, सुनील अग्रवाल, विवेक त्रिपाठी, विपिन त्रिपाठी, राहुल, कमल किशोर, पप्पू यादव, प्रहलाद मिश्रा (लोक तंत्र सेनानी), सभासद अनूप कसौधन, वकील खान, अशरफ अंसारी, शिव शंकर अग्रहरि, राम मिलन चौधरी प्रधान, आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सात मार्च को होगा कोटेदार का चयन

**श्रीदतगज, बलरामपुर, अमृत विचार।** विकास खण्ड उतरौला के ग्राम बडहरा कोट के कोटेदार के चयन की प्रक्रिया कोरम के अभाव में स्थगित कर दी गई है। अगली बैठक सात मार्च को होगी। इसकी जानकारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत उतरौला अशोक कुमार दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि एसडीएम उतरौला के आदेशानुसार कोटेदार के चयन के लिए ग्राम पंचायत की खुली बैठक का आयोजन किया गया। परन्तु कोरम न पूरा होने से चयन स्थगित कर दिया गया है।

### आबकारी अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

**संतकबीरनगर।** जिले के आबकारी अधिकारी आर. पी. तिवारी का गैर जनपद तबादला हो जाने के बाद जिले के नवागत आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बुधवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए उन्होंने कहा कि जिले में अवैध तरीके से शराब उत्पादन और बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। शासन की मंशा के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी उनकी प्राथमिकता होगी।

### निर्माणाधीन पुल के एप्रोच मार्ग का कार्य अधूरा

**ललिया, बलरामपुर, अमृत विचार।** ललिया थाना के पूर्वी छोर पर निर्माणाधीन पुल के एप्रोच मार्ग पर मिट्टी कार्यदाई संस्था द्वारा नहीं डाला जा रहा है। जिससे आये दिन राहगीर गिर कर चोटिल हो रहे हैं। राहगीर चंद्रशेखर, त्रियुगी प्रसाद द्विवेदी, श्रीकांत, विश्व नाथ, पंकज कुमार, मदन मोहन ने बताया कि ललिया थाना के समीप महराजगंज तराई मार्ग को जाने वाले सड़क मार्ग पर मार्ग चैड़ीकरण करने के तहत जल निकासी के लिए पुल का चैड़ीकरण करने का कार्य किया गया। सड़क के दोनों पटरी पर पुल की दीवार कार्यदाई संस्था द्वारा खड़ा करने के बाद फरार हो गए। बैंक के ग्राहक, थाना आने वाले फरियादी के साथ अन्य राहगीर गड्ढे में गिर कर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग भानू प्रताप यादव का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। शीघ्र ही आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन कल

**▸▸ राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी होंगे मुख्य अतिथि**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में आगामी 1 मार्च को दिन में 11 बजे से खलीलाबाद के बंधन मैरेज हॉल में ब्राह्मण महाकुंभ का भव्य आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि ब्राह्मण महाकुंभ में जनपद के साथ ही पड़ोसी जनपदों और प्रदेश के कोने-कोने से ब्राह्मण हस्तियां प्रतिभाग करेंगी। जन जागरूकता के लिए जगह जगह होर्डिंगों बैनरों और अन्य संचार माध्यमों से आयोजन को लेकर प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। संख्या जुटाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की टोलियां जन सम्पर्क अभियान में भी जुटी हैं। श्री मिश्र ने बताया कि खलीलाबाद के डीघा बाईपास स्थित बन्धन मैरेज हॉल में आयोजित होने वाले ब्राह्मण महाकुंभ के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र नाथ त्रिपाठी होंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कामयाबी और लोकप्रियता का झंडा बुलंद करने वाले ब्राह्मण सपूतों को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी ब्राह्मणों से आयोजन में प्रतिभागी बनने का आह्वान किया है।

# ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से दूर होगी समस्या

**सादुल्लानगर, बलरामपुर, अमृत विचार।** अतिरिक्त फीडर व ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ाने से विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी के दर्जनों गांवों में विद्युत समस्याओं से निजात मिलेगी। बिजली विभाग के संयोजन में बुधवार को सादुल्लाहनगर बाजार में सहायक अभियंता आरके यादव व विद्युत उपभोक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित किया। एसडीओ ने बताया कि सांसद गोंडा कीर्तवर्धन सिंह की पहल पर विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी में दो अतिरिक्त फीडर लगाया गया है।

अचलपुर चौधरी उपकेंद्र के सादुल्लानगर फीडर की सभी ओवरलोड 25 केवीए ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। अचलपुर चौधरी विद्युत उपकेंद्र पर अब दो फीडर की जगह चार फीडर होंगे। सादुल्लानगर फीडर अचलपुर चौधरी फीडर से अलग कर दिया गया है। रामपुर अरना फीडर को एक नया फीडर बनाया गया है। एक फीडर मद्दो घाट के नाम से बनाया गया है और जो ओवरलोड की समस्या थी वह सादुल्लाह नगर बाजार में और गांव में ट्रांसफार्मर 430 केवी बढ़ा दिया गया है। 250 एकता चौक, 100 केवी मुबारक मोड़ व थाने के पास पंडितडीह में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगेगा।

इसी तरह जाफरपुर, ओबरीडीह, घासीपोखरा, गोदीपुर, भगवानपुर, मद्दोघाट, मोहनडीह कोटवा दरगाह, गुलरेहवा, सहजौरा, तेतुआ ग्रंट, रामपुर अरना व सादुल्लानगर बाजार व और गांव में 25 व 63 केवी के स्थान पर 63 व 100 केवीए ट्रांसफार्मर की केवी वाट बढ़ाने से समस्या अब ख़त्म हो जाएगी। अवर अभियंता बृजनंदन यादव ने उपभोक्ताओं से अपील भी किया कि सभी लोग विद्युत बिल समय से जमा किया करें जिससे कि सुचारू रूप से बिजली उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में अवर अभियंता एके राय, जेई बृजनंदन यादव, संदीप सिंह, उमंग श्रीवास्तव, अरुण कुमार, रमेश चंद्र तिवारी, अरविन्द मिश्रा, राम लोटन गुप्ता, विष्णु गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



विद्युत उपभोक्ताओं के साथ बैठक में शामिल पदाधिकारी। अमृत विचार

# सीएम ने साइबर थाने का किया वर्चुअल लोकार्पण

## ▸ प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ किया औपचारिक उद्घाटन

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों मे साइबर सेल, 57 जनपदों साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मण्डल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार संगठन निवारण थाने, 8 जनपदों मे भ्रष्टाचार निवारण संगठन ईकाई और प्रयागराज व कुशीनगर मे पर्यटन थानों का शुभारंभ, लोकार्पण व शिलान्यास सचिवालय के लोकभवन स्थित ऑडिटोरियम से वर्चुअली तरीके से किया।

इसी क्रम मे बुधवार को जनपद संतकबीरनगर में भी साइबर थाने का लोकार्पण किया गया। जनपद में आधुनिक उपकरणों से लैस पहले साइबर थाने का शुभारंभ हुआ। जिले की प्रभारी मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने सांसद प्रवीण निषाद, विधायक धनघटा गणेश चौहान, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक शशि शेखर सिंह, उप जिलाधिकारी शैलेश दूबे, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात दीपांशी राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन रजनीकान्त ओझा और पीआरओ पुलिस अधीक्षक जीतेन्द्र यादव की उपस्थिति में फीता काटकर साइबर थाने का औपचारिक उद्घाटन किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने साइबर थाने में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि आधुनिक उपकरणों से लैस साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर अपराध की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्निकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित, पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर अपराध के पीड़ित लोगों को न्याय दिला सकेंगे। अत्याधुनिक तरीके से साइबर अपराध के मामलों का उद्भेदन हो सकेगा। साइबर थाने को कम्प्यूटर, आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिये गये हैं।

साइबर थाना द्वारा साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चलाते रहेंगे ताकि आम लोग साइबर ठगी के मामलों से बच सकें। इस मौके पर साइबर थाने की प्रभारी निरीक्षक शालिनी सिंह समेत पुलिस व प्रशासन के तमाम अधिकारी, कर्मचारी, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



साइबर थाने का औपचारिक लोकार्पण करतीं प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 94 छात्रों को वितरित किये गये स्मार्टफोन



चौधरी लालता प्रसाद बौद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीदतगंज में छात्रा को स्मार्टफोन वितरित करते सदर विधायक पल्टूराम व अन्य। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** श्रीदत्तगंज विकासखंड के चौधरी लालता प्रसाद सिंह बौद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएअंतिम वर्ष के 94 छात्रों को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण कार्यक्रम मेंवितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर सदर विधायक पल्टूराम, प्रबन्धक नेवल प्रकाश सिंह, ब्लाक प्रमुख हेमंत जायसवाल, महंत जितेन्द्र, थाना प्रभारी अनिल कुमार दीक्षित, प्रबंधक मंजू सिंह, प्राचार्य बीएल यादव, डॉ रामविलास वर्मा, मुख्य नियंता सत्य प्रकाश वर्मा सहित महाविद्यालय परिवार तथा छात्रछात्राएं उपस्थित रहे।

### जिले में रैंक प्वाइंट न होने से हो रही समस्या

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार।** जनपद के नवसृजन होने के पच्चीस साल बीत गए लेकिन कृषि मंत्रालय ने जनपद में खाद का रैंक प्वाइंट नहीं बनाया। रैंक प्वाइंट न बनने से बलरामपुर जिले का खाद गोण्डा रेलवे जंक्शन के रैंक प्वाइंट पर उतारा जाता है। कम्पनियों से आए खाद गोण्डा जंक्शन के रेलवे रैंक प्वाइंट से उतार कर ट्रक परिवहन से ढोकर बलरामपुर जिले के दूरदराज इलाके तक पहुंचाया जाता है। इससे एक तरफ ट्रक परिवहन से खाद की ढुलाई किए जाने से किसानों के लिए खाद महंगी पड़ती है। वहीं किसानों को खाद समय से नहीं मिल पाता है। विगत वर्ष जिलाधिकारी ने कृषि अधिकारियों की बैठक में जिले में रैंक प्वाइंट बनाने के लिए पत्र कृषि मंत्रालय के साथ प्रदेश के कृषि विभाग को भेजा था। उसके बाद भी अभी तक बलरामपुर जिले में रेलवे विभाग में खाद का रैंक प्वाइंट नहीं बन सका। क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीफ गोण्डा आशीष पांडे ने बताया कि जिले में बड़ी रेलवे लाइन बनने के साथ उसका विद्युतीकरण हो जाने से विभिन्न खाद कम्पनियों के द्वारा जिले को खाद आपूर्ति करने में सुविधा होगी। एडीओ सहकारिता संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में खाद का रैंक प्वाइंट न होने से सारा खाद गोण्डा रेलवे स्टेशन के रैंक प्वाइंट पर उतर जाता है। इससे समितियों व व्यापारियों को समय से खाद नहीं मिल पाती है और किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ता है।

### भाजपा नगर कमेटी ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

**संतकबीरनगर।** भारतीय जनता पार्टी नगर कमेटी ने नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी के नेतृत्व में बगहिया बूथ के घर-घर स्टीकर पंपलेट और पत्रिका देकर सभी लाभार्थियों के मोबाइल से मिस्ड कॉल कराया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार, के नारे लगाए। इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदंबा प्रसाद श्रीवास्तव ने कहा पार्टी का यह अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक अनवरत चलता रहेगा। लाभार्थियों से घर-घर संपर्क करने पर जनता का अपार समर्थन भारतीय जनता पार्टी केंद्र की मोदी सरकार को मिल रहा है। सभी लोग संकल्प और विश्वास के साथ कह रहे हैं कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत के साथ देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्र, नगर प्रभारी अरुण गुप्ता, लोकसभा विस्तारक मंगलम यादव, विधानसभा संयोजक डा. मनोज पांडेय, नगर महामंत्री कन्हैया वर्मा, विकास गुप्ता, आई टी संयोजक रुद्रनाथ मिश्र, शंभू यादव लाल, बहादुर चौरसिया, शक्ति विकास गुप्ता, सर्वजीत पासवान, धर्मेंद्र वर्मा, बूथ अध्यक्ष अभिनव गौतम, दीपक, सनोज, घनश्याम मौर्य समेत तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा तहसील के लोहरैया से बनकटा मार्ग की बदहाल सड़क के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने रामजानकी मार्ग को बुधवार को लौहरैया चौराहे पर जाम कर दिया। जिसके चलते दोनों तरफ गाड़ियों की लंम्बी लम्बी लाइन लग गई। जाम की सूचना पर लोहरैया पुलिस चौकी इंचार्ज रजनीश राय व पुलिस कर्मी पहुंच गए और चक्का जाम कर रहे आक्रोशित ग्रामीणों को हटाने लगे। लेकिन ग्रामीण हटने का नाम नहीं ले रहे थे। पुलिस के जोर जबरदस्ती पर उग्र ग्रामीणों में नोक झोक होने लगी। ग्रामीणों का कहना था कि जबतक जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन नहीं देते जाम समाप्त नहीं होगा। अधिकारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की भी धमकी दिया लेकिन कोई पीछे नहीं हटा। करीब आधे घंटे बाद एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव थानाध्यक्ष धनघटा भी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम ने समस्या को उच्चाधिकारियों के संज्ञान ले पहुंचाकर समाधान कराने का आश्वासन देकर आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया और जाम समाप्त करा दिया। एसडीएम ने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि अगले छह महीने के भीतर सड़क का निर्माण शुरू हो जाय। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से सुनील कुमार, रामदेव, नरेंद्र मोहन, भागवत, पुनीत सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

# सरकारी अस्पताल में दो चिकित्सकों में झड़प

**▸▸ चिकित्सक द्वारा सरकारी अस्पताल से महिला मरीज को अपने निजी नर्सिंग होम ले जाने पर हुआ विवाद**

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मेंहदावल सीचसी में एक महिला मरीज को निजी अस्पताल में रेफर करने का मामला अस्पताल में तूल पकड़ लिया। मामले में पूछताछ करने के मामले में दो चिकित्सकों में जमकर भिड़ंत हो गई। दोनों में जमकर कहासुनी हुई और मामला हाथापाई तक आ पहुंचा। जिसके चलते अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। बाद में बंद कमरे में दोनों चिकित्सकों के बीच में पंचायत कराई गई।

मेंहदावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला मरीज प्रसव के लिए आई थी। चर्चा है कि महिला मरीज को जबरन एक निजी अस्पताल में प्रसव के लिए ले जाने पर विवाद हुआ। अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी ने जब इस बाबत चिकित्सक से पूछताछ किया तो वे बिफर पड़े। दोनों चिकित्सकों में जमकर कहासुनी हुई। बात बिगड़ती इससे पूर्व लोगों ने मामले को संभाल लिया। इस दौरान मरीजों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ अस्पताल में जुट गई। अस्पताल में कुछ देर तक अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। मामले को संभालने के लिए बंद कमरे में दोनों चिकित्सकों के बीच में पंचायत हुई। आपसी सुलह समझौते के आधार पर मामले को रफा-दफा किया गया। मेंहदावल अस्पताल में अक्सर महिला मरीजों को जबरन निजी अस्पताल में प्रसव के लिए भेजे जाने का मामला चर्चा में है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी व्यवस्था होने के बावजूद दलाल महिला मरीजों को निजी अस्पतालों तक ले जाते हैं। यह मामला पूरे अस्पताल में चर्चा का विषय बना हुआ है।

> नासमझी और गलतफहमी के कारण कुछ बातें हुई थीं, जिसे सुलझा लिया गया है। हल्का फुल्का विवाद हुआ है। बाद में दोनों लोगों ने आपस में मामले को समझ कर समाप्त कर लिया है। विवाद जैसा कोई मामला नहीं है।
>
> -डॉ. आईडी गौरव, अधीक्षक, सीएचसी मेंहदावल

## टेंपो की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

**धनघटा, संतकबीरनगर।** रामपुर छितौनी निवासी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर एक मित्र को बैठाकर बंडा बाजार गया था। वापस लौटते समय सेमरडाड़ी के पास पहुंचा था कि सामने से आ रही एक टेंपो ने उन्हें ठोकर मार दिया।

थानाक्षेत्र के ग्राम छितौनी निवासी देवेंद्र पुत्र रामवृक्ष उम्र 40 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल पर ग्राम प्रजापतिपुर निवासी 55 वर्षीय संतराज पुत्र ईश्वरी को बैठाकर बंडा बाजार से कुछ सामान खरीदने गया था। वापस लौटते समय अभी वे धनघटा-खलीलाबाद मार्ग पर स्थित सेमरडाड़ी के पास पहुंचे थे कि सामने से तेज गति से आ रही अनियंत्रित टेंपू ने उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही संतराज की मौत हो गई तथा देवेंद्र घायल हो गए। लोगों ने दोनों को सीएचसी हैंसरबाजार पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने संतराज को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची धनघटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शुद्ध पेयजल की नहीं सुविधा शो-पीस बना वाटर कूलर




खराब पड़ा आरओ वाटर कूलर। अमृत विचार

**गैड़ास बुजुर्ग, बलरामपुर, अमृत विचार।** यात्रियों, राहगीरों व दुकानदारों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। उतरौला नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चैराहा स्थित टैक्सी स्टैंड के पास लगा वाटर आरओ का टुल्लू पंप खराब होने से यह शो-पीस बन कर रह गया है। आसपास के लोगों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व टुल्लू पंप जल गया था। जिस कारण लोगों को पीने पानी नहीं मिल पा रहा है।

यात्रियों को प्यास बुझाने के लिए पैसे खर्च कर दुकानों से बोतल पानी खरीदना पड़ रहा है। टैक्सी स्टैंड पर रोजाना सैकड़ों यात्रीओं का आना-जाना होता है। लोगों की प्यास बुझाने के लिए टैक्सी स्टैंड पर वाटर कूलर और आरओ सिस्टम लगा है मगर नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते वाटर कूलर व आरओ सिस्टम महीनों से बंद पड़ा हैं। लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने नगर में लगे सभी आरओ वाटर कूलर को सही कराने, नियमित देखभाल हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाए जाने का मांग जिलाधिकारी से किया है। अधिशासी अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि आरओ वाटर कूलर में जो भी कमियां है उसे शीघ्र ठीक करा कर चालू कराया जाएगा।

## सात अभियुक्तों को 7-7 वर्ष की सजा व जुर्माना

**संतकबीरनगर।** संयुक्त निदेशक अभियोजन और मानीटरिंग सेल की सशक्त पैरवी के चलते विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट प्रथम की न्यायालय ने बुधवार को कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम नकहा निवासी दहेज हत्यारोपी सात अभियुक्तों को 7-7 वर्ष की सजा और 70 हजार रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है। मिली जानकारी के अनुसार नकहा निवासी रामनरेश यादव व सुबास यादव पुत्र गण कल्पू यादव, चंद्रशेखर यादव पुत्र रामनरेश यादव, गुलाबी देवी पत्नी रामनरेश यादव, गीता, कालिंदी, अनीता के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने धारा 147, 323, 149, 304, 504, 506(2) के तहत मुकदमा कायम किया था। विशेष जज पास्को एक्ट प्रथम की न्यायालय में संयुक्त निदेशक अभियोजन और मानीटरिंग सेल की सशक्त पैरवी और अकाट्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने सभी सात अभियुक्तों को सात-सात वर्ष की सजा और 70 हजार रूपए के जुर्माने से दण्डित किया है। जुर्माने की रकम अदा नहीं करने पर अभियुक्तों को एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

**ज्ञानवर्धन** | विज्ञान दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

# प्रोजेक्टर के माध्यम से आयोजित की गई क्विज प्रतियोगिता

मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** आरपी विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल काली जगदीशपुर में बुधवार को प्रधानाचार्या मोनिका यादव के निर्देशन में विज्ञान दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विज्ञान क्विज प्रतियोगिता कराई गई। इसमें रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस और येलो हाउस की टीमों ने भाग लिया।जिसमें रेड हाउस विजेता तथा ब्लू हाउस के बच्चे उपविजेता रहे।विजेता बच्चों को स्मृति चिन्ह के साथ पुरस्कृत किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख शिवनाथ यादव ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विज्ञान से रूबरू कराती हुई शिक्षण संस्था वाकई में बधाई की पात्र है। यहां बच्चे जहां शिक्षा ग्रहण करते हैं वहीं वे प्रयोगिक तरीके से विज्ञान की शिक्षा भी ग्रहण कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डाक्टर अशोक कुमार ने कहा कि बच्चे जो शिक्षा ग्रहण कररहे हैं उसे प्रयोग करके भी सीखते हैं। यह देखकर बहुत अच्छा लगा।प्रतियोगिता के माध्यम से छुपी हुई प्रितिभाएं निखर कर बाहर आती हैं।प्रधानाचार्या मोनिका यादव ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि अनुशासन व मेहनत से शिक्षा ग्रहण कर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर अमित कुमार चौधरी, खुशबू सिंह, अमित पाल, बृजेश कुमार, उदयराज मौर्य, शकुंतला यादव, ममता यादव, रंजू यादव, राकेश यादव, बीरेंद्र कुमार, आदर्श पटेल, अंकिता, अर्चना मौर्या, सोनी यादव, लक्ष्मन समेत सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं व शिक्षणेत्तर कर्मचारी और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



विज्ञान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता में शामिल बच्चे। अमृत विचार

# नयी शिक्षा नीति के महत्व पर हुई चर्चा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिले के एमएलके पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में बुधवार को प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार व विभागाध्यक्ष डॉ आरके शुक्ल की अध्यक्षता मे एक अभिभावक शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमे महाविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्रों सहित विभिन्न अभिभावकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में छात्रों की कक्षाओं मे नियमित उपस्थिति, अनुशासन का महत्व, नवीन शिक्षा नीति का महत्व, वैश्वीकरण के परिपेक्ष्य मे अंग्रेजी का बढता महत्व,अंग्रेजी का प्रतियोगिता परीक्षाओं मे बढता महत्व सहित विषयों पर चर्चा की गई। विभागाध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान वैश्विक परिपेक्ष्य मे अंग्रेजी का ज्ञान रोजगार प्राप्ति की सम्भावना में वृद्धि करता है। विभागाध्यक्ष ने महाविद्यालय के भाषा लैब की जानकारी सभी छात्रों को दी व उनसे कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या मे इसका लाभ लें। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों को कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन अभय नाथ ठाकुर ने किया।इस कार्यक्रम में शिक्षक डॉ बीएल गुप्ता, अभयनाथ ठाकुर, डॉ श्रद्धा सिंह, अंकिता वर्मा, शिवम सिंह एवं छात्रों मे चन्द्राशु, रचित शुक्ला, दीपशिखा, इकरा, मो सोहेल ने अपने विचार व्यक्त किए। अभिभावको में अरविंद गुप्ता, निहारिका, उषा साहू, सूरज ने अपने विचार व्यक्त किए।



एमएलके पीजी कॉलेज में अभिभावक शिक्षक बैठक में शामिल लोग।

## एक नजर

### सम्पूर्णानंद संस्कृत विवि के नैक मूल्यांकन के लिए समीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। राज्यपाल ने नैक के सभी सातों मापदंड पर बिंदुवार कमेटी के सदस्यों से जानकारी ली। उन्होंने प्रस्तुतिकरण में व्यापक सुधार किए जाने के निर्देश दिए। मालूम हो कि विश्वविद्यालय इससे पूर्व के अपने नैक मूल्यांकन में 'ए' श्रेणी प्राप्त कर चुका है। इसकी वैधता वर्ष 2019 में समाप्त हो चुकी है।

### वेतन विसंगति दूर करने का दिया आश्वासन

अमृत विचार,लखनऊ : नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के एसीएस डॉ.देवेश चतुर्वेदी ने आश्वासन दिया कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट की वेतन विसंगतियों पर लोकसभा चुनाव से पूर्व निर्णय लिया जायेगा और केंद्र समान पदनाम भी परिवर्तित किया जाएगा। यह बात एसीएस ने बुधवार को मुलाकात करने आये राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उप्र के प्रतिनिधि मंडल से राज्य कर्मचारियों की मांगों को समझने के बाद कही है।

# 80 सीटें जीतने के संकल्प के साथ है आगे बढ़ना

## योगी बोले, अति आत्मविश्वास से बचना होगा, जनता के साथ संवाद और बूथों को मजबूत बनाना होगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** माहौल हमारे अनुकूल है और राम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और मजबूत करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है।

ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत 'मोदी की गारंटी' पेटिका अभियान की शुरुआत करने के दौरान कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित भाजपा नेताओं की मौजूदगी में योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत ''मोदी की गारंटी'' पेटिका को भाजपा कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।



कार्यक्रम के दौरान विकसित भारत प्रचार गाड़ी वाहन को झंडी दिखा कर रवाना करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। अमृत विचार

**बूथ जीते तो सब जीते**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, डॉ. धमेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, मीना चौबे, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. पुष्कर मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मौजूद रहे।

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान की शुरुआत की

### हम अपने हर संकल्प को पूरा करते हैं: भूपेन्द्र सिंह

लखनऊ। प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने यहां कहा कि हमारा कोई हिडेन एजेंडा नहीं, बल्कि हमारा हरदम ओपेन एजेंडा होता है। धारा 370 हो या राममंदिर का निर्माण, ये सभी बातें हमारे संकल्प पत्रों का हिस्सा रही हैं। हमारे सभी संकल्पों को मोदी-योगी के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है।

# 12 टेलीग्राम और तीन व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ पेपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर लीक किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ में साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है।

# लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलाबंदी, गुड्डू जमाली को लिया साथ

## आजमगढ़ लोस उपचुनाव में सपा की जीत में बने थे रोड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्रं यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता।

**आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डू का दिखा था दम:** गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया था जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।



सपा में शामिल होने के दौरान बसपा नेता गुड्डू जमाली के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह यादव व अन्य। अमृत विचार

### गुड्डू जमाली ने कहा-हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे।

### बागी विधायकों पर सपा नहीं करेगी कार्रवाई

लखनऊ। राज्यसभा चुनाव में सपा के सात विधायकों की भाजपा के लिए वोट करने के बाद पार्टी की तरफ से कोई कार्रवाई करने से फिलहाल सपा प्रमुख ने इंकार किया। उन्होंने उल्टा पत्रकारों से सवाल किया कि, ऐसे विधायकों को पार्टी से निकाल कर क्या आजाद कर दिया जाए? जो करना होगा विधानसभा स्तर से होगा। वहीं, सपा विधायक अभय सिंह के बारे में उन्होंने कहा कि, एक एजेंसी है एसटीएफ, उसके भय से भी कुछ पाला बदलने को मजबूर हुए। बाकी ने पैकेज डील की है। मैं भी देखता हूं भाजपा किसे, कितना, क्या देती है। यह भी कहा कि संघ और भाजपा की गोपनीय रणनीति जो मुझे बताते थे वे तो चले गए अब कौन अंदरखाने की बताएगा?

### इस बार संविधान मंथन होगा: अखिलेश यादव

लखनऊ, इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान मंथन होगा। अखिलेश ने कहा कि हमें खुशी है कि हमारा पीडीए परिवार बढ़ता चला जा रहा है। हम जितना परिवार बढ़ा लेंगे उतना ही भाजपा को हराने में सक्षम होंगे।

## क्रासवोटिंग करने वाले विधायकों का राजनीतिक भविष्य अभी साफ नहीं

अमृत विचार, लखनऊः सपा के जिन सात विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में खुलेआम क्रासवोटिंग की उनके राजनीतिक भविष्य की अभी तस्वीर साफ नहीं है। चर्चा इस बात की है कि कि सातों विधायक इस्तीफा देकर या तो फिर से चुनाव के मैदान में जाएंगे या फिर सपा उनकी विधानसभा सदस्यता रद कराएगी। माना जा रहा है कि विधानसभा में इन बागी विधायकों को एक अलग गुट के रूप में मान्यता मिल सकती है और सदन में सातो के सपा से अलग बैठने की भी व्यवस्था हो सकती है। वहीं, अगर इन विधायकों ने खुद ही अपनी सदस्यता से इस्तीफा दिया तो इन सात सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होगा।

# 48 लाख युवाओं के रुपयों से भाजपा लड़ेगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि 48 लाख युवाओं की रकम से भाजपा लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस भर्ती पर्चा लीक प्रकरण से भाजपा के पास करोड़ों का फंड आया है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के विधायकों ने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। पार्टी के विधायक पूरी मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़े रहे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के विधायक का राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करना यह स्पष्ट करता है कि बसपा भाजपा की 'बी' टीम बनकर कार्य रही है। पर्चा लीक प्रकरण पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा फार्म को भरने में लगभग 400 रुपये का खर्च आता है। इसके बाद परीक्षा की तैयारी व परीक्षा देने का खर्च अभ्यर्थियों को वहन करना पड़ता है, फिर पर्चा लीक हो जाता है। यह सरकार की असफलता है।





कांग्रेस कार्यलय में प्रेस वार्ता के दौरान नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य। अमृत विचार

▸▸ पेपर लीक से मिला करोड़ों का फंड: अजय राय

### गोंडा सीएमओ कार्यालय का घूस लेने वाला बाबू निलंबित

अमृत विचार,लखनऊ : रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए गोंडा सीएमओ कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक धर्मेश कुमार राय को निंलबित कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर निलंबन का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। मालूम होकि गोंडा सीएमओ कार्यालय में चिकित्सा प्रतिपूर्ति दिलाने के लिए 5000 रूपए रिश्वत लेने वाले बाबू को एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था। साथ ही आरोपी धर्मेश को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पीड़ित की शिकायत पर हुई थी, आरोप था कि वरिष्ठ सहायक धर्मेश राय घूस न मिलने के चलते पीड़ित को परेशान कर रहे थे। मामले को उप मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया और दोषी वरिष्ठ लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

# रजनीश दुबे बनाये गये राजस्व परिषद के अध्यक्ष

▸▸ 13 आईएएस अफसरों के तबादले

▸▸ डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का आवास आयुक्त बनाया गया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 13 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था।

आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। अभी तक वह एमडी जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनात थे। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है।

राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है।

रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व बनाए गए हैं। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है।

# निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहें शिक्षक: कमलाकांत

**पुरानी पेंशन बहाली**

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार।** अयोध्या जाते समय तरबगंज कस्बे में प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी हरि गोविंदन का जिलाध्यक्ष विनय तिवारी व तरबगंज ब्लाक अध्यक्ष बलवंत सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत त्रिपाठी ने कहा कि सभी लोग पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निर्णायक संघर्ष के लिए तैयार रहें। पुरानी पेंशन बहाली के लिए हड़ताल प्रस्तावित है। यदि सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल नहीं की तो रेलवे, पोस्टल सहित सभी आवश्यक सेवाओं को ठप कर दिया जाएगा। जिसमें देश के शिक्षक अग्रणी भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पी. हरि गोविंदन ने जिले के संगठन की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों द्वारा शिक्षक हितों के लिए किये जा रहे कार्यों पर उनकी पीठ थपथपाई और कहा कि जनपद गोंडा का संगठन राष्ट्रीय स्तर तक के संघर्षों में अग्रणी भूमिका में रहता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय काउंसलर अर्जुन सिंह, जिला सलाहकार डॉ.ध्रुव नारायण पांडेय, सहायक लेखाकार संदीप त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री दिनेश मिश्रा, उपाध्यक्ष स्मृति राय, ओनम देवी,अंजली सिंह, शिवकुमार गुप्ता, अनिल कौशल, राजेश यादव,अरविंद यादव, चंद्रदीप यादव,रमेश विश्वकर्मा, सूर्य प्रकाश सैनी,सुजीत गुप्ता,राहुल सिंह यादव, धर्मेंद्र, काली प्रसाद पांडेय, अंजनी तिवारी, रविनंदन सिंह, संतोष सिंह, ऋषिकांत सिंह, बालक राम, आनंद जायसवाल सहित सैकड़ो शिक्षक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर याद किए गए डॉ. सीवी रमन

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर गोष्ठी का आयोजन महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में हुआ। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने डॉक्टर सी वी रमन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अजीत सिंह ने डॉक्टर वेंकटरमन के प्रकाश के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया और कहा कि 28 फरवरी ही वह दिन है जब दुनिया भर में प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन ने अपनी खोज रमन इफेक्ट की घोषणा की थी। इस खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबल पुरस्कार मिला था। सीवी रमन के इस महान आविष्कार के सम्मान में भारत में प्रतिवर्ष 28 फरवरी का दिन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि आज के दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करना है इस दौरान उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में देश के प्रगति पर विस्तृत प्रकाश डाला।

इस अवसर पर डॉक्टर पवन प्रताप सिंह, सुग्रीव प्रसाद, उमेश चंद्रगुप्त, कुंवर संजीव सिंह, मोहम्मद यूनुस, विशाल वर्मा, रघुनाथ द्विवेदी, धीरेंद्र प्रताप सिंह, कुंवर भगवती सिंह, पंकज सिंह बाबा, विनोद कुमार, सुरेंद्र कुमार यादव, साधना सिंह, निहारिका कुशवाहा नीलिमा आदि के साथ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने वाली योजनाएं बनाई जाएं

**अमृत विचार,लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन बनाने के लिए पर्यटन विभाग को विशेष प्रयास करने होंगे। विदेशी पर्यटक प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा दिन रूके और भ्रमण करें, ऐसी योजनाएं बनायी जाएं। क्योंकि एक पर्यटक के आने से छह लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही होटल, टैक्सी व स्थानीय उत्पादों की बिक्री बढ़ती है। पर्यटन मंत्री, बुधवार को गोमती नगर स्थित पर्यटन विभाग में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे।

### तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस बदले

अमृत विचार, राज्य ब्यूरो। शासन ने बुधवार को तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। अमेठी के पुलिस कप्तान इलामारन जी. को मऊ के एसपी के पद पर भेजा गया है, जबकि एसपी तकनीकी सेवाएं अनूप कुमार सिंह को अमेठी का एसपी बनाया गया है।शासन से जारी सूची के मुताबिक मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को पीलीभीत का एसपी बनाया गया है, जबकि पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर का सेनानायक और आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है।

# प्रतिभागियों को विधायक अजय सिंह ने किया पुरस्कृत

**विज्ञान प्रतियोगिता**

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार।** बीआरसी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को सीवी रमन विज्ञान क्लब के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय ज्ञान विज्ञान क्विज तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि करनैलगंज विधायक अजय सिंह, नगर चेयरमैन वासुदेव सिंह, अतुल कुमार तिवारी डायट प्राचार्य ने पहुंचकर मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित पूजन व दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

शिक्षक अभय प्रताप सिंह ने अंधविश्वास दूर करने तथा विज्ञान विषय मे रुचि के बारे में चर्चा किया। परसपुर ब्लाक के सभी ग्यारह न्याय पंचायत से प्राथमिक व जूनियर स्तर के प्रतिभागी दो दो छात्र और निजी स्कूल के चार छात्रों को पुरस्कृत किया गया। करनैलगंज के विधायक अजय सिंह ने विजेता सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया।

विज्ञान क्विज में प्राथमिक स्तर पर प्रिंस मौर्य कंपोजिट स्कूल बसंतपुर, जूनियर स्तर पर अनुभव सिंह कम्पोजिट विद्यालय प्यौली प्रथम एवं करण प्रजापति कम्पोजिट विद्यालय प्यौली द्वितीय, अर्पिता सिंह खरथरी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी में आकृति सिंह प्राथमिक विद्यालय त्यौरासी प्रथम, खुशी शुक्ल द्वितीय, शिवम मौर्य यूपीएस बेलवा नोहर प्रथम, यूपीएस परसपुर के हर्ष ने द्वितीय हासिल किया। इस मौके पर ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, हरि किशोर सिंह, साधन कुमार मिश्रा, कल्पना सिंह समेत काफी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रही हैं।

## मम्मी सीम दे निशान मैं तो खाटू जावां गा ..

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार।** ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर में फागुन लगते ही श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम का गुणगान किया। मंगलवार की रात्रि मंदिर प्रांगण में बाबा श्याम के दरबार में ताली कीर्तन किया। खाटू धाम जाने के लिए दरबार में हाजिरी लगाई। भजन गायक पुनीत बंसल ने गाया, म्हाने खाटू में बुला लो बाबो श्याम, आयो मेलो फागनुयो ..ग़लती थारी हैं सरकार, फागुन दिखा दियो इक बार ग़लती थारी हैं ...छोटा छोटा हाथा से निशान चढावां गा, मम्मी सीम दे निशान मैं तो खाटू जावां गा. आदि भजनों की हाजिरी लगाई। इनके अलावा राजा शर्मा, आलोक भावसिंहका, अंकित लवी ने भी भजनों की हाजिरी लगाई। ताली कीर्तन रोज रात्रि 8 बजे से 9 तक एक घंटे की होगी। ये ताली कीर्तन पूरी फागुन माह होली तक चलेगी। भजन कीर्तन के दौरान श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, सुशील पचेरिया, विशाल बंसल, आशीष भाव सिंहका, गोविंद जालुका, सुप्रिया सिंघल, भावना सोमानी,अंशू पचेरिया, सारिका सोमानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पहले कराया हलाला, फिर तलाक देकर घर से निकाला

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला के साथ हलाला कराने और फिर उसे तलाक देकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। एसपी के आदेश पर खोंडारे पुलिस ने पीडिता की शिकायत पर आरोपी पति समेत 6 लोगों को खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

देहात कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला के मुताबिक सितंबर 2023 में उसका निकाह खोंडारे थाना क्षेत्र के रहने वाले तसौव्वर उर्फ बेचई के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ हुआ था। परिवार के लोगों ने अपने सामर्थ्य के मुताबिक दान दहेज भी दिया था लेकिन शादी के दूसरे दिन से ही उसका पति बाइक व एक लाख रुपये नकद की डिमांड करने लगा। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे प्रताडित किया जाने लगा। 10 दिसंबर को उसके पति ने मारपीट कर उसे तलाक दे दिया और घर से निकाल दिया। पीडिता का कहना है कि जब उसने इसकी शिकायत महिला थाने पर की तो खोंडारे पुलिस ने 18 दिसंबर को मामले में सुलह समझौता कराते हुए उसे वापस ससुराल भेज दिया।

एक जनवरी को उसके पति ने अपने भाई निजाम से उसका निकाह कराया। दो दिन तक वह निजाम के साथ रही। दो दिन बाद निजाम ने उसे तलाक दे दिया तो फिर से उसका निकाह तसौव्वर के साथ हुआ। पीडिता का कहना है कि इसके बावजूद ससुराल वालों की हरकतों में सुधार नहीं हुआ और 31 जनवरी को उसके साथ फिर से मारपीट कर उसे तलाक दे दिया गया तथा घर से निकाल दिया गया।


## कार्यालय नगर पंचायत नसीराबाद, जनपद रायबरेली

पत्रांक : 268/न0पं0नसी0/ई0ओ0–E-Tendring/2023–24 दिनांक – 28/02/2024

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पंचायत नसीराबाद जनपद रायबरेली द्वारा 15वां वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित निर्माण सम्बन्धी कार्यो को कराये जाने के बावत ठेकेदारों से प्रतिशत के आधार पर दिनांक 12/03/2024 को पूर्वान्ह 02:00 बजे तक डबल बिड आधारित (तकनीकी एंव वित्तीय बिड) ई–निविदाएँ उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेंट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदाओं की विस्तृत विवरण, निविदा शुल्क एवं नियम शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेंट की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगी। ई–निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाइट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी प्राप्त निविदा दिनांक 13/03/2024 को पूर्वान्ह 04:00 बजे नगर पंचायत नसीराबाद में अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय में खोली जायेगी। यदि निविदा की तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। कार्यो की निविदाओं की समय सारिणी निम्नानुसार है–

| क्र0 सं0 | नगर पंचायत नसीराबाद | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1– | Tender Release | | 28-02-2024 11:00 AM | |
| 2– | | Tender Download | 29-02-2024, 11.00AM | 12-03-2024 02:00 PM |
| 3– | | Bid Submission | 29-02-2024, 11.00AM | 12-03-2024 02:00 PM |
| 4– | Bid Opening Date and Place | | 13-03-2024 04:00 PM (Office of the Nagar Panchayat Nasirabad RBL) | |


**कार्य विवरण**

15 वाँ वित्त आयोग योजना

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 सहित) | 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर पंचायत नसीराबाद वार्ड नं0–02 डेला प्राथमिक विद्यालय कैम्पस में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 1314101.00 | 65705.00 | 1400.00 | एक माह |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत नसीराबाद, रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत नसीराबाद, रायबरेली





### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

### लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूं (आरआर 21) 2360-2800
गेहूँ (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मंसूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देसी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 12000-12500
मूंग खड़ा 10000-10500
मूंग दाल 10500-11000
मूंग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राजमा सफेद 13000-14000
राजमा काला 11500-12500
**तेल तिलहन**
अलसी 5310-5510
लाही 4800-5200
काली सरसों 4900-5300
पीली सरसों 5600-5800
तेल सरसों (15 ली) 1475-1900।

# जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी



देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

### कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

## एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम कार्ड्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

## अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान



देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550-47,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

## कारोबारी सुनील मित्तल को ब्रिटेन का मानद नाइटहुड सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय



दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

## बाजार में गिरावट से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये घटी

**नई दिल्ली।** बीएसई सेंसेक्स में बुधवार को बड़ी गिरावट के साथ निवेशकों की संपत्ति एक दिन में छह लाख करोड़ रुपये घट गई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,02,338.56 करोड़ रुपये घटकर 3,85,97,298.49 करोड़ रुपये पर आ गया। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तपसे ने कहा कि वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक सौदों के निपटान से पहले भारी बिकवाली दबाव देखने को मिला।

## देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा



भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है। बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

### अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

**नई दिल्ली।** भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।

# राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

#### बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

# विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

## हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छतीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

### हम पांच साल तक सरकार चलाएंगे: मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे। सुक्खू ने कहा, 'न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं।' उन्होंने कहा, 'जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है, वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते। सीआरपीएफ तैनात की गई थी। हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी। हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया।' यह पूछे जाने पर कि क्या मैजूदा स्थित भाजपा के ऑपरेशन लोटस से उत्पन्न हुई है या अपने लोग ही इसके लिए जिम्मेदार हैं तो सुक्खू ने कहा, 'कुछ गलतियां हुई होंगी और उन गलतियों के कारण कुछ कमियां रही होंगी।'

### बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

## शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

## मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

थूथुकुडी, एजेंसी

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

## असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

## आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

## अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

## राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

## झारखंड: जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

## वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश



विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा, ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

## राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

# भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी



बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विधान सौध (विधानसभा) के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने मंगलवार देर रात हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

*सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...*



### चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

### क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

### क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण


जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

### चिप निर्माण में ताइवान उभरा



ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

### निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल



तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3.48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

### आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

## एक नजर



### ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

### हूती विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने वाले पाकिस्तानी को अमेरिका में जेल

**वाशिंगटन।** यमन में हूती विद्रोहियों के लिए ईरान निर्मित मिसाइल के घटकों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान व पाकिस्तानी नागरिक को मंगलवार को अमेरिका में मुकदमा लंबित रहने तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। उस पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश व अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है। अमेरिका की एक अदालत ने आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है।

### कोर्ट ने राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था। न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।



### दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

**सोल।** दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

# सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

## मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।



मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

### चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना



**माले।** चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन:पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।

## खैबर पख्तूनख्वा में विधायकों ने ली शपथ इमरान बनाएंगे सरकार




**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी।

बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान आज को होगा।

# दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी




विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

### देश में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा। लेकिन 18 महीने के भीतर हमने 2020 में महामारी के दौरान न केवल अपना ख्याल रखा बल्कि 100 देशों को वैक्सीन भी मुहैया कराई।

## भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय मुद्दो पर चर्चा हुई।

### संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास...





**बीकानेर:** महाजन फायरिंग रेंज में भारत और जापान की सेना में संयुक्त युद्धाभ्यास 'धर्म गार्डियन' जारी है। दोनों देश के सैनिक हथियारों की तकनीक साझा कर रहे हैं। सैनिकों ने रेंज के धोरों पर टैंक दौड़ाए। यह युद्धाभ्यास 9 मार्च तक चलेगा। जापान का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फेन्ट्री और भारत का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की बटालियन कर रही है। ● एजेंसी

# खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है।

## बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत



**भुवनेश्वर।** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

# आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएन महासचिव ने पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार पर जताई चिंता

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अंतर्राष्ट्रीय्र शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है।

खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। कई सदस्य देशों का कहना है कि अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकी ग्रुपों की वजह से क्षेत्र में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। कई सदस्य देशों ने पुष्टि की, कि सनाउल्लाह गफारी अब भी जीवित है और आईएस का नेता बना हुआ है, जो कथित तौर पर कुनार प्रांत में स्थित है। इसमें कहा गया है कि संभवतः कुनार में जमात-उल-अहरार प्रशिक्षण केंद्र से बाहर निकलते समय गफारी को निशाना बनाया गया, जिससे संभवतः वह घायल हो गया था। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य रिपोर्ट में कहा था- पहले जहां इसके पास 2200 लड़ाके थे वहीं यह संख्या बढ़कर 4000 हो गई है।

**विज्ञान** एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

# बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।


राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।


### देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

# मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

- 5 मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव



अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।